रांची
बुधवार
02.11.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 09
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
पेड़ के नीचे रखी ईश्वर की टूटी मूर्ति को देखकर समझ आया, चाहे कुछ भी हो जाये कभी खुद को टूटने नहीं देना है, वरना ये दुनिया टूटने पर भगवान को घर से निकाल सकती है, तो फिर हमारी औकात ही क्या है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-266 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

### मुख्यमंत्री ने कांटाटोली-कोकर फ्लाईओवर निर्माण कार्य का लिया जायजा, अधिकारियों को निर्देश

## तय समय पर निर्माण कार्य करें पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कांटाटोली चौक पहुंचकर योगदा सत्संग आश्रम-कांटाटोली-कोकर फ्लाईओवर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लिया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि योगदा सत्संग आश्रम से कांटाटोली चौक होते हुए कोकर के शांति नगर तक बननेवाले इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य में समयबद्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। राज्य की राजधानी रांची में आवागमन की सुविधा सुलभ करना हमारी प्राथमिकता है। लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर का शुभारंभ होना आवश्यक है। फ्लाईओवर निर्माण कार्य में यदि कोई बाधा आ रही है तो निर्माण कार्य करनेवाली कंपनी तथा जुडको राज्य सरकार के साथ तत्काल समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लायें। मुख्यमंत्री ने जुडको के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 30 नवम्बर 2022 तक भू-अर्जन तथा पेट्रोल पंप एवं अन्य अतिक्रमण संबंधित सभी प्रक्रिया का निपटारा कर लें। इसी प्रकार विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य 15 दिसम्बर 2022 तक पूरी कर ली जाये ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की रुकावट न हो। मुख्यमंत्री निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के दौरान लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े इसका पूरा ख्याल रखें। अच्छे डायवर्सन रोड का निर्माण करें ताकि वाहनों के आवागमन कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कांट्रेक्टर कंपनी के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान जाम से मुक्त कराने के लिए कांटाटोली जहां-जहां जंक्शन की आवश्यकता हो वहां जंक्शन भी बनायी जाये। फ्लाईओवर निर्माण के समय सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें। सुरक्षा मानकों में किसी तरह की कोताही न बरती जाये। मुख्यमंत्री ने रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में बालू की कमी न हो यह सुनिश्चित करें।

■ भू-अर्जन, विद्युत पोल शिफ्टिंग, अतिक्रमण सहित अन्य बाधाओं को जल्द दूर करने का निर्देश



### मुख्यमंत्री ने कार्य प्रगति की प्रेजेंटेशन देखी

**फ्लाईओवर** निरीक्षण से पहले कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जुडको एवं कांट्रेक्टर कंपनी एमएस दिनेश चंद्र आर. अग्रवाल इंफ्राकोन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष कार्य प्रगति से संबंधित प्रेजेंटेशन रखकर हर पहलुओं पर विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं से कार्य पर कोई बाधा उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित कर तेज गति से कार्य करें। राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों को समय पूरा करें यही होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबूबकर सिद्दीख, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, जुडको एवं कांट्रेक्टर कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण शुरू

■ मुख्यमंत्री आज साहेबगंज में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल
■ योजनाओं से वंचित लोगों को मिल रहा उनका अधिकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण एक नवम्बर से शुरू हो गया। अभियान 14 नवम्बर को समाप्त होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दूसरे चरण के अभियान के दौरान दो नवम्बर को साहेबगंज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को योजनाओं से आच्छादित करेंगे। साहेबगंज में मुख्यमंत्री कुल 10,481 लाख रुपये की 14 योजनाओं का शिलान्यास एवं नौ योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी होगा। मालूम हो कि पहले चरण के अभियान में 21 लाख से अधिक आवेदन विभिन्न शिविरों में प्राप्त हुए, जिनमें से 15 लाख से अधिक आवेदन का निष्पादन कर दिया गया है। शेष आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। प्रथम चरण के अभियान में सरकार की प्राथमिकता की योजनाओं के लिए 12 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से आठ लाख से अधिक आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित हुआ।

**लोगों को मिल रहा योजना का लाभ :** विगत वर्ष सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 नवम्बर 2021 से 28 दिसम्बर 2021 तक पूरे राज्य में आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसकी सफलता और लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कारगर माध्यम बनाने के उद्देश्य से फिर से अभियान की पुनरावृत्ति आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से हुई है। जिसके तहत लोगों को योजनाओं का लाभ देने में सरकार सफल हो रही है और जरूरतमंद अपने अधिकार के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं। यह अभियान उन व्यक्तियों को समर्पित है, जो पूर्व के अभियान में योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये थे।

### समस्याओं का समाधान और परिसंपत्ति का होगा वितरण




**अभियान** से सरकार की योजनाएं जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, हरा राशन कार्ड, छात्रवृत्ति योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री दूसरे चरण के अभियान में भी विभिन्न जिलों में आयोजित शिविर का निरीक्षण करेंगे, ताकि लोगों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

### सांसद संजय सेठ ने रातू रोड में निर्माणाधीन एलीवेटेड रोड की प्रगति का लिया जायजा



**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को रातू रोड में एलीवेटेड रोड के निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान श्री सेठ ने कहा कि यह रांचीवासियों का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो अब पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य की गति काफी तेज है और ऐसा लगता है कि निर्धारित अवधि से पहले यह पूरा हो जायेगा। रांची सांसद ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता बहुत ही अच्छी है और इसमें अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लोगों की संपत्ति का नुकसान नहीं हो, यह प्रयास किया जा रहा है। सांसद के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने गोपाष्टमी की दीं शुभकामनाएं

**कोडरमा।** केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को गोपाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि गोवंश और गोपालकों के प्रति भारतीय सनातन संस्कृति की असीम श्रद्धा का यह प्रतीक पर्व है।

### तीन जिंदा बम बरामद

**रांची।** रांची के नगड़ी में बम से दहशत फैलाने की साजिश को रांची पुलिस ने नाकाम करते हुए तीन जिंदा बम को बरामद किया जिसे बाद में डिफ्यूज कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

### ईडी जोनल ऑफिस ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए पुलिस मुख्यालय को लिखा पत्र

**रांची।** राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। ऐसे में ईडी ने राज्य पुलिस मुख्यालय को एक पत्र भेज कर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। ईडी ने हालिया कार्रवाईयों के बाद बड़ी कार्रवाई की तैयारी की है, ऐसे में पुलिस मुख्यालय को मंगलवार को एक पत्र भेजा गया है। इस पत्र के जरिये पुलिस बलों की मांग की गयी। पुलिस मुख्यालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने ईडी के पत्र मिलने की पुष्टि की है। वहीं, बताया जा रहा है कि ईडी ने सीआरपीएफ को भी पत्र लिखा है, ताकि पुलिस सुरक्षा मुहैया नहीं होने पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जा सके।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा ने की मुलाकात

## जमीन और घर उपलब्ध करायेगी राज्य सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा ने मुलाकात की। सुजीत मुंडा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आगामी चार दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2022 तक आयोजित होनेवाले ब्लाइंड क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के लिए उनका चयन टीम इंडिया में हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा को ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर सुजीत मुंडा को क्रिकेट किट भी प्रदान किया।

■ मुख्यमंत्री ने सुजीत मुंडा को क्रिकेट किट किया प्रदान



**जमीन और घर देगी राज्य सरकार :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा को रांची में जमीन तथा उक्त जमीन पर घर देने का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने सुजीत मुंडा से कहा कि राज्य सरकार आपके बच्चों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठायेगी। आपके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले यह राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। नयी खेल पॉलिसी के तहत स्कॉलरशिप एवं कैश अवार्ड का प्रावधान है, इसका लाभ आपको मिले इस निमित्त निर्देश दे दिया गया है। इससे पहले बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा एवं उनकी अनीता तिग्गा ने कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना कोई घर नही है, वर्तमान में भी मौसीबाड़ी, जगन्नाथपुर क्षेत्र में रहकर किसी तरह जीवन-यापन करते हैं तथा उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव राज्य सरकार की ओर से मदद देने का भरोसा दिया है।

### देश के अगले रक्षा सचिव होंगे आईएएस गिरिधर अरमाने, ग्रहण किया पदभार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी नौकरशाह गिरिधर अरमाने ने मंगलवार को नये रक्षा सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब सरकार तीनों सेवाओं के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अरमाने 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं और आंध्र प्रदेश कैडर से आते हैं। अपने मौजूदा पदभार से पहले अरमाने सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय में सचिव थे। पदभार संभालने से पहले अरमाने ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पचक्र रखकर वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि हम इन बहादुरों से प्रेरणा लेते हैं और भारत को एक सुरक्षित और समृद्ध देश बनाने के उनके सपने को पूरा करने की दिशा में काम करने का वादा करते हैं। अरमाने ने अजय कुमार की जगह ली है जो सोमवार को सेवानिवृत्त हो गये। एक आईएएस अधिकारी के तौर पर अपने 32 सालों के कार्यकाल के दौरान अरमाने ने केंद्र सरकार और आंध्र प्रदेश सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया।



## ईवीएम से चुनाव चिन्ह हटाकर दी जाये उम्मीदवार की जानकारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मतपत्रों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से चुनाव चिह्न हटाकर उम्मीदवार की जानकारी रखने संबंधी जनहित याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। जनहित याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने की मांग की गयी थी कि मतपत्रों और ईवीएम से राजनीतिक दल के चुनाव चिह्न हटाये जायें और उसकी जगह उम्मीदवारों की उम्र, शैक्षणिक योग्यता की जानकारी दी जाये और तस्वीर लगायी जाये। चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय निर्वाचन आयोग या अन्य प्राधिकारों के समक्ष इस विषय को लेकर जा सकते हैं और वे इस पर विचार कर सकते हैं। याचिका में कहा गया कि इस कदम से मतदाताओं को कुशल, परिश्रमी और ईमानदार उम्मीदवारों को वोट देने में मदद मिलेगी और टिकट वितरण में राजनीतिक दलों के आकाओं की तानाशाही को रोका जा सकेगा।

■ सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका



### गुजरात चुनाव से पहले केंद्र का बड़ा फैसला

## पड़ोसी देशों से आकर राज्य में बसे अल्पसंख्यकों को मिलेगी नागरिकता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता को लेकर बड़ा फैसला किया है। गुजरात के दो जिलों आणंद और मेहसाणा में रह रहे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता दी जायेगी। गृह मंत्रालय ने इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है।

**नागरिकता कानून 1955 के तहत सिटीजनशिप :** केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आनेवाले और इस समय गुजरात के आणंद और मेहसाणा जिलों में रह रहे हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई लोगों को नागरिकता कानून 1955 के तहत भारतीय नागरिकता दी जायेगी। ये लोग लंबे समय से गुजरात में शरणार्थी के रूप में रह रहे थे।

**देश के नागरिक का प्रमाण पत्र दिया जायेगा :** गृह मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6 के तहत और नागरिकता नियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार इन सभी को भारत के नागरिक के रूप में पंजीकरण की अनुमति दी जायेगी या उन्हें देश के नागरिक का प्रमाण पत्र दिया जायेगा।



### ऑनलाइन जमा करने होंगे आवेदन

**अधिसूचना** में ये भी कहा गया है कि गुजरात के इन दो जिलों में रहनेवाले ऐसे लोगों को अपने आवेदन ऑनलाइन जमा करने होंगे, जिनका वेरिफिकेशन जिला स्तर पर कलेक्टर की ओर से किया जायेगा। आवेदन और उस पर रिपोर्ट एक साथ केंद्र सरकार के लिए ऑनलाइन उपलब्ध करायी जायेगी। कलेक्टर जरूरी समझने पर आवेदक के नागरिकता पाने के लिए उपयुक्त होने को लेकर किसी भी तरह की जांच कर सकते हैं। गौरतलब है कि 2019 में पारित सीएए (सीएए) में भी तीनों देशों के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का प्रावधान है। हालांकि, सीएए अभी तक लागू नहीं किया गया है, क्योंकि इसके तहत नियम बनाये जाने बाकी हैं, इसलिए इसके तहत किसी को अभी नागरिकता नहीं दी जा सकती।

## क्या इंसान जानवरों, कीट-पतंगों से कर सकेगा बात

### जर्मन वैज्ञानिकों की एक टीम एआई की मदद से मधुमक्खियों, हाथियों की लो-फ्रीक्वेंसी आवाजों को लगी है पहचानने

**- आरएएनएम**

**नयी दिल्ली।** जर्मनी के वैज्ञानिकों की एक टीम ने कीड़े, मक्खियों, जानवरों के आवाज को डिकोड करना सीख लिया है। वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से मधुमक्खियों के डगमगाने और हाथियों की लो-फ्रीक्वेंसी आवाजों को पहचान रहे हैं। इससे यह संभावना बढ़ती जा रही है कि और शोध होने पर इंसान इस क्षेत्र में पारंगत होने के बाद कीट-पतंगों, जानवरों से बात भी कर सकेंगे और उन्हें नियंत्रित भी कर सकेंगे। यह भी हो सकता है कि जानवरों से बात करनेवाली एआई टेक्नोलॉजी को आगे जाकर रोबोट्स में लगाया जा सकता है, जो दो प्रजातियों के बीच के कम्युनिकेशन को बढ़ावा देंगे। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी कामयाबी है, मगर यह कुछ जरूरी नैतिक सवाल भी खड़े करती है। इससे यह भी हो सकता है कि इस नयी तकनीक की मदद से इंसान के दिमाग में जंगली जानवरों को कंट्रोल करने या फिर उनके जीवन के साथ हेरफेर करने की भावना आ सकती है। इंसान अब तक जंगली जानवरों को पूरी तरह पालतू नहीं बना पाये हैं, लेकिन इन्हें डोमिनेट करना हमारा मकसद बन सकता है। 2018 में जर्मनी की डेहलम सेंटर फॉर मशीन लर्निंग एंड रोबोटिक्स ने एक रोबो-बी बनाई थी, जो मधुमक्खियों के जैसे ही डगमगा सकती है। इन जीवों के लिए एक-दूसरे से बात करने का यही मुख्य तरीका है।

### एक एक्सपेरिमेंट में रोबोट को छोड़ा गया था असली मधुमक्खियों के बीच



**एक** एक्सपेरिमेंट में रोबोट को असली मधुमक्खियों के बीच छोड़ा गया था। रोबोट मधुमक्खियों को कंफ्यूज करने में कामयाब रहा था। उसके मूवमेंट्स को जीवों ने फॉलो किया और छत्ते में कहां जाना है, उसकी यह बात भी मानी। बैकर का मानना है कि हम मधुमक्खियों के घरों पर कब्जा कर सकते हैं, जिससे उनकी प्रजाति को हानि पहुंच सकती है। इसी तरह का प्रयोग व्हेल्स पर भी किया जा रहा है। अक्टूबर 2021 में स्पर्म व्हेल से बात करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने प्रोजेक्ट सीईटीआई लॉन्च किया। जिसके तहत इंसानी भाषा को व्हेल्स की भाषा से जोड़ा जायेगा। यह प्रयोग पांच वर्ष तक चलनेवाला है। उसके बाद उसके प्रगति के आधार पर एक रोबो व्हेल बनाकर उसे असली व्हेल से बात करने समुद्र में छोड़ा जायेगा।

## सप्ताह में एक बार 10 मिनट सघन कसरत करें या दौड़ें, तो जी सकते हैं लंबा जीवन

**- आरएएनएम**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी में हुए एक शोध के अनुसार कोई सामान्य स्वास्थ्य वाला व्यक्ति यदि हर सप्ताह मात्र 10 मिनट तेजी से कसरत करे या दौड़े, तैराकी करे, पहाड़ पर साइकिल चलाये, तेजी से सीढ़ियां चढ़ें (जिसमें सांस तेज हो) तो आप स्वस्थ रहते हुए लंबा जीवन जी सकते हैं। शोधार्थियों की टीम ने यूके बायो बैंक से 40 से 69 के बीच उम्र के लगभग 70 हजार ऐसे लोगों का जिन्हें कैंसर या दिल की बीमारी नहीं थी, के डेटा का विश्लेषण किया। इस शोध में शामिल सभी लोगों को एक गतिविधि मापक ट्रैकर पहनने को कहा गया। इससे उनके शारीरिक गतिविधि की सप्ताह भर की जानकारी इकट्ठा की गयी। इन सभी की शारीरिक गतिविधि को सात वर्ष तक फॉलो किया। इस दौरान उनकी फुर्तीली कसरत, कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां और मृत्यु की संभावना के बीच के संबंध पर नजर रखी गयी। इस शोध के नतीजे में आया कि आराम से कसरत करने या दौड़ने के बजाय जोरदार कसरत करने या दौड़ने से लोगों की सेहत में सुधार होता है। इसके अनुसार आप कम समय के लिए तेजी से कसरत करेंगे तब भी आपको फायदा होगा। शोध में जिन लोगों ने बिल्कुल कसरत नहीं की, उन्हें अगले पांच साल में मरने का जोखिम चार प्रतिशत कम था। जबकि सप्ताह में 10 मिनट फुर्तीली कसरत करनेवालों में यह खतरा दो प्रतिशत और 60 मिनट कसरत करनेवालों में एक प्रतिशत पाया गया।



## न्यूज गैलरी

### लड़की के साथ छेड़छाड़ मामला सामने आने पर पीड़िता को पुलिस ने अपने संरक्षण में लिया

**चान्हो।** चान्हो थानांतर्गत ग्राम चामा चंडी स्थान के पास एक निमार्णाधीन मकान में कुछ लड़कों के द्वारा एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की सूचना पाकरचान्हो थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को अपने संरक्षण में ले लिया। परंतु घटना में संलग्न लड़के वहां से फरार होने में सफल रहे। तत्पश्चात स्थानीय स्तर पर सूचना संकलित करते हुए आज तक लगातार छापेमारी करते हुए घटना में शामिल तीनों अभियुक्त 1.पंकज सतनामी, पेङ्ग विजय सतनामी 2.अनूप उरांव उर्फ वरुण पेङ्ग किशुन उरांव, दोनो साङ्ग मोहन नगर डकरा, थाना खलारी 3. नीरज मुंडा, पेङ्ग छोटन मुंडा, साङ्ग चंडी स्थान थाना चान्हो, सभी जिला रांची को गिरफ्तार किया गया है।जिन्हे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### महिला के साथ छेड़छाड़ मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल



**चान्हो।** महिला के साथ छेड़छाड़ मामले में फरार चल रहे अभियुक्त चामा निवासी सोनू अंसारी उर्फ ताहिर को चान्हो पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रांची स्थित जेल भेज दिया गया जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि 14/03/2022 को अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी अपराधी के फरारी के उपरांत न्यायालय से वारंट जारी था जिस पर अग्रसर कार्यवाही करते हुए सोनू के गिरफ्तारी के बाद आज जेल भेजा दिया गया।

### मृतकों की आत्मा शांति के लिए आज चर्च और कब्रिस्तान में विशेष अनुष्ठान

रांची । दीपावली और छठ के बाद अब ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा मृत विश्वासियों का पर्व मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष 2 नवंबर को सभी मृतकों की आत्मा शांति के लिए विशेष अनुष्ठान चर्च और कब्रिस्तान में किया जाता है। रोमन कैथोलिक चर्च के ईसाई 2 नवंबर के लिए सभी कब्रों की लिपाई पुताई कर सफेद रंग से कब्रों को रंगा जाता है। प्रत्येक वर्ष 1 नवंबर को सभी संतों का पर्व कैथोलिक विश्वासी मनाते है। उनका मानना है कि दूसरों की भलाई करते हुए जिनकी मौत होती है और खीस्तीय धर्म के अनुसार जिनकी जिंदगी परोपकारिता में गुजरती है। वैसे व्यक्ति मृत्य के बाद स्वर्ग में संतों की संगति में होते हैं। इसलिए प्रत्येक वर्ष संतों के पर्व के बाद 2 नवंबर को सभी मृतकों की आत्मा की अनंत शांति के लिए विशेष मिस्सा पूजा किया जाता है जिससे मृतकों के पापों को पिता परमेश्वर क्षमा प्रदान करे और उनकी आत्मा को चिर शांति मिले इसके लिए सभी मृतकों के परिजन प्रार्थना करते हैं। कब्र पर्व के अवसर पर सभी कब्रों को फूल माला से सजाया जाता है। साथ ही अगरबत्ती और मोमबत्ती जलाकर मृतकों के लिए दुवाएँ मांगी जाती हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेड़ो लोहरदगा सड़क पर पांडेपारा मोड़ के पास अज्ञात चार पहिया वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर जिप सदस्य बेड़ो पश्चिमी बेरोनिका उरांव ने तत्काल 108 की मदद से बेड़ो अस्पताल भेजवाया। घायलों की पहचान बुधेश्वर उरांव पिता बंधनु उरांव और सुनील उरांव पिता तुरिया उरांव उम्र दोनों की 22 वर्ष है। जो ग्राम आताकोरा थाना भरनो जिला गुमला निवासी है। वे संध्या सवा पांच बजे के लगभग बेड़ो बुदकू टोली मेहमानी आ रहे थे ।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम प्रांतीय अधिवेशन में राज्यपाल से सम्मिलित होने का आग्रह

रांची । राज्यपाल रमेश बैस से मंगलवार को पूर्व सांसद महेश पोद्दार के नेतृत्व में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का एक शिष्टमंडल राज भवन में मिला तथा संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल को शिष्टमंडल द्वारा झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम प्रांतीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु आग्रह किया गया।

# पुलिस ने कवाली से देर रात 18 जुआरियों को पकड़ा, 54 हजार नगद के साथ दो कार बरामद




**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र के बड़ा कवाली में देर रात अवैध रूप से जुआ खेल रहें 18 लोगों गिरफ्तार किया है। सभी के पास से करीब 54 हजार रुपए नगद, छह मोटरसाइकिल, एक स्विफट डिजायर कार व एक अर्टिगा कार को बरमाद किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को नामकुम थाने में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी कमल किशोर के गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थान में जुआ चल रहा है। सूचना के अधार पर मुख्यालय प्रथम के नीरज कुमार के नेतृत्व में थानेदार सुनील तिवारी, सब इंस्पेक्टर अकाश कुमार, अनिमेष शांतिकारी, रवि केशरी छापेमारी दल ने अवैध रूप से जुआ खेल रहें 18 अभियुक्तों व गाड़ी को थाने ले आई है।

**18 आरोपियों के नाम :** पकड़े गए अभियुक्तों में रवि कुमार दत्ता (32), टाटीसिलवे के सीधाटोली, रोहित कुमार(20), कुटियातु तेतरी, अनमोल जेवियर लिण्डा (27), खिजरी पुटक टोली, मनोज कच्छप (36) व अजय कच्छप (30) दोनो बड़ाम जाराटोली, रोहित लकड़ा, (33) बड़ा कव्वाली, नीरज रोहित लकड़ा (29),राजाउलातु निचे टोली, प्रकाश उरांव उम्र (24), सदर बांधगाड़ी, तैरास लकड़ा डोरण्डा के छोटा धाधरा, रोहित तिर्की, सुजीत कुमार सिंह सभी बड़ा कव्वाली, अंकित सौरभ तिर्की, तेतरी टोली डिवाईन नगर, अमित कच्छप, बड़कुम्बा सड़कटोली, राजेश टोप्पो बड़ाम जाराटोली, अजित टोप्पो, बड़कुम्बा जाराटोली, रौशन कच्छप बड़ा कवाली, राजमोहन तिर्की टाटीसिलवे महिलौंग व जयंत फ्रांसिस कच्छप छोटा घाघरा के निवासी है।

## बेड़ो में लैपटॉप, साइकिल व दो गैस सिलेंडर की चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के साईं मंदिर रोड अंबाटोली निवासी विद्या सागर पब्लिक स्कूल के निदेशक व आरएसएस के कार्यकर्ता के घर सोमवार की रात को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने उनके घर को निशाना बनाते हुए कई घरेलू समानों में एक लैपटॉप,एक साईकिल,एक खाली व एक भरा सिलिंडर की चोरी कर लिया। इधर घटना की जानकारी भुक्तभोगी राजेश्वर सिंह ने बेड़ो पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात वे और परिवार के सदस्य रात में खाना खाकर सो गए थे। वहीं देर रात खिड़की के सहारे चोरों ने घर में प्रवेश कर घर में व आंगन में रखा हुआ एक साईकिल और दो गैस सिलेंडर अपने साथ चोरी कर ले भागे। इधर भुक्तभोगी परिवार ने अपने घर में हुए चोरी को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध बेड़ो थाना में मामला दर्ज कराया है।

### रामपुर में सोहराई जतरा पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

## झारखंड में खिलाड़ियों की कमी नहीं अवसर की जरूरत : रामाअवतार



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम के रामपुर में सोहराई जतरा के अवसर पर मंगलवार को फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख आशा कच्छप, जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, मुखिया सरस्वती देवी, रीता होरो उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रतियोगिता के शुभारंभ में सभी खिलाड़ियों को आथियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामावतार केरकेट्टा ने कहा कि झारखण्ड के गांव के सुदूवर्ती क्षेत्रों में खिलाड़ियों के प्रतिभा की कमी नही हैं, सिर्फ जरूरत है कि उन्हें अवसर मिले। वहीं इस प्रतियोगिता के माध्यम से ही अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मी कुमारी, मुखिया नन्हे कच्छप, शिवचरण कच्छप, शांति बेक, कल्याण लिंडा, ग्राम प्रधान लक्ष्मण लकड़ा अन्य लोग उपस्थित थे।

## बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमिटी का चुनाव 13 को, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमिटी का चुनाव आगामी 13 नवंबर होगा। इसके लिए सारी आवश्यक तैयारी पूरी की जा रही है। शांतिपूर्ण व्यवस्थित व निष्पक्ष ढंग से मतदान कराने को लेकर चुनाव सदारत कमिटी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति चुनाव सदारत प्रभारी अमन राज तथा नौसाद असरफ को जिम्मेवारी सौंपी गई है। पूरा चुनाव सदारत कमिटी की देखरेख में ही संपन्न होगा। चुनाव को लेकर सदारत कमिटी की विषेश बैठक पिछले 8 अक्टूबर को संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव से संबंधित विभिन्न एजेंडों को शामिल करते हुए। चुनाव मुद्दों पर अमल करने का आह्वान किया किया। मुख्यत चार पदों के लिए होने वाले चुनाव के लिए चुनाव सदारत कमिटी द्वारा निर्धारित मापदंडों का अनुपालन करना सभी अभ्यर्थियों को अनिवार्य होगी। एक नजर इधर निर्धारित मापदंड के अनुसार चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 35 वर्ष तथा अधिकतक उम्र 65 वर्ष निर्धारित किया गया है।

नामांकन फार्म बिक्री की तारीख 1 से 5 नवंबर संध्या 4 बजे तक

नामांकन फार्म दाखिल करने की प्रक्रिया 5 से 6 नवंबर संध्या 4 बजे तक

नामांकन वापसी की तारीख 8 नवंबर दिन के दो बजे तक।

चुनाव चिन्ह आवंटन 8 नवंबर 2:30 बजे से वहीं वोटिंग 13 नवंबर को सुबह 8:30 बजे से 3:30 बजे तक करवाया जाएगा । साथ ही वोटिंग का रिजल्ट भी 13 नवंबर को ही जारी किया जाएगा।सदर पद सेक्रेट्री, खजांची, व जेनरल सेक्रेट्री, इन सभी पदों के लिए नामांकन शुल्क 200 रुपया निर्धारित किया गया है जो किसी भी कैंडिडेट को नगद देय होगा।

## दिवंगत जेजे ईरानी का हुआ अंतिम संस्कार

**रांची ।** टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक पद्म भूषण दिवंगत डॉक्टर जे जे ईरानी का मंगलवार को जमशेदपुर के पार्वती घाट पर अंतिम संस्कार किया गया । इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास समेत कई लोग उपस्थित थे । इस दौरान उन्होने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि 86 वर्षीय टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक पद्म भूषण डॉक्टर जे जे ईरानी का सोमवार को टाटा मुख्य अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था । वह लंबे समय से बीमार थे। वह अपने पीछे पत्नी डेजी ईरानी समेत तीन संतान जुबीन, नीलोफर और तनाज को छोड़ गए। 2 अक्टूबर को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था ।सोमवार रात 10:00 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली ।उनकी मौत की सूचना से टाटा स्टील और कारपोरेट जगत में शोक की लहर फैल गई।

## गोपाल नाम ब्रह्मा तन में अलौकिक जन्म लेने वाले पुनर्जन्मरहित परमात्मा शिव का है : निर्मला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गीता के भगवान शिव अवतरित होते हैं तो वह एक रूद्र गीता-ज्ञान-यज्ञ अथवा मनुष्य गौशाला खोलते हैं जिसमें समर्पित मनुष्यात्मा रूपी गऊओं का लालन-पालन व ज्ञानामृत पिलाकर अथवा ज्ञान-रूपी घास-पात खिलाकर करते हैं और कामधेनू के समान परोपकारी बनाते हैं-ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय केन्द्र चैधरी बगान, हरमू रोड रॉची की केन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने व्यक्त किया। उन्होंने आगे स्पष्ट करते हुए कहा कि गोपाल नाम ब्रह्मा तन में अलौकिक जन्म लेने वाले पुनर्जन्मरहित परमात्मा शिव का है। शास्त्रों में ब्रह्मा की इन्हीं गऊओं का गायन है। भगवान शिव से ईश्वरीय ज्ञान के अति गुह्य और गोपिओं के रहस्यों को सुनने वाले उन सौभाग्यशाली नर-नारियों को ही गोप और गोपियॉ कहा गया है। इनके परमपिता अथवा गोपीवल्लभ भगवान शिव ही हैं। श्रीकृष्ण तो देहधारी देवता थे, उन्हें परमात्मा नहीं विश्व महाराज कुमार कहते हैं। इसी प्रकार गोकुल नाम परमात्मा शिव की प्रजापिता ब्रह्मामुखबंशावली गोप-गोपियों के सच्चे ब्रह्माण कुल मनुष्यात्मा रूपी गऊओं के कुल या सम्प्रदाय का ही है। उसी प्रकार मुरली अथवा बंसी नाम भगवान शिव के ब्रह्मामुख कमल से सुनाये जाने वाले ब्रह्माण्ड और सृष्टि के आदि मध्य-अन्त के सत्यज्ञान अथवा गीता-ज्ञान का ही है। इस आध्यात्मिक ज्ञान-मुरली को सुनकर गोप-गोपियॉ कोई शारीरिक नृत्य करने नहीं लग पड़ती थीं किन्तु परमात्मा द्वारा सतयुगी सृष्टि के अपार सुखों का वर्णन सुनकर उन्हें कलियुग के अपार दुःखों की सुध-बुध भुल जाती थी और उनका मन खुशी से नाच उठता था। इसिलिए कहावत भी है-यदि अतीन्द्रिय सुख पुछना हो तो गोपीवल्लभ के गोप-गोपियों से पुछो, स्पष्ट है।

## भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन का वर्चुअल बैठक सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संगठन सशक्तिकरण की समीक्षा एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों, मंत्रियों, जिला संयोजकों, जिला अध्यक्षों, भारत जोड़ो यात्रा नियंत्रण कक्ष के संयोजक, प्रदेश प्रवक्तागण वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पाण्डेय सिंह, भारत जोड़ो यात्रा नियंत्रण कक्ष के संयोजक केशव महतो कमलेश, जिला संयोजक अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ0 एम0 तौसीफ, आभा सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, मोर्चा संगठन प्रभारी रवीन्द्र सिंह, कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो सहित सभी जिलाध्यक्ष शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन सोशल मीडिया के प्रदेश चेयरमैन गजेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एवं संगठन सशक्तिकरण को लेकर कई कार्यक्रम तय किये गये थे, जिसके तहत 10 अक्टूबर तक प्रखण्ड एवं मंडल कमिटी का गठन कर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को भेजना है। प्रखण्ड एवं मंडलों की लगभग 70 प्रतिशत कमिटियॉ की सूची प्रदेश कांग्रेस को प्राप्त हो चुकी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा उदयपुर नवसंकल्प शिविर में लिये गये निर्णयानुसार राहुल गॉधी के नेतृत्व में 07 सितंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जारी है, जो 12 राज्यों एवं दो केन्द्रशासित प्रदेशों से 3570 किमी दूरी तय कर जम्मू कश्मीर में समाप्त होगी। जिन प्रदेशों से होकर भारत जोड़ो यात्रा नहीं गुजरेगी वहां भी प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा बूथ स्तर तक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करना है। उसी परिप्रेक्ष्य में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में भारत जोड़ो यात्रा दिनांक-10 अक्टूबर 2022 को धरती आबा बिरसा मुण्डा की जन्मस्थली खूंटी जिला के उल्लीहातू से प्रारंभ होकर सोयको गया मुण्डा चौक तक 11 किलोमीटर की दूरी तय कर बगल के किताहातू मैदान में समाप्त हुई।

# राज्य सरकार अपनों में इतना संलिप्त है कि उसे आम जनता का ध्यान ही नहीं : राज्यसभा सांसद

◆भाजपा झारखंड प्रदेश के द्वारा राज्य सरकार को जगाने के लिए सभी प्रखंडों में 7 नवंबर से लेकर 13 नवंबर तक लगातार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।




**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण के द्वारा आहचत अगामी 7 से 13 नवंबर तक होने वाले आक्रोश प्रदर्शन की तैयारी बैठक जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी के सभागार में मंगलवार को हुई। बैठक मे प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मवीर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में झारखंड सरकार भ्रष्टाचार, हत्या, बलात्कार, मंगाई पर अंकुश लगाने मे असफल है राज्य मे प्रतिदिन ऐसी घटनाएं घट रही है जिससे आम जनता त्राहिमाम कर रही है। इसलिए भाजपा झारखंड प्रदेश के द्वारा राज्य सरकार को जगाने के लिए सभी प्रखंडों में 7 नवंबर से लेकर 13 नवंबर तक लगातार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार में इतना ज्यादा संलिप्त है कि उसे आम जनता का ध्यान ही नहीं है। झारखंड में सरकार नाम का कोई चीज नहीं है कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गया है। सरकर के इस रवैये से आम जनता त्रस्त है । इसलिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राज्य सरकार के रवैये के खिलाफ आक्रोश प्रर्दशन का तैयारी मे लग जाए और निर्धारित तिथि को प्रर्दशन करे। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मवीर सिंह , प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो , कांके विधायक समरी लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, राची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनकी राजेंद्र साही, अनिल टाइगर, नरेंद्र सिंह, प्रीतम साहू, विनोद सिंह, ,धीरज महतो, मनोज चौधरी, प्रभु दयाल, सत्यदेव मुंडा, राम कुमार दुबे, सुधाकर चौबे, दिलीप मेहता, अलखनाथ महतो , शशि भूषण साहू, राजा नाथ उराँव, गणेश किशोर, भानु प्रताप महतो सहित 18 प्रखंड के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित थे।

### देवदीप राम दुबे स्मृति पर चार दिवासीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# दूसरे हाफ में शानदार दो गोल करके आनन्द स्पोर्ट मांडर ने गुटुवा को हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित बरहे में स्वतन्त्रता सेनानी स्व. देवदीप राम दुबे स्मृति चार दिवासीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन दीप ज्योति क्लब बरहे के तत्वावधान में बरहे सरना मैदान में किया गया।मैच का उद्घाटन स्वतंत्रता सेनानी के नाती जिप सदस्य चान्हो पूर्वी सह अधिवक्ता आशुतोष तिवारी व पूर्व कर्नल संतोष पाठकने फीता काटकर और फुटबॉल को किक मारकर किया। आशुतोष तिवारी ने खिलाड़ियों को खेल में जीत हार की परवाह नहीं करते हुए अपने को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लायक बनाने की बात कही, प्रतिस्पर्धा में खुद को श्रेष्ठ साबित करना ही विजय का परिचायक है, कोई भी प्रतिस्पर्धा में कोई जीतता तो कोई हारता अवश्य है पर जो श्रेष्ठ होता है वो सभी के दिलों में सदा विजयी होता है। उद्घाटन मैच आनन्द स्पोर्ट मांडर और ग्रामीण फुटबॉल क्लब गुटुवा के बीच खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा। फर्स्ट हाफ तक दोनों तरफ से कोई गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में शानदार दो गोल करके आनन्द स्पोर्ट मांडर ने गुटुवा को हराया। इससे पहले अतिथियों के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें विजय होने की शुभकामनाएं दी गई। बताते चलें कि स्वतन्त्रता सेनानी स्व देवदीप राम दुबे गुटूवा के रहने वाले थे। उनका जन्म 1916 ई में हुआ था। 1936 में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जब स्वतंत्रता आन्दोलन को गति देने के लिए इनके निमंत्रण पर चोरेया आए थे तो इनके घर में भोजन किए थे। जिस चौकी पर बैठ कर भोजन किए थे, वो चौकी आज भी सुरक्षित है। उसके बाद से ये निरंतर स्वतन्त्रता आन्दोलन के गतिविधि में शामिल रहे। इस तरह इनकी स्मृति में मैच का आयोजन करके स्वतन्त्रता सेनानियो को सम्मान देने का काम किया जा रहा है। मैच का संचालन अनुप राम ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत, संतोष पाठक, मुखिया शिव उरांव, सत्तार अंसारी,संजीत सिंह, संतोष पाठक, सोमरा उरांव, चैतू लोहार, लंकेश्वर उरांव, नीरज सिंह,भीम सिंह, अभिज्ञान सिंह, अशोक गोप, अजय मिश्रा, विश्वम्भर सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## साइको थाना अंतर्गत मारी गई नाबालिग लड़की के हत्यारे को फांसी और परिजनों को सुरक्षा दे सरकार : आरती कुजूर

**रांची ।** खूंटी के साइको थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की का शव पेड़ से लटकता मिला ' भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश की टीम नाबालिग के परिजनों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली ' मृतका नाबालिग बच्ची के परिजनों ने बताया कि आरोपी नारायण मुंडा हथियार के बल पर घर आता जाता था विरोध करने पर सभी को जान से मारने की धमकी देता था,जब मन करता मां बाप को हथियार दिखाकर बच्ची को लेकर चला जाता था परिजन डर कर कोई विरोध नहीं कर पाते थे,शुक्रवार 28/10/22 को भी ऐसे ही हथियार दिखाकर ले गया था सोमवार 31/10/22 को परिजनों को फोन करके उनके आत्महत्या की बात पता चली ' परिजनों ने बच्ची की हत्या की बात कही ' बच्ची का शव जमीन से सटा मिला साथ ही पैर और बांह में जख्म होने की भी जानकारी दिया,परिजनों का कहना है कि आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है वो कभी भी आकर उनके साथ कोई भी हताहत कर सकता है,परिजनों से मिलने के बाद सभी साइको थाना प्रभारी से मुलाकात किया और आरोपी को अविलंब गिरफ्तार करने,परिजनों को सुरक्षा प्रदान करने,मृतका के गांव में लगातार पेट्रोलिंग करने, एफआईआर में पॉक्सो की धाराओं को जोड़ने की बात कही ' प्रतिनिधि मंडल में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर,महामंत्री सीमा सिंह,प्रमंडल प्रभारी पिंकी खोया,जिलाध्यक्ष रणदाय नाग,जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व प्रमुख रुकमिला सारू,महामंत्री बिनोद नाग,उपाध्यक्ष संजय साहू उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग,**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची के निविदा आमंत्रण संख्या–**48/2022-23/RWD/ RANCHI,** दिनांक–16.09.2022, **PR NO.- 278096** के द्वारा प्रकाशित निविदा के क्रमांक (1.) आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/RANCHI/ 09/2022-23** खलारी प्रखंड के राय क्षेत्र अन्तर्गत चूना भट्ठा पुरानी राय से राय बाजार चौक बस स्टैंड वाया रतनलाल पेट्रोल पम्प पथ के सुदृढ़ीकरण/निर्माण कार्य (लं– 6.000 कि0मी0) अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR.NO.281088 Rural Work Department(22-23):D

## न्यूज गैलरी

### एमटी क्लब ने छठ तालाब में सेवा शिविर का किया गया आयोजन




रांची। आस्था का महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर एम.टी.क्लब हेहल छठ पूजा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हेहल छठ तालाब में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रांची लोकसभा सासंद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि शशांक राज एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा उपस्थित हुए। क्लब की ओर से शिविर में छठ व्रतियों के बीच अगरबत्ती, दूध, नारियल, पुष्प,माचिस आदि प्रसाद के रूप में वितरण की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष सतीश सिंह सहित अमित सिंह, दीपक सिंह, व्यास सिंह, पप्पू ठाकुर, नामधारी प्रसाद, बसंत साहू, आनंद सिंह रंजन सिंह, अजय सिंह, अभय, प्रभात, भोला आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### गुजरात में मुरबी पुल टूटने से 134 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत पर जनता दल ने जताया शोक

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव और प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने गुजरात में मुरबी पुल टूटने से 134 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत अत्यंत दुखद एवं मर्माहत करने वाली है। यह घटना दिल को झकझोर देने वाली है। इस घटना पर दुख व्यक्त करते है तथा सभी के प्रति शोक प्रकट करते है। ईश्वर उन सब की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा दुखी परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दें। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल देश के प्रधानमंत्री और गुजरात सरकार से मांग करती है कि इस हादसे में हताहत हुए परिवार के आश्रितों को उचित मुआवजा देने का काम करें एवं जो दोषी है इनोवेसन करने वाले ठिकेदार था सरकारी इंजीनियर पर यथाशीघ्र प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी से कड़ी करवाई करने का पहल संबंधित सरकार करे।

### बीएयू: कीट विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष एसके चौधरी का निधन

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग के अवकाशप्राप्त अध्यक्ष प्रो. एसके चौधरी का पिछले दिनों मुम्बई में देहावसान हो गया। वह लगभग 85 वर्ष के थे। उन्होंने रांची कृषि महाविद्यालय में कीटविद के रूप में 1961 से 1997 तक लगभग 36 वर्षों तक कार्य किया। उनके निधन पर कृषि संकाय में डीन डॉ एसके पाल की अध्यक्षता में एक शोक सभा हुई जिसमें वैज्ञानिकों एवं अन्य कर्मियों ने उनकी वैज्ञानिक दक्षता, प्रशासनिक क्षमता और मानवीय गुणों की चर्चा की। दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### अक्षय नवमी पर आज होगी आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना

**रांची।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी पर बुधवार को अक्षय नवमी मनाया जाएगा। आंवला नवमी के रूप में सनातनी समाज में प्रचलित कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना करेंगे। पुनर्जन्म के बंधन से मुक्ति का व्रत अक्षय नवमी पर सुबह में स्नान-ध्यान के बाद भक्त भगवान कृष्ण की पूजा करेंगे। आंवला वृक्ष के नीचे विशेष पूजा होगी। सुहागिनें परम सौभाग्य, संतान व ऐश्वर्य की कामना करेंगी। पूजा के बाद आंवला वृक्ष की छांव में ब्राह्मणों को भोजन कराया जाएगा व सामर्थ्य के मुताबिक उन्हें दान आदि देकर विदा किया जाएगा। अक्षय नवमी को द्वापर युग की शुरूआत हुई थी। धर्म शास्त्रों के मुताबिक अक्षय नवमी को भगवान श्रीकृष्ण वृंदावन से मथुरा पहुंचे। भगवान श्रीकृष्ण ने दिव्य लीला का त्याग कर कर्तव्य पालन की शुरूआत की। इस तिथि को युगादि तिथि भी कहा जाता है। इस दिन किसी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त की आवश्कता नहीं होती है। धर्म शास्त्रों के मुताबिक इसी दिन श्रीविष्णु ने कुष्मांडक दैत्य का वध किया। धर्म शास्त्र के मुताबिक अक्षय नवमी पर किया गया पूजा-पाठ, तर्पण एवं अन्नादि के अलावा गौ, भूमि, स्वर्ण, द्रव्य, वस्त्र, रत्न आदि का दान अक्षय होता है। आंवला वृक्ष की पूजा से ग्रह बाधा दूर होती है, दामपत्य जीवन खुशहाल होता है और अक्षय फल मिलता है।

# झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त लोगों की बढ़ रही है परेशानी : भाजपा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही से गर्भ में एक शिशु की मौत और धनबाद में सड़क दुर्घटना के एक पीड़ित परिवार के इलाज के दौरान सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में बरती गई भारी कुव्यवस्था को लेकर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि दोनों मामले ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। पूरे झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त है और हेमंत सरकार केवल लूट खसोट में मस्त है। सिन्हा ने कहा कि शर्मनाक बात है कि जिस डॉक्टर को लोग भगवान का दूसरा रूप मानते हैं, वही गर्भवती महिला को भर्ती कर जच्चा बच्चा को मरने के लिए छोड़कर भाग जाते हैं। इस दौरान एक महिला के बच्चें की पेट में ही मौत भी हो जाती है। आखिर इस मौत का जिम्मेवार कौन है? प्रदीप सिन्हा ने कहा कि धनबाद वाला दूसरा मामला भी शर्मनाक और रौंगटे खड़े करने वाला है। हाजीपुर से रानीगंज जा रहा एक परिवार का कार गोविंदपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। पीड़ित परिवार द्वारा सोशल मीडिया पर इलाज के दौरान चिकित्साकर्मियों द्वारा सलूक करने को लेकर जो दर्द साझा किया गया है, वह राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईना दिखाने के लिए पर्याप्त है। यहां घायलों का स्टिच बोरा सिलने जैसा सिला गया। पैर टूटा नहीं रहने के बावजूद बगैर एक्सरे किए ही कच्चा प्लास्टर कर दिया गया। इमरजेंसी में डॉक्टर को परिजन ढूंढते रहे परंतु डॉक्टर तक नहीं मिले। सिन्हा ने कहा कि यह महज एक उदाहरण भर है। पूरे राज्य की कमोबेश यही स्थिति है। भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। जहां की सरकार निःशुल्क कफन बांटने की योजना लाती हो, पूरे देश में खून निःशुल्क लेकिन झारखंड सरकार सरचार्ज के नाम पर 1050 रुपए शुल्क वसूलने का संकल्प पत्र जारी करती है, उस सरकार से कोई उम्मीद भी बेमानी है।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र चन्दरा में 300 कंबल,300 शॉल एवं अन्य गर्म कपड़ों का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छठ पूजा के अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए ओरमांझी प्रखंड के चन्दरा ग्रामीण क्षेत्र में समाजसेवी सह व्यवसायी भानू प्रकाश जालान एवं उनके इष्ट मित्रों द्वारा 300 पीस कंबल, 300 पीस शोल 1000 मौजा, मफलर तथा सैकड़ों बच्चों के बीच स्वेटर, खिलौने, बिस्कुट, टॉफी मिठाइयां आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर करीब एक हजार ग्रामीणों ने खिचड़ी, सब्जी खाकर आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन, महिलाएं पुरुष उपस्थित थे सभी ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की जमकर सराहना करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। समाजसेवी भानु प्रकाश जालान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आगे भी निरंतर मानव कल्याण एवं जन सेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का दर्शन एवं सेवा करने का सौभाग्य भगवत कृपा होने पर ही प्राप्त होता है। तथा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने लोगों का भगवत कृपा से यहां आना हो रहा है। तथा बढ़ती ठंड के पहले अन्य क्षेत्रों में भी कंबल एवं गर्म कपड़े का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में राहुल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सर्वेश जालान, विक्रम खेतावत, राधेश्याम अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, रमेश केडिया, संजू खेतान तथा अन्य लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल एवं अन्य गर्म कपड़े बांटना बहुत ही पुनीत कार्य किया गया है। तथा मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है।

## बीएयू में पशुधन प्रसार नवाचारों पर पशुचिकित्सा वैज्ञानिकों का राष्ट्रीय सम्मेलन 4-5 नवंबर को



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय पशु चिकित्सा प्रसार फोरम का नौवां राष्ट्रीय सम्मेलन बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में 4-5 नवंबर को होगा। सम्मेलन का केंद्रीय विषय किसानों की आय दोगुनी करने के लिए पशुधन प्रसार नवाचारों का विस्तार है। आयोजन में देश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों, आईसीएआर के शोध संस्थानों और राज्य सरकारों के 250 से अधिक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र शर्मा होंगे जबकि अध्यक्षता बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करेंगे। नाबार्ड, रांची के मुख्य महाप्रबंधक वीके बिष्ट और कर्नाटक पशुचिकित्सा, पशु एवं मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय, बिदार के कुलपति डॉ केसी वीरान्ना विशिष्ट अतिथि होंगे। सम्मेलन का आयोजन बीएयू के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना (नाहेप) एवं भारतीय पशु चिकित्सा प्रसार फोरम के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में पशुधन प्रसार एवं परामर्श सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय में वैश्विक स्तर पर हो रहे डेवलपमेंट्स और मॉडल्स, सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित प्रसार परामर्श सेवाओं, लाइव स्टॉक सेक्टर से जुड़ी उद्यमिता दक्षताओं, इनक्यूबेशन, स्टार्टअप एवं चुनौतियों, मौसम परिवर्तन, टिकाऊपन, पशु कल्याण, बीमारी एवं महामारी से उत्पन्न चुनौतियों तथा पशुधन आधारित समेकित कृषि पद्धति में शोध एवं प्रसार परामर्श सेवाओं आदि विषयों पर विशद चर्चा होगी।

### मारवाड़ी कॉलेज से बीएससी आईटी के विपुल आनंद को 4.5 लाख का पैकेज मिला

रांची। मारवाड़ी कॉलेज के बीएससी आईटी के विपुल आनंद का चयन आरवीएस कॉलेज जमशेदपुर में ट्रेनी डेवलपर के रूप में हुआ है। उन्हें 4.5 लाख का सालाना पैकेज मिला है। कैंपस ड्राइव में बीएससी आईटी व बीसीए के पांच विद्यार्थियों ने भाग लिया। एक अन्य ड्राइव में एमसीए के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनकी कॉपियां मवेंटिक कंपनी के बेंगलुरु ऑफिस में जांच के लिए भेजी गई हैं। इस कंपनी में चयन के बाद छह माह की ट्रेनिंग और छात्रवृत्ति मिलेगी। एमसीए विद्यार्थियों के लिए पैकेज 5 से 7 लाख के बीच होगा। विपुल के चयन पर प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, प्लेसमेंट सेल के असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती, संयोजक डीआर शर्मा ने आदि ने बधाई दी है।

## गोपाष्टमी के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच ने गौशाला में गौ दान किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गोपाष्टमी के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने हरमू रोड स्तिथ रांची गौशाला में गौ दान किया। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया की यह मंच के लिए सौभाग्य की बात है कि सदस्यों के सहयोग से रांची शाखा को गौ दान करने का मौका मिला।

**गौ दान का महत्व :** सनातन धर्म में गाय को माता की उपाधि दी गई है। इसके लिए गाय को गौ माता कहकर पुकारा जाता है। वेदों, पुराणों एवं शास्त्रों में गाय को धन बताया गया है। उत्तर वैदिक काल में गौ माता की सेवा का वर्णन विस्तार से किया गया है। भगवान श्रीकृष्ण को गाय अतिप्रिय है। द्वापर युग में ग्वालों के साथ भगवान श्रीकृष्ण वन जाते थे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी गाय एक धन है। इसमें माता की ममता होती है। गाय से दुग्ध उत्पादन होता है। इसके लिए दुनियाभर के कई देशों में गाय पालन किया जाता है। शास्त्रों में गौ दान का उल्लेख भी निहित है। इस दौरान गौ दान करने वाले को वैतरणी नदी में गाय मदद कर व्यक्ति को नदी पार कराती है। वहीं, जिस व्यक्ति ने गौ दान नहीं किया होता है। उसे वैतरणी नदी पार करने में कठिन पीड़ा होती है। इसके अलावा, गौ दान के कई अन्य फायदे भी हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक शुभम रूंगटा,शैंकी रायका,अंकित पोद्दार, मुकेश शर्मा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे भारी संख्या में सदस्य सम्मिलित हुए। उपरोक्त जानकारी मंच के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अमित शर्मा ने दी।

## आंदोलनकारियों के बकाए भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव से मिले पुष्कर महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारियों के 6 माह से बकाए सम्मान राशि / पेंसिल को एक मुश्त भुगतान करने व झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग से संपुष्ट हुए आंदोलनकारियों की सूची जिलों में भेजने के सवाल पर मंगलवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह गृह सचिव राजीव वरुण एक्का से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में मिले। प्रतिनिधि के रूप में संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो व संयोजक भुवनेश्वर केवट प्रमुख थे।

इस अवसर पर श्री एक्का ने त्वरित कार्यवाई करने का आदेश विभाग को दिया। साथ ही शीघ्र भुगतान करने व जिला में संपुष्ट सूची भेजने का आश्वासन दिया।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि विगत 6 माह से झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान राशि नहीं मिलने से लोगों में मायूसी है। मुख्य त्योहार सारे बीत चुके हैं। आंदोलनकारियों के व्यक्तिगत कई प्रकार की आम समस्याएं है। समय पर आंदोलनकारियों को सम्मान राशि/पेंशन नहीं मिलने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बहुत सारे आंदोलनकारी आज सम्मान राशि में आश्रित है। अपनी दवा वगैरह- कराते है। जबकि राज्य सरकार का संकल्प है कि झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान राशि/ पेंशन माह के प्रथम सप्ताह में ही भुगतान मिल जाना चाहिए।लेकिन संकल्प का पालन नहीं होने से झारखंड आंदोलनकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए आंदोलनकारियों को जल्द से जल्द सम्मान राशि का भुगतान हो। साथ ही संपुष्ट हुए झारखंड आंदोलनकारियों के संपुष्ट हुए सूची को जिला में भेजा जाए।

## श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती पर 23वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

# श्री शिव परिवार का दिव्य व मनोहारी श्रृंगार किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को आस्था व विश्वास के साथ 23वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर में विराजमान श्री श्याम बाबा श्री हनुमान जी महाराज श्री शिव परिवार का दिव्य तथा मनोहारी श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए रजनीगंधा, लाल, सफेद, पीला गुलाब, आर्किड, लाल गेंदा, पीला गेंदा, मटर, तुलसीदल की मोटी मोटी मालाओं से सभी देवी देवताओं को श्रद्धा पूर्वक सजाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि गोपाष्टमी मंगलवार को होने के विशेष रूप से 23 वें श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था। मंदिर के श्याम रसोई में सवामणी का विशेष प्रसाद बुंदिया, भुजिया, चना दाल, गुजराती कचौड़ी, का महाप्रसाद निर्मित किया गया था। सूर्यास्त के पूर्व श्री हनुमान जी महाराज की आराधना प्रारंभ की गई। पुष्पा देवी पोद्दार ने अपने सुपुत्र सुभाष पोद्दार, स्नेह पोद्दार, पुत्रवधू सुरभी पोद्दार, स्नेहा पोद्दार व अन्य बंधु बांधव के साथ श्री हनुमान जी महाराज की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके सवामणी का महाप्रसाद एवं चना गुड़ नारियल सेवफल का प्रसाद अर्पित कर अपने परिवार के लिए सुख शांति की कामना निवेदित कर सुगंधित इत्र अर्पित किया। पूजन अनुष्ठान मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने विधिवत संपन्न करवाया। श्री सुंदरकांड की श्रृंगार सेवा, सवामणी सेवा ,सभी प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने परिवार संघ निवेदित कर पाठ वाचक का चंदन वंदन कर के पाठ शुरू करवाया। मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्त जनों से संगीतमय पाठ करवाया। पूरा श्याम मंदिर हनुमान जी की आराधना में डूबा हुआ था। बजरंगबली के जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्री हनुमान चालीसा के पाठ के बाद महाआरती की गई और सभी भक्तों को सवामणी व अन्य प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उप मंत्री अनिल नारनौल सर्व, स्नेह पोद्दार, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, रतन शर्मा कमल लोहिया, जगदीश ढानढनिया, प्रदीप मोदी, स्नेहा पोद्दार, रौनक पोद्दार सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक मंगलवार को श्री श्याम मंदिर में सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होता है। शनिवार को श्री श्याम भंडारा श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी ने बताया कि मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष में श्री श्याम भंडारा की कड़ी में 35 वा श्री श्याम भंडारा 5 नवंबर शनिवार को साईं 5:00 से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में होगा।

> ◆पूरा श्याम मंदिर हनुमान जी की आराधना में डूबा हुआ था। बजरंगबली के जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

## जिन जानिआ सेई तरे से सूरे से बीर, नानक तिन बलिहारणै हरि जपि उतरे तीर...

# श्री गुरु नानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी निकाली गयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी मंगलवार को तड़के 5:15 बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किट गेट से निकलकर दीनदयाल काठपालिया, चरणजीत मुंजाल, मुकेश बजाज, कमल मुंजाल, हरविंदर सिंह बेदी,अनूप गिरधर, सरदार गुरमीत सिंह,मनोहर लाल जसूजा, वसंत काठपाल, प्रकाश गिरधर, दिलीप सिंह,भगवान दास मुंजाल एवं नरेश पपनेजा की गलियों से होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंचकर अरदास के बाद सुबह 7.45 बजे विसर्जित हो गई. सत्संग सभा की कीर्तन मंडली ने साध पठाए आपि हरि हम तुम ते नाही दूरि, नानक भ्रम भै मिटि गए रमण राम भरपूरि........... एवं किलविख काटण भै हरण सुख सागर हरि राइ, दीन दइआल दुख भंजनो नानक नीत धिआइ... तथा करि बंदन प्रभ पारब्रहम बाछउ साधह धूरि, आपु निवारि हरि हरि भजउ नानक प्रभ भरपूरि....... जैसे अनेक शब्द गायन कर साध संगत को गुरवाणी के साथ जोड़ा.श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने सफाई कर फेरी का श्रद्धाभाव से स्वागत किया. मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की रस्म अदा की. निशान साहिब की सेवा सरदार भूपिंदर सिंह ने की. आज की फेरी में द्वारकादास मुंजाल,अर्जुन देव मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, जीतू काठपाल, चरणजीत मुंजाल, नरेश पपनेजा, मोहन काठपाल, जीवन मिढ़ा, रमेश गिरधर,हरजीत बेदी,अशोक गेरा, सुंदरदास मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, हरगोविंद सिंह,अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, ईशान काठपाल, किशन गिरधर, नवीन मिढ़ा, ईशान खत्री, अजय मुंजाल, गुलशन मुंजाल, कुलदीप बेदी, प्रताप तलेजा, राजकुमार गाबा, प्रेम काठपाल, संदीप पपनेजा, विक्की कटारिया, आशु मिढ़ा, सोनू खुराना, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, सुमित गिरधर, हरीश नागपाल, तनय काठपाल, गौरव मिढ़ा, राकेश गिरधर, सुरजीत मुंजाल, गुलशन मिढ़ा, हरीश तेहरी, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु मिढ़ा, नीता मिढ़ा, बबीता पपनेजा, मनजीत कौर, उषा झंडई, बंसी मल्होत्रा, अमर मुंजाल, रेशमा गिरधर, ममता थरेजा, रोशनी गिरधर, श्वेता मुंजाल, नीतू किंगर, उर्मिल खत्री, खुशबू मिढ़ा, पूनम मुंजाल, मीना गिरधर, बिमला मुंजाल, शशि किंगर, मीना गाबा, कुसुम पपनेजा समेत अन्य शामिल थे।

### रिम्स के कर्मी पर शव देने के लिए पांच हजार लेने का आरोप

**रांची।** रिम्स में इलाज के दौरान सिमडेगा जिले के सिलिंगा गांव के रहने वाले 55 वर्षीय हिरसाय गोंड की मौत हुई थी। शव ले जाने के लिए मृतक के भाई मनसाय गोंड ने न्यूरो सर्जरी विभाग में तैनात एक कर्मचारी पर पांच हजार रुपए लेने का आरोप लगाया। मृतक के भाई मनसाय गोंड ने कहा कि हिरसाय 22 अक्तूबर को सड़क हादसे में घायल हो गए थे। आनन-फानन में इलाज के लिए उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल लाया। जहां से बेहतर उपचार के लिए 23 अक्तूबर को रिम्स रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन बदकिस्मती से 28 अक्तूबर को देर रात दो बजे उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन वार्ड में तैनात कर्मचारी से शव देने की गुहार करने लगे। परिजनों का आरोप है कि कर्मचारी ने पांच हजार रुपए लेकर शव दिया।

## एक नवंबर से दूसरे चरण का प्रशिक्षण शुरू, भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने लिया भाग




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है। एक नवंबर से दूसरे चरण के पहले दिन अर्थात प्रशिक्षण के नौवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी , चंद्रेस्वर ओझा तथा रामलगन साहू ने किया जिसमें आरती पात्रा, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। जिसमें टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया(18) एवं सगरकत्ता (18) ग्राम के, 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो(20) ओर पेटापेटी(20) ग्राम के 40 , कुल 76 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों तथा मुख्यतः पिछले आठ दिनों में पढ़ाये गये सभी विषयों का पुर्नवलोकन किया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया व मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया तथा विभिन्न सवालों के माध्यम से अब तक अर्जित ज्ञान का परिक्षण भी लिया गया।

## न्यूज गैलरी

### चिनियां में मृतक जेएमएम नेता के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय निवासी झामुमो नेता सह मुखिया पति अयूब मंसूरी कि गत 20 अक्टूबर को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी ।
मंगलवार को स्थानीय पूर्व विधायक सह सुबे के पूर्व मंत्री रह चुके भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह मृतक अयूब मंसूरी के परिजनों से मिलने उनके घर पर पहुंचे। हालांकि अयूब मंसूरी की हत्या के बाद इससे पहले भी गिरिनाथ सिंह परिजनों से मिलने पहुंचे थे । वहीं मंगलवार को पहुंचे गिरिनाथ सिंह ने परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना एवं बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हर हाल में मृतक अयूब मंसूरी के परिजनों को न्याय मिल कर रहेगा ? पुलिस अब काफी हद तक हत्यारे के करीब पहुंच चुकी है। बहुत जल्द ही पुलिस इस हत्या का पदार्फाश करेगी । उन्होंने कहा कि अयूब मंसूरी हमारे काफी करीबी थे । वह हमारे साथ कई वर्षों से रह कर हमारे सुख दुख में भी शामिल रहे हैं। मैं उनकी हत्या से काफी स्तब्ध हु। ईश्वर मृतक अयूब मंसूरी की आत्मा को शांति प्रदान करें। मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फरीद खान, झामुमो नेता बंशीधर यादव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंगरु सिंह, उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, झामुमो नेता बंशीधर यादव, भुखन कोरवा, बदरुद्दीन मंसूरी, मिस्टर भूटो मंसूरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के ओवरऑल कैटेगरी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय-नोआमुंडी का चयन

**चाईबासा ।** राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 हेतु ओवरऑल कैटेगरी में जिले से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय-नोआमुंडी का चयन किया गया है। उक्त राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार हेतु देशभर से कुल 34 विद्यालयों सहित कुल 39 विद्यालयों का चयन विभिन्न कैटेगरी अंतर्गत किया गया है, जिनमें झारखंड राज्य के उक्त सहित 2 अन्य विद्यालयों का भी चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर ओवरऑल कैटेगरी में चयनित प्रत्येक विद्यालयों को 60,000 रुपये का पुरस्कार राशि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान से 19 नवंबर 2022 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया जाएगा। जिला में अवस्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय-नोआमुंडी के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए जिला उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के द्वारा विद्यालय के शिक्षक/वार्डन एवं बाल संसद के प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है।

### पुराने बिरसा आवास को दिखा कर पीएम आवास बनाए जाने की मामले में पंचायत स्वयं सेवक को किया गया कार्यमुक्त

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के घाघरा के करमही टोला में पुराने विरसा आवास को दिखा कर प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने की मानले में बीडीओ जयपाल महतो द्वारा पंचायत स्वयं सेवक उपेंद्र पाल को कार्यमुक्त कर दिया है वहीं आवास कोडिनेटर सिराज अहमद को स्पस्टीकरण की मांग की है। इस संबंध ने बीडीओ ने बताया कि इस मामले को उपायुक्त को पत्राचार किया हुए कहा की करमाही टोला में प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी किए जाने की मामला प्रकाश में आने के बाद जांच किया गया था। जिसमें पुराने बिरसा आवास पर प्रधानमंत्री आवास दिखा कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा निकाल लिया था। जिसके आलोक में स्वयं सेवक को कार्यमुक्त किया गया है एवं प्रधानमंत्री आवास के कोडिनेटर से स्पष्टीकरण की मांग किया गया है। बताते चले कि 8 अक्टूबर को बिरसा आवास को दिखा कर प्रधानमंत्री आवास का पैसा निकासी करने का खबर समाचार पत्रो में प्रकाशित हुआ था। जिसके आलोक में बीडीओ जयपाल महतो ने जांच किया तो जांच में पैसा निकासी का मामला सत्य पाया गया था।

### आधे दर्जन कर्मियों का कटा हाजिरी

**भवनाथपुर।** बीडीओ ने आधे दर्जन कर्मियों का मंगलवार को हाजरी कटी, बताते चले कि कर्मियों की ड्यूटी में बराबर बरते जा रहे लापरवाही के खिलाफ बीडीओ सकत होते हुए आधा दर्जन कमीर्यों की एक दिन का हाजरी काट दी। जेई श्याम कुमार चौधरी, चंदन कुमार, रोजगार सेवक तहमीद अंसारी, मनोज कुमार गुप्ता, परमानन्द ठाकुर 15वें वित्त कर्मी अशोक कुमार यादव का हाजरी काट दी है।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बांसडीह गांव निवासी अनिल यादव का पुत्र मृत्युंजय यादव कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया किसी बात को लेकर कहासुनी हुआ।द्ध जिसके बाद मृत्युंजय ने कीटनाशक खा लिया स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया जाए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया।

### बैठक में नहीं पहुंचे पंचायत समिति सदस्य, कुर्सियां रह गई खाली

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को आहूत पंचायत समिति सदस्यों की बैठक जनप्रतिनिधियों के अनुपस्थिति के कारण एकाएक स्थगित करनी पड़ी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 11बजे से प्रखंड सभागार में विकास मद क्रियान्वयन हेतु पंचायत समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई थी। बैठक में कामता,चंदवा पश्चिमी,चकला को छोड़कर ज्यादातर पंसस बैठक में उपस्थित नहीं हो सके जिसके कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा,जिससे सभागार में सजी कुर्सियां खाली पड़ी रह गई। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि मेरे द्वारा मिटिंग कैंसिल नहीं कि गई है मिटिंग 11बजे दिन से निर्धारित थी पर सभागार में कुछेक कर्मचारियों को छोड़ कोई अधिकारी 11:30 बजे तक सभागार में उपस्थित नहीं थे जिस कारण बैठक का कोरम पूरा नहीं हो पाया और बैठक को स्थगित करना पड़ा।

घाघरा पंचायत भवन में दूसरे चरण का सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# वृद्धा पेंशन के 18 आवेदनों का मिली तत्काल स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को घाघरा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, उप प्रमुख,
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नायाब जेबा उपस्थित थे। कार्यक्रम के दुसरे चरण आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और आवश्यकता लिए, यहां स्थापित किए गए विभिन्न स्टालों में आवेदन देते हुए प्रशासन पर अपना विश्वास जताया। आयोजित शिविर के दौरान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से वृद्धा पेंशन के 19 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 18 आवेदन का तत्काल स्वीकृति दी गई एवं एक दिव्यांग का आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र में ओवर राइटिंग होने के कारण उसको स्थगित कर जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग भेजा गया। इसी तरह सावित्रीबाई फुले के 3 लाभुक, एक लाभार्थी को बैसाखी 2 लाभार्थी को साड़ी एवं अन्य लाभुकों को कंबल का वितरण किया गया तथा कई आवेदन का निष्पादन शिविर में ही किया गया। दुसरे चरण के आगाज की घोषणा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि सैकड़ों आवेदन की प्राप्ति ग्रामीणों के विश्वास का प्रतीक है। इतनी बड़ी संख्या में आवाम की उपस्थिति और जनता द्वारा दिए जाने वाला आवेदन आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने घाघरा पंचायत की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा हमारा प्रयास होगा कि शत-प्रतिशत आवेदन का निष्पादन किया जाए। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रो० कर्मा उरांव, बीपीओ संजय तिर्की, सीडीपीओ नायाब जेबा वह कार्यक्रम का संचालन करते हुए कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू ने योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इससे पूर्व जे एस एल पी एस की महिलाओं द्वारा अतिथियों का परम्परागत तरीके से भव्य स्वागत किया गया। जबकि नन्हे बच्चों द्वारा अतिथियों का गीत और नृत्य के साथ शानदार स्वागत किया गया जो कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया रमेश उरांव, पशुपालन पदाधिकारी संजय उरांव,
उप मुखिया इरशाद अहमद, रोजीन खातून, लक्ष्मन कुजुर, अंचल निरीक्षक बीखम कुमार, आर मिरदाहा, सारनी एक्का, अमजद खान, संदीप कुजुर, पंचायत समिति सदस्य निकहत जहां, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मोहिबुल ओहदार, रोजगार सेवक सुखराम मिंज, उदय मिंज, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, प्रखंड एवं अंचल कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### दिघिया गांव के समीप सड़क हादसे में पिता पुत्र घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर दिघिया गांव के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार नाथपुर घाघरा गुमला निवासी 65 वर्षीय पिता बंधन उरांव व 20 वर्षीय पुत्र साहिल लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉ मेघा भगत ने घायल का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल बंधन उरांव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। साहिल लकड़ा ने बताया कि वे वर्तमान में जगरनाथपुर ध्रुवा रांची में रहते है वही अपने स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान दिघिया गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गिरकर घायल हो गए।

## बेड़ो में जसुमं ने जनजातियों के हक के लिए किया आवाज बुलंद

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** जनजातीय सुरक्षा मंच के तत्वावधान में मंगलवार को हरिहरपुर जामटोली पंचायत के खुरहाटोली मैदान में एक बैठक हुई। जिसमें संपूर्ण जनजातीय समाज को एकजुट होकर अपने हक व अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया गया। बैठक में मंच के जिलाध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा कि जनजातीय समाज के आरक्षण का लाभ कुछ दूसरे समाज के लोग उठा रहे हैं। जिससे जनजातीय समाज के हक अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इतना ही नहीं इससे जनजातीय समाज का उत्थान व समुचित प्रगति नहीं हो रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए जनजातीय समाज का आरक्षण का लाभ दूसरे समाज के लोगों द्वारा लाभ लिए जाने के विरोध में आगामी 27 नवंबर को मोरहाबादी मैदान रांची में होनेवाले कार्यक्रम व जुलूस में भाग लेने का आह्वान किया। वहीं बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बुधवा उरांव, उपाध्यक्ष राजेंद्र धान,रिंकी मुंडा,चरिया धान,हीरा उरांव व सचिव धनेश्वर उरांव को बतौर पदाधिकारी चुना गया।मौके पर भीखा उरांव, मनोज उरांव,योगेन्द्र कच्छप व तेंबा उरांव आदि ने अपने विचार रखे। वहीं बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ठेमका मुंडा, संचालन योगेन्द्र कच्छप व धन्यवाद ज्ञापन तेंबा उरांव ने किया।



सांस्कृतिक खेलकूद समिति ने भव्य जागरण का किया आयोजन

## भजन व झांकी की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने बांधा समा

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर कोलेबिरा प्रखंड सह संस्कृति खेलकूद समिति द्वारा दो दिवसीय माता जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कोलेबिरा स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन माता जागरण कार्यक्रम हुई जिसमें जमशेदपुर कोलकोत्ता एवं रांची के भजन गायकों एवं कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन एवं झांकी प्रस्तुत की गई. माता जागरण कार्यक्रम का सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम थाना प्रभारी रामेश्वर भगत उप प्रमुख सुनीता देवी कोलेबिरा पंचायत के मुखिया अंजना लकरा नवाटोली पंचायत के मुखिया कल्पना देवी कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुजान मुंडा सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।
तत्पश्चात बिग गंगा टीवी के मशहूर भजन गायक विक्की छाबड़ा के द्वारा गणेश तुझे अपने मन में बसा लूं गजानंद आ जाओ गजानंद आ जाओ भजन प्रस्तुत कर विधिवत रूप से माता जागरण कार्यक्रम की शुभारंभ हुआ।तत्पश्चात भजन गायकों के दो करो स्वागत मैया की, भोले बाबा की बारात सजी है, सारे बोलो जय माता दी, ए छठी मैया के अलावे एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने के लिए विवश किया। वहीं कोलकाता से आए झांकी एवं नृत्य मंडली के द्वारा राधा कृष्ण , भरतनाट्यम, मां काली के अलावे अन्य झांकी एवं नृत्य प्रस्तुत की गई। वही कोलेबिरा के स्थानीय कलाकार सक्षम तिवारी के द्वारा के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में आई हुई भजन गायिका सिमरन कुमारी ने भी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष आर गुप्ता, सचिव विरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद एवं पंचम प्रसाद, उप सचिव सुमंत कुमार, व्यवस्थापक विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार उप कोषाध्यक्ष अमित रंजन. संरक्षक थाना प्रभारी रामेश्वर भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचलाधिकारी हरीश कुमार, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, उप सुनीता देवी, कोलेबिरा पंचायत के मुखिया अंजना लकरा, चंदन शाह, सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, कार्तिक सिंह के अलावे अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



लापुंग प्रखंड के मालगो और सेमला में गहराया बिजली संकट

## पढ़ाई-लिखाई, सिंचाई और कुटीर उद्योग हुआ ठप्प

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के पंचायत के मालगो खास गांव तथा ककरिया पंचायत के सेमला में बिजली संकट गहरा गया है। मालगो में 63 केवीए का विद्युत पावर ट्रांसफार्मर जलने से गांव का एक बड़ा इलाका अंधेरा में डूब गया है। वहीं दूसरी ओर बिजली रहते सेमला गांव में संध्या 6:00 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक बच्चों के पढ़ने लिखने के समय बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इससे सेमला के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव के समाजसेवी और विधायक प्रतिनिधि रुपेश कुमार पाठक ने बताया कि बच्चों के पढ़ने लिखने का समय शाम 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक होता है और लोड शेडिंग के नाम पर लगातार ढाई घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इससे बच्चों के पढ़ाई लिखाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। गांव के समाजसेवी गगन साहु और सुमन साहु ने कहा कि लापुंग प्रखंड के पिछड़े गांव में 24 घंटे विद्युत की आपूर्ति होनी चाहिए। बिजली काटनी है तो दिन में एक दो घंटा काटा जा सकता है लेकिन विभाग शाम को विद्युत आपूर्ति ठप करना बंद करें। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक दिन शाम होते ही सेमला गांव की बिजली काट दी जाती है। देर शाम में गांव में लालटेन युग दिखने लगता है। बच्चे लालटेन ढिबरी और केरोसिन तेल वाली लैंप का प्रयोग कर पढ़ने के लिए विवश हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रांसफार्मर के जलने से मालगो गांव के 40 घरों के लोग बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। ट्रांसफार्मर के जलने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई, किसानों की सिंचाई तथा कुटीर उद्योग धंधे ठप हो गए हैं। मालगो पंचायत की पंचायत समिति सदस्य गीता देवी और समाजसेवी अशोक साहु ने विद्युत विभाग के अधिकारियों सहित सांसद और विधायक से मांग की है कि मालगो में तुरंत ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाय। अगर ऐसा नहीं होता है तो गांव के लोग आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। गांव के युवकों विजय कुमार साहु, प्रीतम साहु, प्रेम साहु, कारु गोप, पंकज साहु, निर्मल साहु, अशोक साहु, राजू साहु, सूरज साहु, करमपाल साहु, रमेश साहु सहित कई लोगों ने सरकार के प्रतिनिधि से तुरंत ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की।



## सिमडेगा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 7 पंचायतों में शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण के प्रथम मंगलवार को कुल 07 प्रखण्डों में शिविर आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जिसके अन्तर्गत सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, हरा राशन कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फुलो झानो आशीर्वाद योजना, श्रामधान के साथ मनरेगा एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। आज के कार्यक्रम के अन्तर्गत बानो प्रखण्ड के बांकी पंचायत कोलेबिरा प्रखण्ड के नवाटोली पंचायत, कुरडेग प्रखण्ड के बड़कीबिउरा पंचायत, केरसई प्रखण्ड के बासेन पंचायत, सिमडेगा प्रखण्ड के बिरू पंचायत, पाकरटाँड प्रखण्ड के केशलपुर पंचायत एवं जलडेगा प्रखण्ड के लोम्बाई पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 07 प्रखण्डों में आयोजित विशेष शिविर के दौरान 7027 आवेदन प्राप्त हुई। जिसमें ऑन द स्पॉट 1197 आवेदनों का निष्पादन किया गया। सभी प्रखण्डों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान जिला जनसम्पर्क कार्यालय, सिमडेगा के द्वारा नुकड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी, डायन प्रथा, सड़क सुरक्षा एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया गया।

### ऑटों की चपेट में आने से महिला समेत दो लोग घायल

**गढ़वा।** गढ़वा नगर उंटारी सड़क पर पालहे गांव के समीप टैंपू के चपेट में आने से बाइक पर सवार एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के करिवाडीह गांव निवासी अजय चंद्रवंशी का पुत्र रवि रंजन कुमार और उनकी पुत्री मेनिका देवी शामिल है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मेनका के ससुराल में विवाद चल रहा है। जिसको लेकर वह अपने भाई के साथ गढ़वा न्यायालय जा रही थी उसी दौरान पाले में सवार ने उसके बाइक में टक्कर मार दी जिसमें उक्त दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित जूनियर कैंब्रिज विद्यालय ने मनाया 47वां वर्षगांठ

# बच्चों के द्वारा बनायी गयी मिट्टी के कलाकृतियों को विधायक ने सराहा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा ने अपनी सच्ची सेवा का 47 वर्ष पूर्ण कर 48 में वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर संस्थान के द्वारा शहर के सभी लोगों की स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए दीप यज्ञ और रामचरितमानस पाठ का आयोजन सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें राम कथा की बहनों के द्वारा पाठ किया गया। इस अवसर पर सिमडेगा के युवा एवं कर्मठ विधायक भूषण बाड़ा एवं जिला परिषद की सदस्य जोशीमा खाखा ने शिरकत करते हुए पहला दिया जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। वहीं कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा बनाई गई मिट्टी के कलाकृतियों को उन्होंने काफी सराहा।सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके साथ बच्चों ने वंदे मातरम नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय अपनी 48 वां स्थापना दिवस मना रहा है जिसमें सभी अभिभावकों बच्चों समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों का अहम योगदान रहा है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय पूर्वर्ती छात्र एवं नगर के नागरिकों का योगदान भी सराहनीय रहा है।विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा लिया गया निर्णय के अनुसार प्रथम सावधिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे जिसमें
अयांश कुमार, नैतिक बाड़ा, अभिश्रि जैन, रेहान अकमल, कसफ सनवर, अवनी आद्या, अनामिका कुजूर को 75% तक की छात्रवृत्ति विधायक ने अपने हाथों से प्रदान कर उनके अभिभावकों को विद्यालय के द्वारा सम्मानित किया। इसके साथ विद्यालय के क्लब के नियमित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक ने बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए कहा जिसके फलस्वरूप ही बच्चे अपने बड़े बड़े लक्ष्यों को हासिल कर पाएंगे। बच्चों को संबोधित करते हुए जिला परिषद के सदस्य ने बच्चों को अपनी कहानी के माध्यम से बताया कि जो बच्चे सतत अभ्यास करते हुए बड़े सपने देख कर अपने शिक्षकों का नियमित मार्गदर्शन लेकर कठिन से कठिन बाधक को भी बड़ी सरलता से पार कर सकते हैं।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा पर्यावरण बचाओ, जल ही जीवन है, देश की रक्षा, देश की सेवा हेतु बलिदान करने का संदेश फैंसी ड्रेस के माध्यम से दिया। जिसे उपस्थित अभिभावकों और बच्चों के द्वारा काफी सराहा गया। इसके बाद बच्चों के द्वारा नृत्य प्रदर्शन किया जिसे अभिभावकों ने ताली बजाकर उत्साह वर्धन किया।छोटनागपुर की लोक संस्कृति कि प्रदर्शन के लिए बच्चों ने नागपुरी कविता, कितना सुंदर हमर झारखंड और पैंकी नृत्य कर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। बच्चों के द्वारा ्रहिंदी नाटक कृष्ण और सुदामा तथा अंग्रेजी नाटक मिसाइल मैन अब्दुल कलाम का मंचन सफलतापूर्वक कर दोस्ती की मिसाल देते हुए बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर संस्था के सदस्य सुशीला देवी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोरमा देवी और सदस्य वीरमणि देवी पूजा जयसवाल ने अपना विचार दिया। स्थापना दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा जिसके लिए विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका लता कुजूर के द्वारा सबों को धन्यवाद देकर जन गण मन के साथ कल की अवकाश की घोषणा करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई।



## न्यूज गैलरी

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने अतिक्रमण, भूमि, रोजगार, शिक्षा सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### डोभा निर्माण के लिए 4,78,397 रुपये की राशि की स्वीकृति पत्र का वितरण

**बरही।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन दुलमहा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने किया। इस अवसर पर एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ ए डी टोप्पो, बीपीओ, बीपीएम, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रमुख मनोज रजक, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रखंड सह अंचलकर्मी मौजूद थे। उपस्थित लोगो को विधायक ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दिया। वहीं एसडीओ के द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारियां ली गई। कार्यक्रम में ही विधायक और उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से मनरेगा के तहत ग्राम बुडीडीह में बालेश्वर यादव के जमीन 4,78, 397 रुपये की प्राक्कलित राशि पर बनने वाले 90*90*10 डोभा निर्माण योजना की स्वीकृति पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में ही एक मजदूर को जॉब कार्ड व 74 लाभुको के बीच कंबल भी वितरित किए गए।

### जहर खाकर बुजुर्ग महिला ने जान दी

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत अंबाडीह मे एक बुजुर्ग महिला की जहर खाने से मौत हो गई। मृतका की पहचान बतसिया मसोमात (उम्र 70 वर्ष, पति स्व बंधु महतो, ग्राम अंबाडीह जयनगर) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के बाद जहर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद मंगलवार सुबह कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### सांप के डंसने से महिला की मौत

**मरकच्चो।** थाना अंतर्गत जामु रविदास मुहल्ला निवासी 45 वर्षीर्या सुनीता देवी (पति गोपाल दास) का निधन ईलाज के दौरान हो गया। जानकारी के अनुसार मृतका सुनीता देवी 25 अक्टूबर कों जंगल मे लकड़ी लाने गई थी जहां रसल वाईपर प्रजाति के सांप ने डस लिया। परिजन उसे सदर अस्पताल कोडरमा ले गए जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया। वहां 6 दिनों तक ईलाज चलने के बाद भी कोई सुधार न देखकर परिजन सोमवार को अपना घर जामु ले आये जहां उसका निधन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि सांप का जहर पूरे शरीर मे फैल गया जिसके कारण महिला के दोनो किडनी ने काम करना बंद कर दिया। जानकारी मिलने पर स्थानीय मुखिया नीता देवी, समाजसेवी रविंद्र गुप्ता, जेएमएम नेता मो खलील, दिनेश राणा, बसंत पासवान, विवेक साव आदि उनके निवास स्थान पहुंचे और शोक व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद भी किया।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर रेस हुए संभावित उम्मीदवार

**कोडरमा।** नगर निकाय चुनाव को लेकर झुमरीतिलैया नगर पर्षद और नगर पंचायत कोडरमा में संभावित उम्मीदवार रेस होने लगे हैं। अपनी दावेदारी को लेकर प्रयास तेज है और वे सक्रिय हो गए हैं।वहीं चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी भी जोरों पर है। चुनाव में व्यवस्था बहाल को लेकर जिला स्तर पर 14 कोषांगों का गठन किया जा रहा है। इसमें कोषांगों को विभिन्न जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। इसमें नगर पालिका निर्वाचन कोषांग वरीय पदाधिकारी डीडीसी होंगे। जबकि उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय नोडल पदाधिकारी होंगे। डीडीसी को कार्मिक कोषांग का भी वरीय पदाधिकारी बनाया जा रहा है। इसके अलावा वाहन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी डीटीओ को, मतपत्र कोषांग का वरीय पदाधिकारी उत्पाद अधीक्षक को, वज्रगृह कोषांग, ईवीएम कोषांग का वरीय पदाधिकारी अपर समाहर्ता को, सामग्री कोषांग का वरीय पदाधिकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी को बनाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रेक्षक कोषांग, स्वीप कोषांग सहित अन्य कोषांग बनाए जा रहे हैं। इधर राज्य निर्वाचन आयोग से भी चुनाव की तैयारियों को लेकर लगातार दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। दिसंबर में संभावित चुनाव को लेकर तैयारी की जा रही है। अपर समाहर्ता को अध्यक्ष पद के लिए निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। जबकि वार्ड सदस्य के लिए अलग-अलग निवार्ची पदाधिकारी बनाए जा रहे हैं।

### मरकच्चो में आपकी योजना आपका अधिकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**मरकच्चो।** आपकी योजना आपका अधिकार सरकारआपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सिमरिया पंचायत स्थित सचिवालय के समीप मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ राम सुमन प्रसाद, मुखिया सुनीता देवी, राजेश पासवान के अलावे प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। इस दौरान बिभिन्न विभागों का 625 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम मे जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो खलील ने पहुँच कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओ कों ग्रामीणों कों शत प्रतिशत दिलाने के लिए मौजूद पदाधिकारीयों का मदद किया। मौके पर बी सी ओ लक्ष्मी नाथ लोहरा, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अशफाक अमहद, जनार्दन यादव, राजेश कुमार, पंचायत सेवक टोकन साव, उप मुखिया पूजा देवी, पंचायत समिति सदस्य ज्योति दास, राजू दास, खलील अंसारी, सीएचसी के आयुष डॉक्टर श्रीकांत कुमार, अमित यादव, सुनील यादव, शंकर सिंह, प्रमोद रविदास, संतोष रविदास, भुनेश्वर यादव, कामेश्वर यादव, परमेश्वर साव, दामोदर साव, सूरज साव, महेंद्र साव समेत प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

---

### आजसू सुप्रीमो सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदानों को देशवासी युगों युगों तक करेंगे याद



### देशवासी युगों युगों तक याद करेंगे सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान : सुदेश महतो

मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने अपने संबोधन में कहा कि देश के लोग सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को युगों युगों तक याद रखेंगे। कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश का प्रधानमंत्री बनने का भी अवसर मिला था, पर उनके लिए देश और देश की एकता प्रमुख थी। इसलिए उन्होंने इसे छोड़ दिया और देश के पहले गृहमंत्री बने। जिसके बाद उन्होंने बिखरे हुए लगभग 570 देशी रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोकर विशाल भारत के निर्माण के सपने को साकार कर दिखाया। कहा कि आज हम सबों को ऐसे महान विभूति की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनेश्वर महतो एवं संचालन चिंतामनी पटेल ने किया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पटेल जयंती पर सोमवार को पटेल छात्रावास में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उदघाटनकर्ता आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, मुख्य वक्ता गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि पुरूलिया सांसद ज्योर्तिमय महतो, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, समाज सेवी रोशन लाल चौधरी, सुनीता चौधरी, तिवारी महतो, सम्मानित अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, जिप सदस्य धनेश्वर महतो मौजूद थे। कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने पटेल चौक पर स्थापित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**सरदार वल्लभ भाई पटेल की सोच महान थी : चंद्रप्रकाश चौधरी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने विखरे हुए देशी रियासतों को एकीकृत कर विशाल भारत का निर्माण किया। कहा कि इस क्रम में जो देशी रियासत अपनी मर्जी से देश में मिले उनका उन्होंने स्वागत किया और जिस रियासत ने विलय से इंकार किया उसके विरूद्ध उन्होंने बल प्रयोग का भी कार्य किया। इस प्रकार उन्होंने विखरे हुए देशी रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया था।

**ये थे उपस्थित :** कार्यक्रम में झलकदेव महतो, सुरेश महतो, अरविंद महतो, भुनेश्वर महतो, राजेश महतो, तेजपाल महतो, शीतल प्रसाद ,नुन्नूलाल महतो, मुकेश महतो, ललिता देवी, महेंद्र महतो,फलेन्द्र कुमार, रामचंद्र महतो आदि मौजूद थे।

---

# जनहित में कंपनी क्षेत्र में हो रहे प्रदूषण पर प्रदूषण बोर्ड शीघ्र लगाए लगाम : बिनोद





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** रियाडा स्थित विभिन्न कंपनियों के प्रदूषण ने कोनरावासियो के लिए सर दर्द बना चुका है। इनकी चिमनी से निकलने वाली धूंआ और गलने वाले लौह से कंपनी क्षेत्र के आस पास रहने वाले लोग परेशान है। विदित हो कि रियाडा क्षेत्र में वर्तमान में पांच फैक्ट्रियां कार्यरत है। जो लोहा गलाने का कार्य रही है। स्थानीय लोगो को माने तो फैक्ट्री के चिमनी से निकलने वाला लोहे के कण उनके शरीर के साथ भोज्य पदार्थों को भी प्रदूषित कर रहे है। पैरवी और पैसे के बल पर फैक्ट्री मालिक भी बोर्ड से प्रदूषण रहित क्षेत्र होने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर रहे है। कांग्रेस जिला महासचिव बिनोद यादव ने बताया कि यह सरासर गलत है। फैक्ट्रियां प्रदुषण फैला रही है। जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मामले को जानते हुए भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी उनके और फैक्ट्री के बीच कुछ और इशारा करता है। इस मामले में स्थानीय पदाधिकारी भी मौन है। प्रदूषण के बाबजूद प्रदूषण बोर्ड के द्वारा एनओसी देना दाल में काला प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि जनता के स्वास्थ्य के साथ समझौता बर्दाश्त नही किया जा सकता है। उन्होंने प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों से अतिशीघ्र बैठक बुलाने और प्रदूषण जांच करते हुए जनहित में उचित कारवाई की मांग की है। संबधित मामले में फैक्ट्री संघ के अध्यक्ष पी के गर्ग से बात करने का प्रयास किया गया परंतु कॉल रिसीव नहीं करने के कारण उनके मंतव्य नही मिल सके।

---

# राजस्व कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को सीटू ने दिया समर्थन

**कोडरमा।** पिछले 47 दिनों से जारी राजस्व कर्मियों की राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल को सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने समर्थन करते हुए झारखंड सरकार से राजस्व कर्मियों की सभी जायज मांगों को स्वीकार कर अविलंब हड़ताल समाप्त करने की मांग की है। जिला समाहरणालय पर 16 सितंबर से जारी अनिश्चितकालीन धरना मे शामिल कर्मियों को सम्बोधित करते हुए सीटू राज्य कमिटी सदस्य संजय पासवान ने कहा कि हड़ताल के कारण अंचल कार्यालयों में काम-काज पूरी ठप्प है। जिसके कारण जमीन का दाखिल खारिज समेत आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र के लाखों आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। इससे छात्रों समेत आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक आपदा, सड़क दुर्घटना मे मृत्यु या घायल के परिवारों की जांच प्रतिवेदन बाधित है। सीटू राज्य सरकार से अपील करती है कि जनहित मे इस हड़ताल को अविलंब समाप्त कराए जाने के लिए पहल करे। कर्मचारी महासंघ के जिला संयुक्त सचिव दिनेश रविदास ने हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि पिछली रघुवर दास सरकार के समय भी राजस्व कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर लंबी अवधि तक हड़ताल की थी उस समय के राजस्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी द्वारा इनकी मांगों पर उचित कदम उठाए जाने के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त की गई थी।

---

# प्रकाश उत्सव पर छठे दिन की प्रभात फेरी उत्साह के साथ निकली

### 'हर मन तन वसया सोई, जै जै कार करै सब कोई' 'औखी घड़ी ना देखन देई अपना विरद संभाले'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर छठे दिन मंगलवार को उत्साह के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें सिख समाज के महिला एवं पुरूष बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रभात फेरी में शामिल साध संगत मधुर गुरूवाणी गाते हुए फिजां को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहिब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे । इस दौरान साध संगत वाहो वाहो बानी निरंकार है, नाम मिले तां जीवा नानक नाम मिले, गुण गावां दिन रात, अब किछ किरपा कीजे बहुत फेर पाई किरपान आदि गुरूवाणी के गायन से फिजां को भक्तिमय बनाते चल रहे थे। छठे दिन की प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल ग्राउंड पहुंची। जहां से बस के द्वारा प्रभात फेरी सैनी होटल पहुंची। जहां स्वर्गीय भगत सिंह सैनी के परिवार वालों ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा ने सैनी होटल के संचालक हरविंदर सिंह सैनी को सरोपा देकर सम्मानित किया। यहां परिवार वालों ने साध संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।

**प्रभात फेरी में हुए शामिल :** छठे दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा ,मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा ,तेजिंदर सिंह सोनी ,देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, हरिंदर छाबड़ा ,नरेंद्र पाल, यश छाबड़ा ,गुरप्रीत चाना, जितेंद्र सिंह पवार ,गुरप्रीत सलूजा ,अमरपाल आनंद, राजू जस्सल ,सुरेंदर सिंह बेदी ,इकबाल सिंह ,रघुवीर होरा ,हरजीत सिंह छाबड़ा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी ,हरदीप होरा ,रमन कोहली , बबलू सैनी ,नवल मल्होत्रा ,राजू जस्सल, इंद्रपाल जस्सल, हरिंदर छाबड़ा ,स्नेहा गांधी , रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, , डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी ,मनी सिंह, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा , सीमा कोहली, रंजू अरोरा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

---

# डीएवी के बच्चों ने सात गोल्ड, तीन सिल्वर व दो ब्रॉन्ज मेडल जीते

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी के बच्चों ने 7 गोल्ड 3 सिल्वर व दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के छात्र छात्राओं ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित कलस्टर स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में 7 गोल्ड, तीन सिल्वर व दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। यह प्रतियोगिता 22 अक्टूबर को डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में आयोजित हुई थी। इसमें हजारीबाग जोन के 18 डीएवी स्कूल के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। सभी प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक दक्षता के अनुसार प्रदर्शन दिखाया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा के बच्चों में प्रीति कुमारी 7 ए ने पंद्रह सौ मीटर व 800 मीटर दौड़ में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता। वहीं पर आनंद कुमार 7 बी ने ऊंची कूद में गोल्ड मेडल, रितु कुमारी 9 बी ने सौ मीटर दौड़ में सिल्वर, सोनिया कुमारी 5 सी ने 400 मीटर दौड़ में सिल्वर, अवधेश कुमार यादव 10 ई ने 15 सौ मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल, ध्रुव शंकर 12 कॉमर्स ने 200 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अलावा 16 सौ रिले रेस में सोनिया कुमारी 5 सी, प्रीति कुमारी 7ए रिधी कुमारी 9 बी , रितु कुमारी 9 बी, आकांक्षा रानी 7 बी ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का तथा जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय के गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले सभी प्रतिभागी जोनल स्तर पर आयोजित होने वाले एथलीट्स के लिए चयनित हुए। यह प्रतियोगिता डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर धनबाद में होगी। विद्यालय के इन सभी मेडल जीतने वाले बच्चों को विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका मौसुमी मल्लिक ने डीएवी की प्रातः कालीन सभा में मेडल पहनाकर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने एथलीट्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों, खेल शिक्षक अनिल कुमार को धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने बच्चों को भविष्य में आयोजित होने वाले जोनल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

---

### वन समितियों का उन्मुखीकरण सह वन महोत्सव कार्यक्रम

# जंगल को संरक्षित करना जरूरी : अमित यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** वन विभाग कोडरमा के सौजन्य से जयनगर प्रखंड अंतर्गत बराकर नदी के किनारे बसा गांव बेरोगाई में वन समितियों का उन्मुखीकरण सह वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बरकठ्ठा अमित कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त आदित्य रंजन व जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव शामिल हुए। विधायक बरकठ्ठा अमित कुमार यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक अमित कुमार यादव ने वन समितियों के संबोधित करते हुए कहा कि जंगल को संरक्षित कैसे करें, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। जंगल को संरक्षित करना अतिआवश्यक है। जंगल को बचाने के लिए सभी लोगों को जागरुक होने की आवश्यकता है। गांव-गांव घूमकर जंगल बचाने के प्रति लोगों में जागरुकता फैलायें। आप स्वयं औ? अपने बच्चे के जन्म दिन व अच्चे दिनों में पौधा जरुर लगाये हैं ताकि आने वाले पीढ़ी के लिए एक यादगार का पल हो। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर जंगल को संरक्षित करें।उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि यह संकल्प लें कि हमारे गांव में कुल्हाड़ी बंदी हो। आज जंगल बचाना बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। पौधे लगाने के साथ साथ वन को बचाने का प्रयास करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाकर पार्यावरण संरक्षण पर ध्यान दें। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वन को संरक्षित करने व अधिक से अधिक पौधा लगाकर पार्यावरण संरक्षण करना है। लोगों के पौधारोपण का कार्य करना चाहिए। वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिहं ने वन समितियों को उनके दायित्वों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जयनगर प्रखंड में नाममात्र की वनभूमि क्षेत्र है। विधायक अमित कुमार यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन. वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, अंचल अधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक, स्थानीय मुखिया समेत अन्य अतिथियों ने बराकर नदी के किनारे पौधारोपण कर पार्यावरण संरक्षण एवं जंगल बचाने के संदेश दिया।

---

### अदाणी फाउंडेशन ने अम्बाजीत में लगाया नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

# 81 ग्रामीणों को नि:शुल्क दी गयी दवाईयां डॉक्टर ने दिये स्वास्थ्य संबंधी परामर्श




**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने मंगलवार को महुगाई कला पंचायत स्थित अम्बाजीत मध्य विद्यालय में निशुल्क हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया। अपने सीएसआर (कॉपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कैंप में 81 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

इस अवसर पर हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉ आरके रंजन के नेतृत्व में पैरामेडिकल स्टाफ की एक टीम ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की। सुबह 11:00 बजे से दिन भर चले इस कैंप में महिलाएं, ग्रामीण और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। कैंप में कई महिलाएं भी अपने बच्चों के साथ आई हुई थीं।

अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगाए गए इस मेडिकल चेक अप कैंप में ग्रामीणों ने खुद से आगे आकर अपने स्वास्थ संबंधी चीजों की जानकारी डॉक्टर को दी और उनसे आवश्यक परामर्श लिया। इस दौरान डॉक्टर ने ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, वजन, धड़कन और नब्ज की जांच की और उनके सामान्य शारीरिक फिटनेस की जानकारी ली।

कई ग्रामीणों ने डॉक्टर से अपने आंखों की समस्याएं, तनाव, डायबिटीज, कमजोरी, बॉडी पेन, कफ, कोल्ड, फीवर, त्वचा संबंधित बीमारियां और बैक पेन आदि की शिकायत की।

कैंप में डॉक्टर ने दवाओं के साथ सभी ग्रामीणों को आवश्यक सलाह देते हुए उनका अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। डॉक्टर ने यह भी कहा कि बदलते मौसम में लोग अपने साथ-साथ बच्चों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो जाता है और सबसे पहले बच्चे इसकी चपेट में आते हैं। इसीलिए सर्दी, खांसी और जुकाम जैसे तरह-तरह के वायरल और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे हेल्थ चेकअप कैंप समय-समय पर लगते रहने चाहिए ताकि उनका समाज स्वस्थ बना रहे।

---

# राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृति परीक्षा जनवरी में, 29 नवंबर तक होंगे पंजीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आगामी जनवरी में सत्र 2022- 23 के लिए राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृति परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमे सभी सरकारी व सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय के अष्टम कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थी शामील हो सकते है। परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले विद्यार्थियों को केंद्र सरकार के द्वारा कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12000/- (बारह हजार रुपए मात्र) छात्रवृति प्रदान की जाएगी। जो झारखंड सरकार के अनुमान्य आरक्षण नियमावली के अनुसार देय होगा। बीआरसी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा की तिथि 22 जनवरी 2023 निर्धारित की गई है। जिसमे 90-90 प्रश्नों के दो अलग पेपर होंगे। जिसमें पहला पत्र मेंटल एबिलिटी (मैट) और दूसरा पत्र स्कॉलेस्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (सैट) का होगा। सफलता हेतु न्यूनतम सामान्य, पिछड़ा व अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 40% जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए 32% अंक निर्धारित है। परीक्षा में शामिल होने के लिए सामान्य व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी को सातवीं कक्षा में न्यूनतम 55% तथा अनुसूचित जाति या जनजाति के विद्यार्थियों को 50% अंक से उत्तीर्ण होना एव वर्तमान में कक्षा 8 में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। इसके साथ ही उसके माता पिता का वार्षिक आय साढ़े तीन लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए योग्य नही होंगे। इच्छुक व योग्य विद्यार्थी जैक के वेबसाईट पर अपना पंजीकरण 29 नवंबर तक निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते है।

## न्यूज गैलरी

### अलफलाह सोसायटी ब्लड डोनर ग्रुप द्वारा शिविर आयोजित कर 30 यूनिट किया रक्तदान



**सिमडेगा।** अलफालाह सोसायटी ब्लड डोनर समूह एवं इंडियन पैथोलैब के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया जिसमें अलफलाह सोसाइटी के रक्तदान वीरों ने 30 यूनिट रक्त दान किया।मौके पर बताया गया कि अलफलाह सोसायटी हमेशा से सदर अस्पताल ब्लड बैंक के लिए रक्तदान करते आ रही है और रक्त जरूरतमंदों का सहारा बन रही है।शिविर में रक्त दान में विशेष रूप से साजिद अंसारी, तबरेज आलम, जावेद अख्तर, हुसैन खान, शमशाद आलम, इंडीकैप हुसैन, मोहित कुमार, मो हुजैफा, असलम, मो नईम अंसारी, शाहबाज आलम, मो मजीद आलम ,मो अफजल रजा, वसीम अंसारी, सहाबुद्दीन आलम, मो इम्तियाज खान, मो तबरेज मोहम्मद नौशाद आलम आदि लोगो ने रक्तदान कर लोगों की सेवा की इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ नवल किशोर एवं यक्ष्मा पदाधिकारी ने रक्तदान करने वालो को उपहार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक सिमडेगा के टेक्नीशियन रीना तिग्गा,राजीव ठाकुर ,रीमा साहू एवं अलफलह सोसाइटी के मेंबरों का सहयोग सराहनीय रहा। जिसमें अयूब अंसारी, तबरेज आलम, मिस्टर हीरो, पप्पू, जफर खान, नौशाद आलम सिद्दीकी, मो अंसारी आमिर अहमद सहयोग सराहनीय रहा।

### बोलबा प्रखण्ड के समसेरा पंचायत में हर घर जलापूर्ति योजना का काम चल रहा है तेजी से



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के समसेरा पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा द्वारा निर्मित बडा ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना से पानी का जलापर्ति ग्रामीण क्षेत्रों हर घर जलापूर्ति का काम तेजी से चल रहा है। इस योजना का रख रखाव एवं संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायत की मुखिया,जल सहिया, और इस पानी टंकी में काम करने वाले कमीर्यों का है। पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने बताया कि अभी तक जलापूर्ति अधिकांश घरों का नामांकन भी नहीं किया गया है।जिससे जल कर की वसुली नहीं किया जा रहा है। जिससे रख रखाव व संचालन में दिक्कत हो रही है।समसेरा मुखिया द्वारा जलापूर्ति का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर मुखिया द्वारा जलापूर्ति योजना में काम करने वाले कर्मी को निर्देश दिया कि हर हाल में ग्रामीणों को हर घर नल हर घर जल योजना की तरह पानी मिलें।लोगों को पानी के लिए दिक्कत न हों।जगह जगह पानी को बेकार न बहनें दे।साथ ही ग्रामीण भी जल का उपयोग ठीक सें करे।अगर ऐसा होता है तो इसकी सुचना आर पी डब्ल्यू एस एस बोलबा, अध्यक्ष सह मुखिया व जल सहिया को मो न 6206085135 में दें।इस माह हर घर का नामांकन होगा साथ ही जल कर की वसुली भी की जायेगा।

### विद्यालय एवं छात्रावास निर्माण के लिए तेली समाज को दान में मिला 2.50 एकड़ जमीन

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश तेली समाज के मुख्य संरक्षक आर्मी रिटायर्ड समाजसेवी डॉ टी साहू ने बताया कि काली पूजा के शुभ अवसर पर निंगनी काली माता मंदिर प्रांगण में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं अन्य जिलों से आए पदाधिकारियों की उपस्थिति में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा जिला समिति को 2.50 एकड़ जमीन दान में मिला। कॉलेज रोड लोहरदगा निवासी ब्रजकिशोर साहू पिता स्वर्गीय रामदयाल साहू जो पेशे से वकील है, एवं उनके भाइयों अवध किशोर, प्रमोद प्रसाद एवं विनोद प्रसाद ने अपने पैतृक जमीन जो मौजा सेरेंगहातु, थाना सेन्हा जिला लोहरदगा स्थित खाता संख्या 131 हाल प्लॉट नंबर 552 में से 2.50 एकड़ जमीन विद्यालय एवं छात्रावास निर्माण हेतु दान दिया गया। उक्त जमीन का एकरारनामा जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, महासचिव मनोज साहू एवं कोषाध्यक्ष रामविलास साहू के नाम संपादित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी लोगों ने जमीन दान दाता भाइयों का आभार जताया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना मां काली से किए।

### नाबालिक की संदेहास्पद स्थिति में हुई सदर अस्पताल में मौत, जांच में जुटी पुलिस

# आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बानो थाना क्षेत्र के एक 16 वर्षीय नाबालिग युवती की सोमवार की देर शाम सदर अस्पताल में संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार वाले सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचे और शव को देखने के साथ ही दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आशंका व्यक्त की। युवती की बड़ी बहन ने सिमडेगा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बड़ी बहन ने बताया कि उसकी बहन अपने घर बानो के चाटुओड़ा से अपने मामा के घर लचरागढ़ चटक टोली अपने घर से 10:00 बजे सुबह निकली थी और अचानक शाम में अज्ञात नंबर से कॉल आया और उन्हें बताया गया कि उनकी बेटी का सड़क दुर्घटना हो गया है और कोलेबिरा में इलाज किया गया और उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया गया। परिवार वाले सदर अस्पताल सिमडेगा आए तब तक उसे जो अस्पताल लेकर आया वह भी गायब था वहीं जब परिजन पहुंचे तब नाबालिक की मौत हो चुकी थी। बड़ी बहन ने बताया कि वह घर से निकली थी तब दूसरा कपड़ा पहनी थी और हॉस्पिटल में जब लाया गया तब वह दूसरा कपड़े में थी ऐसे में दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका व्यक्त हो रही है। बड़ी बहन ने बताया की उसके पास कोई भी मोबाइल नहीं था और हो सकता है उसका अपहरण के बाद दुष्कर्म की गई हो। वहीं इस मामले में पुलिस गंभीरता से छानबीन कर रही है। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में सिविल सर्जन द्वारा बोर्ड टीम गठित करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया।

#### पीड़िता के हत्यारों को लोग फांसी देने की मांग कर रहे थे

इधर संदेहास्पद परिस्थिति में मौत की खबर परिजनों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता सदर अस्पताल पहुंचे एवं परिजनों से मिलकर विस्तृत जानकारी ली।परिजनों द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी देने के बाद भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो झूलन चौक के समीप सड़क जाम कर धरना पर बैठ गए और पीड़िता को न्याय दो हत्यारे को फांसी दो झारखंड सरकार हाय है जैसे नारे लगाने लगे।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की आए दिन इस तरह की घटना हो रही है इसीलिए इस घटना का जो भी दोषी है उसकी तुरंत गिरफ्तारी हो पीड़िता को न्याय मिले, प्रशासन के आश्वासन पर भाजपा कार्यकर्ता सड़क जाम खत्म कर रहे हैं पर जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन का रुख अख्तियार करेगी।वहीं पूर्व मंत्री व एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने कहा की वर्तमान की जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में युवती महिला व्यवसायी कोई सुरक्षित नहीं है पूरे झारखंड में लॉयन ऑर्डर फेल हो चुका है दुमका हो या लोहरदगा गुमला हो या खूंटी या फिर सिमडेगा यहाँ महिलाएं सुरक्षित नहीं झारखण्ड में 3 साल के इस सरकार के कार्यकाल में छः हजार से अधिक महिलाओं एवं युवतियों से दुष्कर्म और हत्या की घटना हो चुकी है,दीपिका कुमारी के दोषियों को प्रशासन जल्द गिरफ्तार करें और उसे फांसी के फंदे पर पहुंचाएं दोषियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### जूनियर कैंब्रिज स्कूल की शहर में है खास पहचानः विधायक

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल का 48 वां स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और विशिष्ट अथिति के रूप में उपस्थित पाकरटांड़ जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। मौके पर विधायक और जिप सदस्य ने विद्यालय में बच्चों द्वारा लगाए गए विज्ञान, कला, शिल्प, चित्रकला, कढ़ाई आदि प्रदर्शनी का भी निरक्षण कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। उसके बाद विभिन्न परीक्षा व प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जूनियर कैंब्रिज स्कूल की शहर में खास पहचान है। उन्होने कहा कि जुनियर कैम्ब्रिज स्कूल पिछले 47 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहा है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अब होगी पंचायत वार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन बोलबा प्रखंड में पंचायतवार समसेरा पंचायत का 09.11.2022 बेहरीनबासा का 07.11.2022 एवं कादोपानी का 04.11.2022 को है।ग्रामीण अपनी समस्या को लिखित रूप में विभागवार आवेदन दे सकतें हैं। इसको लेकर प्रखंड स्तर में बी डी ओ उषा मिंज की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी।मौके पर सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विशेण रामायण जी के द्वारा मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के बारे,मुख्यमंत्री आमंत्रण योजना के तहत सभी मुखिया को पंचायत स्तर पर फुटवाल के तहत बालक एवं बालिका का दिनांक 20.11.2022 तक खेल करवा कर फार्म भरके जमा करने की बात कही गयी।हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के नाते यहां मधुमखी पालन को बढावा देने की बात कही। माह अप्रैल से अभी तक करीब 7 माह का मानदेय नहीं मिला है जिससे बी एफ टी कमीर्यों के समक्ष भूखमरी की स्थिति हो गयी है समसेरा पंचायत के मुखिया श्री सुरजन बडाईक द्वारा कहा गया।इन बिकट समस्या पर भी ये लोग पंचायत में पूरी निष्ठा के साथ काम का निर्वाहन कर रहें हैं।मौके पर बडा बाबू,नाजीर प्रखंड बी पी ओ मुखिया शशिकला तिर्की, स्नेहलता केरकेट्टा,शांति देवी, मालसाडा मुखिया विनोद बडाईक पांचो पंचायत के पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक,बी एफ टी कम्प्यूटर आपरेटर के अलावे सभी विभाग से पदाधिकारी ,कर्मी उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का थाना प्रभारी ने किया शुभारंभ

## खेल को खेल भावना के साथ खेलें कामयाबी अवश्य मिलेगी : सनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोक्षरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट के होंदगा ग्राम में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया गया। इधर प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग लेकर अपना जौहर दिखाने का काम करेंगे। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सनी कुमार ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें सफलता अवश्य मिलेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है इससे पराजित होने वाली टीम खुद के अंदर की कमियों को तलाशें और बेहतर प्रदर्शन करें ताकि एक दिन आप भी विजेता बन सकें। थाना प्रभारी ने कहा कि जीतने वाली टीम और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करें एवं हारने वाली टीम विजेता टीम से सीख लेते हुए अपने प्रदर्शन में सुधार लाने का प्रयास करें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। इधर थाना प्रभारी सनी कुमार का आयोजन समिति की ओर से बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष फराज आलम, सचिव मेराज अंसारी, कोषाध्यक्ष रोबिन कुमार, रेफरी तबारक हुसैन अंसारी, तौकीर अंसारी, फैजुल रशीद उर्फ बबलू, अरबाज अंसारी, बाबर अंसारी, सुरजदीप उरांव, बसंत मुंडा, कोशो उरांव, फैजान अंसारी, सत्तार अंसारी आदि मौजूद थे।

### सेन्हा में सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडु पंचायत के टंगरा टोली निवासी मोहन उरांव के पुत्र सुभाष उरांव का लोहरदगा थाना क्षेत्र के जुरिया पथ पर सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि किसी कार्य से लोहरदगा शहर गया हुआ था। और घर लौटने के दौरान किसी अज्ञात ट्रैक्टर के चपेट में आने से उसकी मौत घटना स्थल पर हो गया। वहीं युवक की मौत से परिवार के बीच गहरा शोक व्याप्त है। और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना की सूचना पर लोहरदगा थाना के पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गई है। इस घटना को लेकर डाँडू पंचायत मुखिया दिलीप उराँव मंगलवार को शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर शोक प्रकट किया और आत्मा की शांति के लिए मौन धरना कर ईश्वर से प्राथना किया। साथ ही परिजनों से कहा की दुःख की घड़ी में रखने के लिए कहा और प्रशासन से जांचोपरांत उचित कारवाई करने का मांग किया गया है।

### गोपाल गौशाला सिमडेगा में मनाया गया धूमधाम से गोपाष्टमी



**सिमडेगा।** गोपाष्टमी के मौके पर मंगलवार को गोपाल गोशाला में गौ माता की पूजन की गई। इस मौके पर आचार्य वासुदेव गौतम ने विधि-विधान से पूजन कराई। वही कैलास अग्रवाल सपत्नीक पूजन में शामिल हुए गौ माता को तिलक लगाकर, उनको वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान दिया गया। वहीं आरती के साथ प्रसाद अर्पित की गई। पूजनोपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। सभी गायों को पकवान एवं पौष्टिक आहार दिया गया। पशुपालकों को भी सम्मानित करके उन्हें वस्त्र व रुपये दिए गए। इस मौके पर आचार्य वासुदेव गौतम ने कहा कि हिदू धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है। कहते हैं गाय की पूजा करने से 33 कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है।गाय माता की पूजा के लिए गोपाष्टमी पर्व विशेष माना गया है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल गोपाष्टमी के मौके पर, अपितु लोगों को हर दिन गाय माता की सेवा करनी चाहिए।धर्मार्थ समिति गोपाल गोशाला द्वारा यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सिमडेगा के सभी लोग योगदान देते हैं।उन्होंने कहा कि लोगों को जब भी मौका मिले तो गौ की सेवा करनी चाहिए। एक ग्रास भी देने से गौ माता सबको आशीर्वाद प्रदान करतीं है।

## आराध्य छठ पूजा समिति मसमानो के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र के मसमानो गांव में आस्था एवं विश्वास का पर्व छठ महापर्व के मौके पर आराध्य छठ पूजा समिति मसमानो के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुखैर भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में मसमानो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी बबलू उरांव, कांग्रेस पार्टी के युवा कार्यकारी अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, भंडरा थाना के एएसआई शर्मा भगत, जय श्री राम समिति कि सुषमा सिंह, अजय सोनी, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश प्रदेश संयोजक सह मार्गदर्शक मंडल स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। आगंतुक सभी अतिथियों ने संयुक्त रुप से फीता काटकर भक्ति जागरण प्रोग्राम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी अतिथियों का आयोजन समिति के द्वारा स्वागत करने के साथ बैच व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए आरआर म्यूजिकल ग्रुप रांची के वादक एवं गायक-गायिका मसमानो गांव पहुंचे। जहां पर गायक अमरेश कृष्णा सरकार व गायिका वीणा कौर, खुशबू विश्वकर्मा, बबन छैला एवं जतिन शर्मा ने एक से बढ़कर एक छठी मैया के नाम गीत लोगों को समर्पित किया। उग हे सूरज देव .... गीत ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन जीत लिया। वही वादक राजीव रंजन मिश्रा, प्रिंस, अवनीश व अखिलेश ने मनमोहक म्यूजिक देकर लोगों को एक मंच पर समेटे रखा।

## धूमधाम से निकाली गई भगवान सूर्य की विसर्जन शोभायात्रा, केलाघाघ जलाशय में किया विसर्जित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शहर के प्रिन्स चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल परिसर से मंगलवार की दोपहर में भगवान आदित्य महाप्रभु की प्रतिमा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले सड़क को जल से धोकर पुष्प बिछाया गया। वहां भगवान भास्कर की विसर्जन शोभायात्रा गुजरी। शोभयात्रा झूलन सिंह चौक, नीचे बाजार, रामनगर होते हुए केलाघाघ डैम पहुंची, जहां पर आचार्य पंडित श्याम सुन्दर मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान की पूजा-अर्चना कराई । उसके बाद आरती हुई, फिर भगवान सूर्य की प्रतिमा को जल में विसर्जित किया गया। वहीं शोभायात्रा के दौरान भक्तों के बीच ठेकुआ महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं भक्तों ने भी श्रद्धा पूर्वक भगवान को प्रणाम कर प्रसाद ग्रहण किया। विसर्जन की शोभायात्रा में नवज्योति नवयुवक संघ छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर जिया, सचिव विष्णु दयाल शर्मा, राजू केसरी,रतन केशरी, आंनद, विकास, शम्भू केशरी, अनुप श्रीवास्त मुख्य संरक्षक, कोषाध्यक्ष शम्भू केशरी, सत्या ठाकुर, तारकेश्वर भारती, आनंद जैसवाल, जितेंद्र सोनी, अरविंद, राहुल दीपक, हरि, ऋतिक, नारू, रतन, प्रकाश, शक्ति सौर्य, कैलाश, शशि श्रीवास्तव, जगत, हेमंत युवराज सहित समिति के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### यस बोलबा संस्था की ओर से केरया पंचायत से मैट्रिक के टॉप 3 बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित

**ठेठईटांगर ।** प्रखंड के ठेठईटांगर में श्येस बोलबा नामक संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने हेतु केरया पंचायत के पंचायत भवन में मैट्रिक के टॉपरों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उनमें से टॉप थ्री बच्चों का चुनाव कर तीनों बच्चों को बैग, कोस्टा चाभी रिंग एवं चॉकलेट देकर सम्मानित किया गया। प्रथम टॉपर पुरस्कार प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज के हाथों खुशी कुमारी को, द्वितीय टॉपर पुरस्कार केरया मुखिया कृस्तधनी लकड़ा के हाथों अजीत रसाल को तथा तृतीय टॉपर पुरस्कार येस बोलबा के संस्थापक रवि रोशन,अध्यक्ष नेलसन डुंगडुंग, कोऑर्डिनेटर प्रफुल किड़ो एवं असुनता सोरेंग, सदस्य अमृत चिराग, प्रिन्स कुमार आदि ने सम्मिलित रूप से कसीला कुमारी को देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक रवि रोशन के द्वारा यस बोलबा के कार्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पाकरटांड ब्लॉक कोआर्डिनेटर प्रफुल किड़ो द्वारा भारत का संविधान, जनता के अधिकार, पांचवी अनुसूची के प्रावधान इत्यादि की जानकारी विस्तृत रुप से दी गई।

### लोहरदगा में मनोकामना दुर्गा मंदिर के शिखर पर चढ़कर सिरफिरे युवक ने की तोड़फोड़

# दो घंटे तक काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से नीचे उतारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला मुख्यपथ के रियाडा मोड़ स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर में देर रात्रि एक सिरफिरे युवक ने मंदिर के शिखर पर चढ़कर 2 घंटे तक जमकर उत्पाद मचाया. इस तोड़फोड़ से मंदिर का कुछ हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर किसी तरह युवक को मंदिर के शिखर से स्थानीय लोगों की सहायता से नीचे उतारकर सुरक्षित हिरासत में लेकर सदर थाना ले गई। यह घटना सोमवार देर रात की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दुर्गा मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य चल रहा था, जिस वजह से वहां सीढ़ी भी मौजूद थी. युवक मंदिर में घुसकर सबसे पहले बजरंगबली का पूजा किया और उनको गले से लगाया और उसके बाद वो सीढ़ी के सहारे मंदिर के शिखर पर चढ़ गया और मंदिर में तोड़फोड़ करने लगा. इस तोड़फोड़ से मंदिर का कुछ हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है. देखते ही देखते मंदिर के चारों तरफ बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे और तोड़फोड़ होता देख आक्रोश में आ गए. मामले की गंभीरता को समझते हुए जिले के डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत समेत सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने में जुट गए. वहीं शिखर पर चढ़ा युवक को उतारने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मेहनत करनी पड़ी और 2 घंटे तक माइक से एसडीपीओ बीएन सिंह ने अनाउंस करके युवक को बातों में उलझाते हुए उससे उतरने के लिए कहा। उन्होंने काफी समझाने की कोशिश की, पर वो नीचे उतरने को तैयार नहीं हो रहा था. उस व्यक्ति की डिमांड पूछी गई तो उसे सुनकर सभी के पसीने छूटने लगे. उसने कहा कि गांव में सभी लोगों का पक्का मकान होना चाहिए।

#### अचानक विक्षिप्त हो जाता है युवक, खून निकलने से हो जाता है शांत

उसकी पत्नी सोनामणी उरांव ने बताया कि वो ससुराल जाने के लिए राणा चौक दोपहर 01 बजे आया था। उसी दौरान उसको दौरा आने लगा। सुबह से कुछ खाया पिया नहीं था। उत्तेजित होकर वो इधर उधर भागने लगा। उसको ऐसा लगा था कि उसको कोई मारने वाले हैं और उसकी पत्नी को कोई मार देगा ऐसा बावलाप्पन कर रहा था। इसके बाद वो भाग गया। जिसको खोजबीन के लिए परिजन रातभर इधर उधर घूमते रहे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण में 7 पंचायतों में लगा शिविर

**सिमडेगा।** जिले में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण के प्रथम मंगलवार को कुल 07 प्रखण्डों में शिविर आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जिसके अन्तर्गत सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, हरा राशन कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फुलो झानो आशीर्वाद योजना, श्रामधान के साथ मनरेगा एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। आज के कार्यक्रम के अन्तर्गत बानो प्रखण्ड के बांकी पंचायत कोलेबिरा प्रखण्ड के नवाटोली पंचायत, कुरडेग प्रखण्ड के बड़कीबिउरा पंचायत, केरसई प्रखण्ड के बासेन पंचायत, सिमडेगा प्रखण्ड के बिरू पंचायत, पाकरटाँड प्रखण्ड के केशलपुर पंचायत एवं जलडेगा प्रखण्ड के लोम्बाई पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### छठ पर्व के अवसर पर कुडू में भक्ति जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# छठी मैया और माता दुर्गा के भजन पर रात भर झूमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** मां शक्ति दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड कुडू के बैनर तले छठ पर्व के अवसर पर सोमवार देर शाम भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वागत भाषण संतोष मांझी एवं मंच संचालन अमित राज ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अविराम के सचिव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष लातेहार, कुडू सीओ प्रवीण कुंमार सिंह, कुडू थाना के एसआई रामदेव राय उपस्थित हुए। शुरूआत में अतिथियों द्वारा कुडू शहरी क्षेत्र के सभी चारो पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव को सम्मानित किया गया। ततपश्चात जय माता दी जागरण ग्रुप रांची के कलाकार अरबिंद राज पांडे के द्वारा गणेश वंदना गीत से जागरण कार्यक्रम का आगाज हुआ। जिसके बाद कलाकार दुबे प्रकाश, अंजनी पांडे, जया सिंह, किरण पाठक, अंशु कावया, पंकज मिश्रा, दारा महतो, आकाश धान, यादब चंदर एवं अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर ऐसा शमा बांधा कि दर्शकों को पूरी रात कार्यक्रम से जोड़े रखा। छठी मैया व देवी माता के गीतों पर देर रात तक श्रोता झूमते रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में सेतु सिंह, राजा, रामनरेश कुमार, रामावतार साहू, रामकिशोर साहू, सूरज सिंह, राजेश गुप्ता, बबलू साहू, रौनक, राहुल, विपुल आदि का अहम योगदान रहा।

## न्यूज गैलरी

### न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के संरक्षण में नालसा कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** नालसा के एक्सक्यूटिव चेयरमैन व भारत के नामित मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के संरक्षण में नालसा द्वारा 31 अक्टूबर को दो कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है । जिसमें सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को जिले के सभी पंचायत में विधिक जागरूकता एवं नागरिकों को मिलने वाले अधिकारों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 6 नवंबर 2022 को मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप जिला मुख्यालय में किया जाएगा। नालसा के निर्देशानुसार यह कैंप देशभर में 6 नवंबर को आयोजित किया जाएगा । इसके अलावा पलामू जिले के तीन अनुमंडल में एक एक लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा । जिसमें नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं को जानकारी दी जाएगी। जिससे लोग सशक्त व जागरूक हो। इसके अलावा हक हमारा भी तो है @ 75 का शुभारंभ 31 अक्टूबर 2022 को किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत जेल में बंद अंडर ट्रायल व कॉन्विक्ट को लीगल एड के माध्यम से दी जाने वाली मूलभूत सहायता के बारे में जानकारी दी जाएगी । इस कार्यक्रम के द्वारा जो भी जानकारी प्राप्त होगी । डालसा द्वारा झालसा को प्रेषित किया जाएगा । साथ ही कारा में बंद सभी लोगों का साक्षात्कार प्रपत्र भरा जा रहा है । जो 7 नवंबर 2022 तक भरा जाएगा । जरूरत पड़ने पर आगे भी इसकी तिथि बढ़ाई जा सकती है। इसका मुख्य उद्देश है कि न्याय से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे। न्याय सबके लिए समान है। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, अधिवक्ता सचिन्द्र कुमार पांडेय, अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, पीएलबी करण थापा, विनय प्रसाद, श्रीकांत तिवारी ,सुचिता एका ,सुमंत मेहता आदि लोग उपस्थित थे । पहले दिन 100 सजायाफ्ता बन्दियों का काउंसलिंग किया गया तथा प्रपत्र भरा गया।

### जमीनी विवाद में दो लोग घायल

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरमा निवासी उदय सिंह पिता स्वर्गीय अमरदेव सिंह ने मारपीट से संबंधित एक आवेदन पड़वा थाना को दिया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से पुलिस को बताया है कि 31 अक्टूबर को लगभग प्रातः 11 बजे हमें जान से मारने की नियत से राइफल और लाठी-डंडों के साथ मेरे घर पर आकर विपिन बिहारी सिंह एवं उपेंद्र सिंह पिता- स्वं नथुनी सिंह, राहुल सिंह पिता- बिपिन बिहारी सिंह, नेहाल सिंह और विशाल सिंह पिता- उपेंद्र सिंह एवं सुनिल सिंह, अरूण सिंह और पिंटू सिंह पिता- स्वं मनदीप सिंह इन सभी लोगों ने मेरे घर में आकर गाली-गलौज करते हुए हमलोगों पर जानलेवा हमला किया। साथ ही हवाई फायरिंग भी की। इन लोगों ने लाठी और ईंट से हमला कर हमारे पास से सोने का चेन भी लूट लिया और हमारे परिवार के अन्य सदस्यों पर भी लाठी व ईंट से हमला किया । साथ ही घर में आग लगाने की कोशिश की। हम पीड़ित परिवार के सदस्यों में उदय सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, अनिल कुमार सिंह, प्रशांत रंजन, विवेक सिंह व बूटा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें सदर अस्पताल डालटनगंज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया । जिनमें उदय सिंह और उमेश प्रसाद सिंह की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। हम पीड़ित परिवार के सदस्य काफी दहशत में हैं और हमारी प्रशासन से यही गुहार है कि आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो और हमें सुरक्षा दी जाए।

### नावा बाजार में विद्युत करंट से युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित रोशनगंज निवासी स्वर्गीय बदरीजमा खान के 36 वर्षीय पुत्र जुल्दान खान की मौत सोमवार की रात विद्युत करंट लग जाने से हो गई। जानकारी के अनुसार जुल्दान के मां सैरून बीवी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुआ था। जिसके निर्माण के लिए जुल्दान खान छत की ढलाई के लिए पानी का बंदोबस्त कर रहा था । पानी भरने के क्रम में जुल्दान खान को विद्युत करंट लग गई । जहां घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया । जहां जुल्दान को डाक्टर मृत घोषित कर दिया गया। जुल्दान खान अपने पिता का अकेला ही पुत्र था । जिसके पीछे पत्नी सहित सात लड़की और दो लड़का ,एक बहन व मां सहित तेरह परिवार को भरण-पोषण प्रतिदिन छतरपुर जाकर चना बेचकर करता था। घटना को सुनकर मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गए। घटना की जानकारी नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास को दी गई । जहां पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल शव को भेज दिया गया। सूचना पाकर इटको पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सफिर आलम ,आरिज आलम जुबेर खान नकई खान, मीर अमीरुद्दीन खान, पत्रकार बबलू प्रसाद गुप्ता,अख्तर खान शेख सादिर अहमद परिवारों को ढांढस बंधाया।

### युवक का अधजला शव बरामद,पुलिस शव का करायेगी डीएनए टेस्ट

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को एक युवक का अधजला शव बरामद हुआ है। कुछ लोगों का कहना है कि इलाके से एक युवक पांच दिनों से लापता था शव उसका हो सकता है। लेकिन शव जल जाने से उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। इसलिए पुलिस को आशंका है कि जला हुआ शव लापता युवक का नहीं है, बल्कि किसी और का है। परिजनों ने कपड़े से शव की पहचान लापता युवक के रूप में की है। इसलिए पुलिस ने शव का डीएनए टेस्ट कराने का फैसला किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। युवक का डीएनए सैंपल भी ले लिया है। दरअसल पलामू के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा जंगल में एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसी सूचना के आलोक में पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक अधजला शव जंगल में फेंका हुआ है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए अगल बगल के ग्रामीणों से पूछताछ की। इधर पांडेपुर के 22 वर्षीय रवि कुमार गुप्ता पिछले 25 अक्टूबर से लापता हैं। वह आर्केस्ट्रा देखने घर से निकला था। जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने युवक के कपड़े और अन्य सामग्री से उसकी पहचान की है। परिजनों को आशंका है कि किसी ने हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया है। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया है। थाना प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि परिजनों के दावे के बाद शव को सौंप दिया गया है। शव देखने से काफी पुराना लग रहा है। पुलिस ने मामले में डीएनए सैंपल ले लिया है और दावा करने वाले परिजनों से इसका मिलान किया जाएगा। पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है।

3.93 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले दो पुलिया के निर्माण कार्य का सांसद ने किया शिलान्यास, कहा

# जल्द ही पर्यटन के क्षेत्र में विकसित होगा शरूअत पहाड़

नवीन मेल संवाददाता





**बड़गड़।** जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बड़गड़ प्रखंड के मदगड़ी-स्थित गुंगा नदी पर 3.93 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले दो पुलिया के निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद विष्णु दयाल राम एवं क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही दो राज्यों को जोड़ने वाली बड़गड़ से मुटकी छत्तीसगढ़ सीमा तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास दोनों जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व शीलापट्ट पट का अनावरण कर किया गया। उक्त सड़क निर्माण कार्य की लागत दो करोड़ पचपन लाख रुपए बताई गई है। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे माननीय अतिथियों ने सभा को भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्र के दर्जनों समस्याओं से सांसद एवं विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिसमें बरवाडीह से अंबिकापुर तक अधुरी रेल लाइन परियोजना, सरूअत पाट को प्र्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, कामर्शियल बैंक की स्थापना करने सहित अन्य मांग शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि झारखंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर राज्य सरकार लोगों को ठगने का कार्य कर रही है। वर्तमान में झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। घोटालेबाज एवं भ्रष्टाचारी का मनोबल राज्य में बढ़ा हुआ है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने संबोधन में कहा कि कि बड़गड़ प्रखंड का अपेक्षित विकास वास्तव में अभी तक नहीं हुआ है। जो स्वीकार करने योग्य है। लेकिन यहां की विकास आज तक क्यों नहीं हुई लोगों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की जो भी मांग है उसे पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि सरूअत पहाड़ को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। हम लोगों का प्रयास जारी है जल्द ही सरूअत को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे जिप सदस्य रूपांजली जायसवाल, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती, अंचलाधिकारी मदन महली, बड़गड़ प्रखंड विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष जेपी मिंज, सचिव जितेंद्र चन्द्रवंशी,अमानत अंसारी, बड़गड़ मुखिया मोनिका कच्छप, सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, रूपनिरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रेश प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेश केसरी, रामचंद्र सिंह, परशुराम सिंह, जितेंद्र चौबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता देवी, जिला मंत्री स्वाति तिर्की, चंदन केसरी आदि मौजूद थे।

## गरीबों के मसीहा बने डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के जाने-माने हड्डी रोग विशेषज्ञ सह पलामू सिविल सर्जन डॉ विजय सिंह के पुत्र डॉ प्रवीण सिद्धार्थ गरीबों की मदद के लिए हमेशा सहयोग करते आ रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने एक दिन रात के 10:00 बजे देखा कि एक दिव्यांग व्यक्ति मोटर व्हीलचेयर से शहर में सफर कर रहा है। दिव्यांग व्यक्ति के व्हीलचेयर में लाइट नहीं थी। जिसके कारण वह कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते थे। इस घटना को जब उन्होंने देखा तो उन्हें बेहद अफसोस हुआ और उन्होंने दिव्यांग व्यक्ति को गार्ड करते हुवे उनके घर तक छोड़ा। उन्होंने दरिया दिल दिखाते हुए दिव्यांग व्यक्ति के व्हीलचेयर के दोनों साइड चार्जेबल लाइट लगवाया। इस नेक कार्य के लिए दिव्यांग व्यक्ति ने डॉ प्रवीण सिद्धार्थ को धन्यवाद दिया। मौके पर उपस्थित डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि जिम्मेदारियां तो ढूंढने से मिलतीं हैं। बशर्ते आपके मन की आंखें खुलीं हों। उन्होंने कहा कि आत्मसम्मान बड़ी चीज होती है। फिर भी उनकी जरूरत और अपने दायित्व से बंधा हुआ मैं उनके लिए एक रिचार्जेबल फ्रंट/ बैक लाइट का प्रबंध करने का निश्चय किया।आज मुझे बेहद खुशी और संतोष है कि हमारा एक छोटा सा प्रयास किसी के जीवन में बदलाव ला सकता है। उनकी दिक्कतों को कुछ घटा सकता है और उन्हें ज्यादा आत्मविश्वासी बना सकता है। जहां भी कोई जरूरतमंद दिखे हम उनकी मदद यथासंभव करने की कोशिश करेंगे।

## पलामू में आज मनेगी आंवला नवमी, दूर होगी दरिद्रता



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में आंवला नवमी पर आवंला के वृक्ष की पूजा वृहस्पतिवार को किया जायेगा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी मनाई जाती है। मान्यता के अनुसार इस दिन आंवले की पूजा करने से आरोग्यता और सुख-समृद्धि का वरदान प्राप्त होता है। आंवला नवमी पर आवंला के वृक्ष की पूजा का विधान है। जिससे सुख-समृद्धि का वरदान प्राप्त होता है। माना जाता है कि आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु और शिवजी वास करते हैं। पुरोहित आनंद पाठक ने बताया कि आंवला नवमी को ही भगवान विष्णु ने कुष्माण्डक दैत्य को मारा था। इस दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने कंस वध से पहले तीन वन की परिक्रमा की थी। आज भी लोग अक्षय नवमी पर मथुरा-वृंदावन की परिक्रमा करते हैं। संतान प्राप्ति के लिए इस नवमी पर पूजा अर्चना का विशेष महत्व है।

**आंवला नवमी पर पूजा का समय :** नवमी तिथि 1 नवंबर को रात 11 बजकर 04 मिनट से शुरू होगी और आज रात 09 बजकर 09 मिनट पर समाप्त होगी। आंवला नवमी का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 34 मिनट से दोपहर 12 बजकर 04 मिनट तक होगा।

**मूल्यवान माना जाता आंवला :** आंवले का फल पौराणिक दृष्टिकोण से रत्नों के समान मूल्यवान माना जाता है। कहते है कि शंकराचार्य ने इसी फल को स्वर्ण में परिवर्तित कर दिया था। इस फल का प्रयोग कार्तिक मास से आरम्भ करना अनुकूल माना जाता है। इस फल के सटीक प्रयोग से आयु, सौन्दर्य और अच्छे स्वस्थ्य की प्राप्ति होती है। मात्र यही ऐसा फल है जो सामान्यतः नुकसान नहीं करता है।

**दूर होती है दरिद्रता :** कार्तिक मास में आंवले को भोजन में शामिल करें अथवा आंवले के रस में तुलसी मिलाकर सेवन करें। कार्तिक में आंवले का पौधा लगाने से संतान और धन की कामनाएं पूर्ण होती हैं। आंवले के फल को सामने रखकर कनकधारा स्तोत्र का पाठ करने से दरिद्रता दूर होती है। अगर कर्ज से परेशान हों तो घर में आंवले का पौधा लगाएं और इसमें रोज सुबह जल डालें।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन डीसी ने सुनी फरियाद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के जनता दरबार में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने समस्याएं सुनायी। इस दौरान चैनपुर के पूर्वडीहा से आयी क्लास नौवीं की छात्रा ने उपायुक्त को बताया कि कक्षा नौवीं में पढ़ाई के दौरान मेरे माता-पिता का देहांत हो गया था । जिस कारण कुछ दिनों के लिये मेरी पढ़ाई बाधित हो गयी थी और अब मेरा एडमिशन नहीं लिया जा रहा है। अतः उन्होंने उपायुक्त से अपना नामांकन राजकीय बालिका + 2 उच्च विद्यालय में करवाने हेतु अनुरोध किया। इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट एडीपीओ को बुलाकर उक्त छात्रा का नामांकन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। इस तरह चैनपुर के पतरिया खुर्द से आये राघवेन्द्र प्रसाद ने उपायुक्त से धान का भुगतान नहीं किये जाने के संबंध में शिकायत की। इस पर उपायुक्त ने डीएसओ को उचित कार्रवाई करने की बात कही। वहीं पांकी के लोहरसी से आये चमन साव ने उपायुक्त को बताया की आगलगी के कारण उनका घर जल कर राख हो गया एवं घर में रखा सारा सामान भी जल गया। अतः उन्होंने उपायुक्त से अग्निकांड में हुए भरपायी करने हेतु अनुरोध किया । इस पर त्वरित एक्शन लेते हुए डीसी ने आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को कॉल कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। इसी तरह लॉ एंड आर्डर से जुड़े विभिन्न मामलों को सदर एसडीओ को अग्रसारित करते हुये कार्रवाई करने की बात कही। उपरोक्त के अलावे आज के जनता दरबार में जमीन विवाद, मुआवजा राशि, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान, नियोजन से संबंधित आवेदन आए। जिसे उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में आये कुल 9234 आवेदन, ऑन स्पॉट 709 का हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रारंभ हो गया है। जिसके तहत आगामी 14 नवंबर तक जिले के अलग-अलग पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी 21 प्रखंडों के 21 पंचायतों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 9234 आवेदन प्राप्त हुए । जिसमें से 709 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण,तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति,किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

**बुधवार को इन स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर को हुसैनाबाद के पथरा,छतरपुर के डाली,चैनपुर के पूर्वडीहा,पाटन के राजहारा,व पांकी के डंडारकला पंचायत भवन में लाभुकों के शिविर का आयोजन कर आमजनों को लाभान्वित किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने समाहरणालय में वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मिनट-टू मिनट कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए। चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत आपके योजना,आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता का निर्देश सभी पदाधिकारियों को दिया। परिसंपत्तियों की वितरण को लेकर लाभुकों का आवागमन हेतु परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया। वहीं जेएसएलपीएस के डीपीएम को सखी मंडल की दीदियों/लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सूचना एवं विज्ञान अधिकारी को 4 नवंबर के दिन सभी शिविर वाले पंचायतों में सीएम के कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज,नगर आयुक्त समीरा एस,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा,प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते समेत जिले के सभी वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# साहित्य समाज चौक में 70 वां श्रीरामचरित्त मानस नवाह्न परायण महायज्ञ शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय के साहित्य समाज चौक के पास स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर के परिसर में श्री रामचरित मानस नवाह्न महायज्ञ शुरू हुआ। छठ के सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के दिन से महायज्ञ के 70 वें अधिवेशन का उद्घाटन राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। अपने उच्च विचार, आदर्श जीवन व सतकर्म की बदौलत ही प्रभु श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाये। सारे धर्मग्रंथ सत्य के मार्ग पर चलने व सतकर्म की शिक्षा देते हैं। सतकर्म से ही मनुष्य महान बनता है। मंत्री ने महायज्ञ समिति के आजीवन सदस्य ज्ञानचंद पांडेय, अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय, शिवनाथ अग्रवाल, चिंतामणि शर्मा, रूपेश कुमार सिन्हा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने किया। यज्ञाचार्य पंडित रामनरेश पाठक ने पूजा संपन्न करायी। यजमान उमाकांत सिंह सपत्नीक थे। मानस पाठ पंडित प्रेम कुमार मिश्र ने शुरू कराया। मौके पर झामुमो नेता संजीव तिवारी, भरत सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, रामयश उपाध्याय, श्रीधर द्विवेदी, रविशंकर उपाध्याय, किशोर पांडेय, उमेश पाठक, धनंजय सिंह, सुरेश पाठक, अंजनी पाठक, संतोष पाठक, संजय पांडेय सहित अन्य मौजूद थे। अचार्य पंडित राम नरेश पाठक ने वैदिक मंत्रोचार के साथ श्री राम दरबार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा और पूजा संपन्न कराया । इसके बाद पाठ करने के लिए व्यास पंडित प्रेम कुमार मिश्रा के नेतृत्व में 9 विद्वानों ने मानस पाठ शुरू किया । उद्घाटन सत्र का संचालन समिति के सचिव शिव नाथ अग्रवाल ने किया।

**08 नवंबर तक चलेगा महायज्ञ :** महायज्ञ का आयोजन 31 अक्टूबर से शुरू हुआ और 08 नवंबर तक चलेगा। इसी क्रम में देवउठानी, तुलसी विवाह भी सम्पन्न होगा। कार्तिक पूर्णिमा के दिन महायज्ञ की समाप्ति हो जायेगी और अगले दिन सभी प्रतिमाओं को विसर्जन किया जायेगा।

## मंत्री का पलामू आगमन उज्ज्वल भविष्य का आधारशिला है : अविनाश



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय तुलसी मानस मंदिर में यज्ञ शुभारंभ के मौके पर सूबे के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर का आगमन हुआ। दर्जनों वरीय कार्यकर्ताओं ने काफिला रोक कर फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। पुष्पगुच्छ व माला देकर मैने भी अभिनन्दन किया। अगवानी कर साहित्य समाज चौक मानस मंदिर तक लाए। अल्पावधि वार्ता में पलामू के सरजमीं के लिए बहुत कुछ कह गए। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का पलामू आगमन राजनीति के उज्ज्वल भविष्य के आधारशिला रख गए। मौके पर जिला सचिव सानू सिद्दीकी, केंद्रीय समिति सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, मनोज गुप्ता असफर रब्बानी, दीपक तिवारी सहित अन्य जिम्मेदार कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

सम्पादक की कलम से...

## हादसे से सबक लें..

**मोरबी** हादसे पर देश भर में राजनीति शुरू हो गयी है। ऐसे मौके पर इस तरह की राजनीति कहीं से शोभा नहीं देती है। बावजूद यह सिलसिला जारी है। यह काफी दुखद है। अभी तत्काल मृत लोगों के परिजनों को राहत और दुख में साथ देने की जरूरत है। ऐसे में कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर का यह तंज कि कौन अफवाह फैला रहा है कि पीएम नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे रहे हैं? जैसे शब्द मर्यादा की श्रेणी में नहीं आते हैं। बहरहाल गुजरात में घटी उस हृदयविदारक घटना पर झारखंड के कई नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी मोरबी पुल हादसे पर दुख व्यक्त किया है। गुजरात की मोरबी शहर स्थित माच्छू नही में बने पुल के टूटने से हुए हादसे में राहत और बचाव का काम अभी भी जारी है। सैकड़ों लोग अभी भी लापता हैं। बताया जाता है कि हादसे के वक्त पुल पर कम से कम 400 लोग मौजूद थे जिसमें बड़ी संख्या में औरतें और बच्चे भी थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि पीड़ित लोगों को दुख का वज्रपात सहने की शक्ति दें। बचाव का काम युद्धस्तर पर जारी है। ईश्वर पीड़ित परिजनों को दुख के इस वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करें। सीएम सोरेन ने आधिकारिक ट्विटर पर लिखा है कि गुजरात के मोरबी में नदी पर बने ब्रिज के टूटने से कई लोगों के हताहत होने की दुखद खबर मिली है। परमात्मा से हादसे में हताहत हुए लोगों की कुशलता की कामना करता हूं। लेकिन झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी मोरबी पुल हादसे पर दुख जताते हुए आधिकारिक ट्विटर पर लिखा कि अत्यंत दुखद घटना है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सही-सलामत रखें और दिवगंत भक्तगणों को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। राजेश ठाकुर ने घटना को लेकर प्रधानमंत्री पर तंज भी कसा है। लिखा है कि अब ये अफवाह कौन फैला रहा है कि पीएम मोरबी हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे रहे हैं। आखिर इस तंज का क्या मतलब है। आज कल देखा जाता है कि मौके कोई भी हो,विपक्षी नेता इस्तीफे की मांग करने लगे हैं। कभी पीएम तो कभी सीएम की इस्तीफे की मांग। ऐसे में सस्ती राजनीति के चक्कर में वह यह भूल जाते हैं कि यह एक ऐसा हादसा है जो हमसे बार-बार यह पूछता है कि हमारी गतली क्या थी? ऐसे दुखद समय में सबकी जवाबदेही बनती है कि वे इस आपदा में लोगों का साथ दें। तंज या राजनीति के लिए अभी बहुत वक्त है और आयेगा। गुजरात की घटना एक सबक है। जिससे हमें सीखने की जरूरत है। कारण देश में अंग्रेजों के जमाने के हजारो पुल ऐसे हैं जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। ऐसे में समय रहते तुरंत इसे ठीक करने या हटाने की व्यवस्था होनी चाहिए। विपक्ष को इस्तीफे की जगह इन पुलों के बारे में दबाव बनाने की जरूरत है। ताकि कोई इस तरह की दूसरी घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस दुर्घटना से हमारी आंखों की बंद गठरी कहीं इन लाशों की पोटली में बंद न हो जाये,यह ध्यान रखना जरूरी है। घटना के बाद पूरे देश में जिस तरह इसकी व्याख्या की जा रही है,वह काफी दुखद है। हमें किसी आपदा या दुर्घटना से सीखने की जरूरत है कि ऐसा कैसे हुआ,और आने वाले दिनों में इसे किस तरह रोका जा सकता है।

### आज का इतिहास

**1942 :** जापान ने बर्मा पर आक्रमण किया।
**1949 :** अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने अपनी चार सूत्री कार्यक्रम की घोषणा।
**1972 :** अरुणाचल प्रदेश केंद्रशासित प्रदेश तथा मेघालय राज्य बना।
**1980 :** अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर ने मास्को ओलंपिक का बहिष्कार किया।
**1995 :** रूस की मुद्रा रूबल अपने सबसे निचले स्तर पर आयी।
**1996 :** इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास एक नाव के डूब जाने से उसमें सवार 340 लोगों की मौत हुई।
**2008 :** भारत ने इजरायल का एक जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करके उसे सफलतापूर्वक पोलर आर्बिट में स्थापित किया।
**2009 :** कर्नाटक के बीदर में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान 'सूर्यकिरण'के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक पायलट की मौत हो गई।
**1817 :** कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना।
**1840 :** डच राजा विलियम द्वितीय की ताजपोशी।
**1841 :** प्रथम अफीम युद्ध में चीन ने हांगकांग को ब्रिटेन के हवाले किया।
**1860 :** डच सेना ने इंडोनेशियाई द्वीप सेलेब्स के वाटमपोन पर जीत हासिल की।
**1892 :** पहली बार बास्केट बॉल खेला गया।
**1920 :** अमेरिका में नागरिक स्वतंत्रता संघ की स्थापना।
**1950 :** दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम नीदरलैंड से स्वतंत्र हुआ।
**1952 :** ब्रिटेन की सेना ने मिस्त्र के शहर इस्मायलिया तथा स्वेज नगर पर कब्जा किया।
**1957 :** वामपंथी नेता गोलुल्का ने पोलैंड में संसदीय चुनाव जीता।
**1957 :** भारत के पहले परमाणु रिएक्टर ह्यअप्सराह्न का ट्रॉम्बे में उद्घाटन किया गया।
**1959 :** स्वतंत्रता सेनानी तेज बहादुर सप्रू का निधन।
**1964 :** अमेरिका में ह्यमीट द बीटलेसह्न जारी हुआ।
**1982 :** मध्य अमेरिकी देश होंडुरस में संविधान लागू हुआ।

# ब्रह्माण्ड के विस्तार की आंख-मिचौली

> नासा वैज्ञानिक अभी इस अविश्वसनीय-सी ब्रह्मांडीय घटना के कारण का पता नहीं लगा पाय हैं। हम अब तक जानते हैं कि ब्रह्मांड पदार्थ से भरा है और गुरुत्वाकर्षण की आकर्षक शक्ति उस सभी पदार्थ को एक साथ खींचती है। पृथ्वी के त्वरण को जो प्रभावित करता है उसे डार्क एनर्जी कहा जाता है लेकिन हम नहीं जानते कि यह इसे कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्माण्ड की गुत्थियों को सुलझाता मन : ब्रह्माण्ड के विस्तार की व्याख्या अभी भी एक रहस्य बनी हुई है। हम जानते हैं कि ब्रह्मांड का लगभग 68त्न हिस्सा डार्क एनर्जी है। पृथ्वी पर सब कुछ ब्रह्मांड का केवल 5त्न से भी कम है। हम इतने छोटे अंश हैं ब्रह्मांड की इस ऊर्जा का!

नासा का कहना है कि हमारे ब्रह्मांड में कुछ अद्भुत और अविश्वसनीय-सा हो रहा है। यह जानकारी हबल स्पेस टेलीस्कोप से एकत्र किये गये आंकड़ों का अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने साझा की है। वैज्ञानिकों को विश्वास नहीं हो रहा कि वास्तव में हो क्या रहा है। वे केवल इतना जानते हैं कि कुछ अद्भुत हो रहा है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति में समझाया: इस विसंगति का कारण एक रहस्य बना हुआ है। लेकिन हबल डेटा विभिन्न प्रकार की ब्रह्मांडीय वस्तुओं को शामिल करता है जो दूरी मार्कर के रूप में काम करते हैं, इस विचार का समर्थन करते हैं कि कुछ अजीब चल रहा है, संभवतः बिल्कुल नई भौतिकी सम्मिलित करते हुए। ब्रह्मांड का विस्तार कितनी तेजी से हो रहा है, ब्रह्माण्ड में जो घटित हो रहा है उसका इससे कोई लेना-देना नहीं है। ब्रह्माण्ड के विस्तार की संभावनाएं थीं, लेकिन यह भविष्यवाणी की तुलना में बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वे जितने अधिक आंकड़े एकत्र करते हैं, उतने ही अधिक विश्लेषणों से पता चलता है कि अन्य आकाशगंगाएं हमारी आकाशगंगा (मिल्की वे) से तेजी से दूर जा रही हैं। नासा वैज्ञानिक अभी इस अविश्वसनीय-सी ब्रह्मांडीय घटना के कारण का पता नहीं लगा पाय हैं। हम अब तक जानते हैं कि ब्रह्मांड पदार्थ से भरा है और गुरुत्वाकर्षण की आकर्षक शक्ति उस सभी पदार्थ को एक साथ खींचती है। पृथ्वी के त्वरण को जो प्रभावित करता है उसे डार्क एनर्जी कहा जाता है लेकिन हम नहीं जानते कि यह इसे कैसे प्रभावित करता है। **ब्रह्माण्ड की गुत्थियों को सुलझाता मन :** ब्रह्माण्ड के विस्तार की व्याख्या अभी भी एक रहस्य बनी हुई है। हम जानते हैं कि ब्रह्मांड का लगभग 68त्न हिस्सा डार्क एनर्जी है। पृथ्वी पर सब कुछ ब्रह्मांड का केवल 5त्न से भी कम है। हम इतने छोटे अंश हैं ब्रह्मांड की इस ऊर्जा का! हबल स्पेस टेलीस्कोप तकनीक ने नासा को ब्रह्मांड को समझने की प्रगति में बहुत सहायता की है। यह शक्तिशाली उपकरण सितारों की बीच की दूरियों को माप सकता है और यह पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर मिशन स्तर पर काम कर रहा है कि हमारा ब्रह्मांड कितनी तेजी से विस्तार ले रहा है। हबल स्पेस टेलिस्कॉप तकनीक से मिली जानकारी के बाद वैज्ञानिकों का विश्लेषण है कि ब्रह्मांड एक समान दर से विस्तार नहीं ले रहा है। **वैज्ञानिक माइलपोस्ट मार्केट्स नामक स्थान व समय पर शोध कर रहे हैं :** वैज्ञानिक वर्तमान में माइलपोस्ट मार्केट्स नामक स्थान और समय के एक सेट पर इस अद्भुत घटना का अध्ययन कर रहे हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस के एडम रीस का मानना है कि ये माप अब पहले से कहीं अधिक सटीक हो रहे हैं। उनका कहना है: आपको टेलीस्कोप व कॉस्मिक मील मार्करों के स्वर्ण मानक से ब्रह्मांड के लिए विस्तार दर का सबसे सटीक माप मिल रहा है। अब तक हम जानते हैं कि हबल डेटा के आधार पर ब्रह्मांड में कुछ अविश्वसनीय चल रहा है। ब्रह्मांड की शुरूआत कैसे हुई और इसकी उत्पत्ति कहां से हुई, इसका अध्ययन अभी भी एक रहस्य है। हालाँकि, इसके विस्तार के सिद्धांत द बिग बैंग इवेंट से पहले के हैं। इस सिद्धांत ने दावा किया कि ब्रह्मांड का विस्तार उच्च घनत्व और तापमान की प्रारंभिक अवस्था से हुआ। यह तब तक फैलता रहा जब तक कि यह उस बड़े पैमाने पर नहीं पहुंच गया जिसे हम आज जानते हैं। एडविन पी हबल और जॉर्जेस लेमैत्रे द्वारा मापन के कारण 1920 के आसपास इसका कितना विस्तार हुआ और कितनी तेजी से शुरू हुआ, इसका अध्ययन किया गया। उन्होंने पाया कि हमारे आस-पास की आकाशगंगाएं स्थिर नहीं हैं, वरन हमसे दूर जा रही हैं। हमने तब से बहुत अधिक ज्ञान एकत्र किया है लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। **समय यात्रा की ओर एक ऊंची छलांग :** हबल यह पता लगाने में सक्षम रहा है कि हमारे आस-पास की आकाशगंगाएं असमान बढ़ती गति से आगे बढ़ रही थीं। एक आकाशगंगा पृथ्वी से जितनी दूर थी, उतनी ही तेजी से वह दूर जा रही थी। अभी के लिए वैज्ञानिक इस घटना को समझने और इस विस्तार की दर को मापने की कोशिश कर रहे हैं। वे देख सकते हैं कि ब्रह्मांडीय विस्तार की गति भविष्यवाणी की तुलना में बहुत तेज है। तकनीकी सहायता से, अपेक्षित 67.5 (प्लस या माइनस 0.5) किलोमीटर प्रति सेकंड प्रति मेगापार्सेक के बजाय, प्रेक्षणों ने 73 (प्लस या माइनस 1) किलोमीटर प्रति सेकंड प्रति मेगापार्सेक नोट किया है गया।

■ **डॉ. वीर सिंह**

## इंदिरा गांधी की शहादत से उपजे सबक

अक्तूबर महीने की अंतिम तारीख व देश की तीसरी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 38वीं बरसी भी। हर हादसा महज गहरा घाव पीछे नहीं छोड़ जाता, बल्कि कुछ सबक भी सिखा जाता है। इस जघन्य कांड के तीन प्रमुख सबक क्या हैं? इस सवाल का जवाब ढूढ़ने के लिए आपको 38 साल पीछे लौटना होगा। इंदिरा गांधी की हत्या उनके आवास पर उन्हीं के सुरक्षाकर्मियों द्वारा कर दी गई थी। 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के बाद से खुफिया ब्यूरो (आईबी) और रिसर्च ऐंड एनालिसिस विंग (रॉ) को लगातार इनपुट मिल रहे थे कि सीमा पार से आईएसआई के आला अधिकारी इंदिरा गांधी को रास्ते से हटाने की साजिशें रच रहे हैं। यही वजह थी कि प्रधानमंत्री के आवास और कार्यालय की किलेबंदी में दिल्ली पुलिस के साथ केंद्रीय बलों के जवानों को तैनात कर दिया गया था। प्रधानमंत्री की इस सुरक्षा-व्यवस्था की नियमित समीक्षा होती और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी भी इनमें हिस्सा लेते। उन्हीं दिनों 'रॉ' को जानकारी मिली कि सुरक्षा चक्र के अंदरूनी घेरे में तैनात दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर बेअंत सिंह ने कुछ दिनों पहले अमृत छका है और उसकी मुलाकातें संदिग्ध लोगों से हो रही हैं। जीते जी किंवदंती बन चुके 'रॉ' के आर एन काव उन दिनों इंदिरा गांधी के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार हुआ करते थे। बांग्लादेश के स्वाधीनता संग्राम की शुरूआत के पूर्व ही काव ने इंदिरा गांधी को वहां पनप रहे असंतोष की सटीक जानकारी दे दी थी। वह न केवल मुक्तिवाहिनी के वास्तुकारों में एक थे, बल्कि सैन्य रणनीति के निर्धारण में भी उनका खासा दखल था। 1971 की उस जंग में भारत की ऐतिहासिक विजय ने 1962 में चीन युद्ध के आघात से उबरने का मौका मुहैया कराया था। हमारा राष्ट्रीय गौरव नये शिखर पर प्रतिष्ठापित हो रहा था। यही वजह है कि प्रधानमंत्री उन पर काफी भरोसा करती थीं। काव ने बेअंत के संदेहास्पद होने की ताकीद की थी। इसी आधार पर उसका तबादला दिल्ली पुलिस की सशस्त्र इकाई में कर दिया गया था। कहते हैं कि इंदिरा गांधी उसे बेहद पसंद करती थीं और 'सरदार जी' कहकर पुकारती थीं। उनकी दखल पर वह कुछ दिनों में वापस लौट आया। 31 अक्तूबर की उस काली सुबह प्रधानमंत्री पर सबसे पहले उसी ने गोली चलाई। केहर और सतवंत सिंह ने उसका साथ दिया। कुछ देर बाद बेअंत को 'रहस्यमय' कारणों से गोली मार दी गई। प्रधानमंत्री की हत्या के षड्यंत्र का वही मुख्य मोहरा था। उसका बयान कई तथ्यों को उजागर कर सकता था। सनसनीखेज हत्याकांड से सबक लेकर राजीव गांधी सरकार ने प्रधानमंत्री और उनके परिजनों की सुरक्षा के लिए अलग विशेषाधिकार प्राप्त एजेंसी की स्थापना की। उसका नाम- 'स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप' यानी एसपीजी रखा गया। एसपीजी आज तक प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। नियमों के अनुसार, खुद प्रधानमंत्री अपने सुरक्षाकर्मियों व कार्यकारी चिकित्सक के बिना आवास नहीं छोड़ सकते।

■ **शशि शेखर**

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्याय:

एक समय स्वप्नमें भगवती जगदम्बाने उन उत्तम स्त्रियोंके पास पहुँचकर कहा- तुमलोगोंसे किसीकी जंघासे एक पुरुष उत्पन्न होगा। मेरा अंशभूत वही शक्तिमान पुरुष तुमलोगोंका कार्य सिद्ध करेगा। ऐसा कहकर पराम्बा भगवती अन्तर्धान हो गया ॥ 7-8 ॥

जागनेपर वे सभी स्त्रियाँ बहुत प्रसन्न हुई। उनमेंसे किसी चतुर कामिनी स्त्रीने जो भयसे त्रस्त थी; वंशवृद्धिहेतु अपनी एक जंघा गर्भ धारण किया ॥ 9 ॥

जब उन हैहय क्षत्रियोंने व्याकुल तथा तेजयुक्त उस स्त्रीको भागती हुई देखा तब वे उसके पीछे पड़े ॥ 10 ॥

यह गर्भ धारण करके वेगपूर्वक भागी जा रही है, इसे पकड़ लो और मार डालो-इस प्रकार कहते हुए हाथमें तलवार लेकर वे उस स्त्रीके पास पहुँच गये ॥ 11 ॥

भयसे घबरायी हुई वह स्त्री अपने समीप आये हुए उन क्षत्रियोंको देखकर रोने लगी और पुनः गर्भरक्षा के लिये भयसे विह्वल होकर जोर-जोरसे विलाप करने लगी ॥ 12 ॥

तब दयनीय दशावाली, प्राणहीन-सी प्रतीत हो रही, आश्रयहीन, क्षत्रियोंसे पीडित होनेके कारण क्रन्दन करती हुई, सिंहके द्वारा पकड़ी गयी गर्भवती हिरनीके समान प्रतीत होनेवाली, आँसूभरे नेत्रोंवाली तथा थर-थर काँपती हुई माताका रुदन सुनकर वह सुन्दर गर्भस्थ बालक कुपित होकर अपने तेजसे क्षत्रियोंकी नेत्र - ज्योतिका हरण करता हुआ जंघाका भेदन करके दूसरे सूर्यकी भाँति शीघ्र ही बाहर निकल आया ॥ 13-15 ॥

उस बालककी ओर देखते ही वे सभी दृष्टिहीन हो गये। तत्पश्चात वे क्षत्रिय जन्मान्धकी भाँति पर्वतकी गुफाओंमें इधर-उधर भटकने लगे। सभी क्षत्रिय मनमें विचार करने लगे कि इस समय यह क्या हो गया है कि हम सभी लोग बालकको देखनेमात्रसे चक्षुहीन हो गये। ऐसा प्रतीत होता है कि इसी ब्राह्मणीका यह प्रभाव है; क्योंकि सतीव्रत एक महान बल है। अमोध संकल्पवाली दुःखित स्त्रियों क्षणभर में न जाने क्या कर डालेंगी! ॥ 16-18 ॥

ऐसा मनमें सोचकर नेत्रहीन, निराश्रय तथा चेतना रहित हैहयवंशी क्षत्रिय उस ब्राह्मणीको शरणमें गये और उन्होंने भयसे त्रस्त उस स्त्रीको दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया। वे श्रेष्ठ क्षत्रिय अपनी नेत्रज्योतिके लिये इस भयाकुल ब्राह्मणीसे कहने लगे ॥ 19-20 ॥

हे सुभगे। हे माता। हम सब आपके सेवक हैं। अब आप हमारे ऊपर प्रसन्न हो जाइये। हे रम्भोरु! पाप बुद्धिवाले हम क्षत्रियोंने अपराध किया है। हे तन्वंगि ! इसीलिये आपको देखते ही हम सब चक्षुविहीन हो गये। हे भामिनि । जन्मसे अन्धे व्यक्तिकी भाँति हम आपका मुखदर्शन कर पाने में समर्थ नहीं हैं।

- क्रमशः

## परदे का सम्मोहन

किसी भी व्यक्ति के संस्कार व चरित्र निर्माण की नींव बाल्यावस्था में ही पड़ जाती है। एक बच्चा अपनी उम्र की आरंभिक अवस्था में जैसा देखता-सुनता और पढ़ता है, उसी से उसका व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य निर्धारित होता है। बच्चों के मासूम चेहरे देश के सुंदर भविष्य के द्योतक होते हैं। इसलिए देश के भविष्य को सुंदर और सुखद बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। व्यक्तित्व निर्माण में अच्छे साहित्य का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। माता-पिता और गुरु के बाद पुस्तकें और अच्छा साहित्य ही व्यक्ति का श्रेष्ठ मार्गदर्शक होता है। पहले दादा-दादी, नाना-नानी व घर के अन्य बुजुर्गों द्वारा बच्चों को देवी-देवताओं, राजा-महाराजाओं, पशु-पक्षियों और अन्य पौराणिक-ऐतिहासिक चरित्रों को आधार बनाकर सुनाई जाने वाली कथा-कहानियां शिक्षा का एक अहम अंग हुआ करती थीं जो मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के बौद्धिक, नैतिक और मानसिक विकास में सहायक बनती थीं। बाद में बाल साहित्य ने भी इसमें जगह बना ली। हममें से कई लोग और हमारे पहले और बाद की पीढ़ी के भी कई लोगों ने स्वस्थ बाल साहित्य से काफी कुछ सीखा है। कथा-कहानियों की कई बाल-पत्रिकाएं और चित्रकथा या कामिक्स पढ़कर हमें धर्म, विज्ञान, इतिहास और अन्य कई विषयों की जानकारी प्राप्त हुई और कई पौराणिक व ऐतिहासिक चरित्रों के बारे में जानने-समझने का अवसर मिला। जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विनय, विवेक, दया, परोपकार, सत्य, सदाचार और अहिंसा जैसे-जैसे उदात्त नैतिक मूल्यों, गुणों, आदर्शों और सिद्धांतों का महत्त्व पता चला और ये हमारे व्यक्तित्व निर्माण या विकास में अत्यंत सहायक बने। प्राचीन काल के ऋषि-मुनि, धर्मग्रंथकार और नीति निर्धारणकर्ता अत्यंत दूरद्रष्टा थे, जिन्होंने इंसान के मनोविज्ञान को समझकर ही धर्म और नीति के अनुकूल संदेश उन तक पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों का सृजन किया। पिछले कुछ समय से स्कूली शिक्षा में जो नवाचार प्रक्रिया अपनाई जाने लगी है, उनमें भी बच्चों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों को एक माध्यम बनाया रहा है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को शिक्षा देने के तरीके मनोरंजक होने चाहिए। मनोचिकित्सकों के अनुसार किसी भी बात को मनोरंजन के जरिये बच्चों के मस्तिष्क में आसानी से पहुंचाया जा सकता है। चित्रकथा इसका अधिक बेहतर माध्यम हो सकती है। बच्चों को चित्रों के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, उसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर स्थायी छाप छोड़ता है। चित्रकथा देखने-पढ़ने के बाद बालक को अर्थ ग्रहण करने की ऐसी किसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा कि उसे किसी कहानी-कथा को सुनने या पढ़ने के बाद उसका अर्थ ग्रहण करने के दौरान गुजरना पड़ता है। इस दृष्टि से बोलते चित्रों का महत्त्व काफी बढ़ जाता है। यह विडंबना ही है कि आज का बच्चा टेलीविजन और वीडियो गेम की चकाचौंध में गुम होकर रह गया है। स्वस्थ बाल साहित्य से उनका दूर-दूर तक का नाता नजर नहीं आता। टेलीविजन का छोटा परदा हो या मोबाइल, बच्चों के स्वस्थ विकास में सहायक होने के बजाय सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने वाले माध्यम बन कर रह गये हैं। वर्तमान में छोटे परदे के अधिकांश कार्यक्रम या एनिमेशन फिल्में बच्चों में हिंसा, द्वेष और वैमनस्यता के भाव पैदा कर रही हैं और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर आघात पहुंचा रही हैं, जिससे कई सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकृतियां फैल रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इनमें मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कोई जगह नजर नहीं आती। यही वजह है कि हमारे देश में बाल अपराधों की संख्या का ग्राफ दिनोंदिन ऊंचा उठता जा रहा है। हिंसा के साथ-साथ छोटे पर्दे और मोबाइल पर वीडियो फिल्मों आदि में प्रसारित अश्लीलता के ज्वार से किशोरावस्था में पहुंच चुके या पहुंच रहे बच्चों के कोमल मन गहरे से प्रभावित हो रहे हैं और उनकी मानसिकता और संवेदना दूषित हो रही है। यह अश्लीलता और अन्य यौन गतिविधियां उन्हें न केवल लुभाने लगी है, बल्कि कच्ची उम्र में ही वयस्कता के अनुभवों से लैस करने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में किशोरवय बच्चों द्वारा सहपाठी या फिर अन्य मासूम बच्चियों से बलात्कार की घटनाएं भी बढ़ी हैं। ठीक इसी तरह नशे की प्रवृत्ति का विकास हो रहा है और कोमल पौधे पनपने से पहले मुरझा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को टेलीविजन और मोबाइल के जरिये फैलाये जा रहे ऐसे सांस्कृतिक प्रदूषण से बचाने के लिए शिक्षाप्रद बाल साहित्य से जोड़ा जाना नितांत अनिवार्य है। इस विषय में गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

■ **योगेंद्र माथुर**

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## सड़कों पर ध्यान से चलें

आरात में दस बजे के बाद मुख्य सड़कों पर कई वाहन गुजरते हैं। इनमें छोटे-मोटे वाहनों के अलावे कई बड़े ट्रक भी होते हैं। इन वाहनों में हाइवा इन सड़को पर कुछ ज्यादा ही तेज चलते दिखाई देते हैं। यह एक साथ छह-सात या उससे ज्यादा की संख्या में चलते हैं। इनकी तेज गति के कारण छोटे व दो पहिया वाहनों को चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। वहीं कई ट्रक चालक अपना वाहन काफी सावधानी के साथ चलाते हैं, जिनसे किसी को कोई खतरा महसूस नहीं होता है। रात में चलने वाले छोटे वाहन किसी जरूरी कार्य से ही निकलते हैं। अगर वे रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो जाये तो मुश्किल हो सकती है। लेकिन, रात में पेट्रालिंग वाहन के चलने के कारण शहरी क्षेत्र में लोगों को काफी महसूस हुई है। पेट्रालिंग वाहन को देखकर वाहन चालकों व अन्य लोगों को काफी हिम्मत मिलती है।, ऐसे में हाइवा की तेज चाल के कारण सड़क गड्ढो के पास दुर्घटना का संभावना बनी रहती है। ज्ञात हो कि दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से रात में हाइवा की गति पर रोक लगाने का अनुरोध प्रशासन से करता हूं।

■ **रमन कुमार, मेदिनीनगर।**

## तोड़ना होगा अमानवीय साजिशों का मकड़जाल

देश में विकृतियां परोसने का दौर शुरू हो गया है। इस दौर के पीछे विदेशों से आने वाले अर्थ का प्रलोभन, विलासता की आकांक्षा और सम्पत्ति जुटाने की हवस है। अनावश्यक बातों को तूल देकर सुर्खियां बटोरने का फैशन चल निकला है। कहीं फोटो पर विवाद तो कहीं निजिता पर प्रहार। कहीं जीवन जीने की शैली पर प्रश्न चिन्ह तो कहीं आस्था के आयामों से हत्याओं का दौर। कहीं संकीर्ण मानसिकता का परचम तो कहीं स्वार्थ पूर्ति हेतु षडयंत्र। वर्तमान में ऐसे अनगिनत कारक देश की दिशा और दशा को पतन के गर्त में ले जा रहे हैं। इन सब के पीछे सोचा-समझा षडयंत्र और राष्ट्र विरोधी ताकतें सतत काम कर रहीं हैं। इस पूरे ताने-बाने में वे लोग शामिल हैं जो सम्पत्ति, सम्मान और संसाधन की चरम सीमा पर स्वयं का नाम लिखा देखना चाहते हैं। राजनीति का चेहरा निरंतर कुरूप होता जा रहा है। अपना का लाभ, अपनों का लाभ और अपनी पार्टी का लाभ जैसे तीन सूत्रीय आदर्श वाक्य अधिकांश दलों के अन्दर अप्रत्यक्ष में तूफानी गति पकड़ चुके हैं। सीमित समय के लिए सत्ता के माध्यम से समाज सेवा हेतु सदनों में पहुंचने हेतु ताकतवर लोगों में होड लगी है। सत्ता सुख के सीमित समय को असीमित और असीमित को परिवार हेतु स्थाई बनाने वाले जहां एक ओर अपने मतदाताओं के साथ खुलेआम धोखा करते देखे जा रहे हैं वहीं पार्टी से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं को थोडे में ही उलझाये रखना उनकी फिरत बन चुकी हैं। स्वयं का वर्चस्व, परिवारजनों का रुतवा और खास सिपाहसालारों का आतंक बढाने वाले खद्दरधारियों ने स्वयं को देश का कर्णधार स्थापित कर लिया है। विभाग की बारिकियों से अनभिग्य लोगों के हाथों में विभाग की व्यवस्था आते ही अधिकारियों के पौ-बारह होने लगते हैं। जटिल कानूनों की मनमानी व्याख्याओं को हथियार के तौर पर उपयोग कर-के सरकारी महकमों के स्थाई कारिन्दे खजाने का माल व्यक्तिगत तिजोरियों में भरने में लग जाते हैं। जनप्रतिनिधि तो आयाराम-गयाराम है, उनकी भागीदारी तो केवल संवैधानिक औपचारिकताओं की अस्थाई पूर्ति के लिए ही होती है। इसी अस्थाई औपचारिकताओं की पूर्ति करने वाले स्वयं को स्थाई बनाने की जुगाड में तल्लीन हो जाते हैं। चुनावी माहौल में मुफ्तखोरी की घोषणायें, अनुदान की सूची और सुविधाओं का सब्जबाग दिखाने वाले नेताओं ने आज तक आम आवाम के सामने कभी भी सरकार के आय के संसाधनों और खर्चों को नियंत्रित करने का खाका पेश नहीं किया। विकास तो तब होगा जब सरकारी आय बढ़ेगी और आय भी तभी बढेगी जब उत्पादन, बिक्री और शुल्कों की राशि ईमानदारी से जमा होगी। सरकारी महकमों में कर्तव्यों के प्रति समर्पण, अनुशासन और राष्ट्र भक्ति होगी। अधिकांश स्थानों पर सरकारी ढांचे को राजशाही की तरह चलाने वाले लोगों की भीड़ जमा है। व्यक्तिगत तुष्टिकरण के लिए पदों के दुरुपयोगों की घटनायें आम हो गईं है। चोर की शिकायत डकैत से करने की लोकोक्ति का व्यवहारिक स्वरूप सामने आ रहा है। चुनावी घोषणाओं में बेतहाशा वेतन पाने वाले सरकारी तंत्र की सुविधाओं में कटौती, टैक्स चोरों पर नकेल और वास्तविक मजदूर-किसानों तक न पहुंचने वाली सरकारी योजनाओं के दोषियों पर दण्डात्मक कार्यवाही की बात किसी भी दल के मुख से नहीं निकल रही है। न्यूनतम 6 हजार से लेकर अधिकतम 15 हजार रुपये में जीवन यापन होने की धरातली स्थिति में भी सरकारी मुलाजिमों पर पचासों हजार की सरकारी राशि लुटाई जा रही है। बिना अवरोध के भारी भरकम रुपये तनख्वाय पाने वालों से दैनिक कार्य आख्या मांगी ही नहीं जाती। वे प्रतिदिन कितने बजे आते हैं, इसे अंकित करने के लिए तो औपचारिक व्यवस्था है परन्तु वे पूरे दिन में क्या और कितना काम करते हैं, इसके व्यवहारिक स्वरूप की जानकारी लेने वाली कोई भी व्यवस्था नहीं है। राजनैतिक पार्टियों के घोषणा पत्रों में अव्यवस्थाओं, मनमानियों और मक्कारी पर लगान लगाने वाले बिन्दु आते ही नहीं है। जहां कांग्रेस का परिवारवाद अब पर्दे के पीछे से सियासती समीकरण बैठाकर असंतुष्टों को बटोरने के साथ-साथ यात्राओं के माध्यम से देश के विकास का सपना देख रहा है वहीं सरकारी तंत्र की बारीकियों के जानकार आम आदमी पार्टी के आलाकमान ने मतदाताओं की सब्जबाग देखने की नस को दबाना शुरू कर दिया है।

■ **डा. रवीन्द्र अरजरिया**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं:** BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# एचआर से है मीटिंग तो इन बातों का रखें ध्यान

जरूरी नहीं है कि कंपनी की हर नीति के साथ आप सहज हो। अगर आपको लगता है कि आपको कंपनी की नीतियों के साथ कुछ समस्याएं हैं और वे आपके काम को प्रभावित कर रहे हैं तो उन्हें एचआर के साथ संवाद करें। किसी भी कंपनी का एचआर नियोक्ता और प्रबंधक के बीच एक मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। किसी भी व्यक्ति का किसी कंपनी में ज्वॉइन होना या ना होना उस कंपनी के एचआर डिपार्टमेंट पर निर्भर करता है। इतना ही नहीं, किसी कर्मचारी के नियुक्त होने के बाद भी उसके प्रदर्शन पर एचआर की नजर रहती है। इसलिए यह जरूरी है कि आप एचआर टीम के साथ मीटिंग करते हुए कई छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें।





## शब्दों पर दें ध्यान

जब भी आप एचआर से मिलते हैं तो ऐसे में जरूरी है कि आप अपने शब्दों का चयन बेहद ही सावधानीपूर्वक करें। किसी भी शब्द या वाक्य को कहने से पहले जरा रूक कर एक बार अवश्य सोचें। ऐसा कुछ न कहें जो आपके एचआर को आपके बारे में नकारात्मक धारणा बनाने के लिए मजबूर करे। यह निश्चित रूप से लंबे समय में आपकी नौकरी को प्रभावित करेगा।

## कंपनी के बारे में अपनी धारणा के बारे में खुला न रहें

जरूरी नहीं है कि कंपनी की हर नीति के साथ आप सहज हो। अगर आपको लगता है कि आपको कंपनी की नीतियों के साथ कुछ समस्याएं हैं और वे आपके काम को प्रभावित कर रहे हैं तो उन्हें एचआर के साथ संवाद करें। लेकिन अगर ऐसे मुद्दों में केवल विचारों का अंतर हैं तो एचआर को कभी भी इस बारे में ना कहें। इससे आपकी नेगेटिव इमेज बन सकती है और इसका असर आपकी ग्रोथ पर भी दिखाई दे सकता है।

## लॉन्ग टर्म प्लॉन ना करें डिस्कस

यदि आप अपनी कंपनी को अलविदा कहने की योजना बना रहे हैं तो कभी भी किसी को इसके बारे में तब तक न बताएं, जब तक कि आपका दूसरी कंपनी में सलेक्शन नहीं हो जाता है। अगर एचआर से किसी को आपकी दूसरी नौकरी की तलाश करने की योजना के बारे में पता है, तो वे आपको अपने किसी भी प्रोजेक्ट में भागीदार नहीं बनाएंगे। हो सकता है कि आपका नई जगह पर सलेक्शन ना हो और इस कंपनी में भी आपकी छवि प्रभावित हो।

## उन्हें अपनी पार्ट-टाइम जॉब के बारे में न बताएं

बहुत से लोग हैं जो ज्यादा पैसा कमाने के लिए कुछ पार्ट टाइम जॉब करते हैं। यदि आप उनमें से हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपकी कंपनी के एचआर को इसकी जानकारी नहीं है। अगर आपका सीनियर मैनेजर आपको कॉल करता है तो उसे अपनी पार्ट टाइम जॉब के बारे में बताने का मतलब है कि आप अपनी वर्तमान जॉब से असंतुष्ट है। ऐसे में कंपनी एचआर आपको अपने एक राय कायम कर लेगा, जो यकीनन आपके हित में नहीं होगा।

❖ मिताली जैन

# अंग्रेजी भाषा पर पकड़ बनाने के लिए अपनाएं ये टिप्स



दिसंबर के महीने में होने वाली क्लैट परीक्षा के लिए कुछ ही समय शेष बचा है। क्लैट के लिए तैयारी करने के लिए उम्मीदवारों को जरुरी है कि हर विषय की अहमियत समझते हुए उसकी तैयारी करें। आमतौर पर अंग्रेजी युवा बोलते हैं, मगर परीक्षा के लिए भी इसकी अलग से तैयारी करना महत्वपूर्ण है। देश भर के राष्ट्रीय विधि संस्थानों में एडमिशन लेने के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट का आयोजन दिसंबर में किया जाएगा। कंसोर्टियम आफ नेशनल ला यूनिवर्सिटीज की तरफ से क्लैट 2023 का आयोजन होगा। इस वर्ष क्लैट में शामिल होने के लिए उम्मीदवार 13 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट consortiumofnlus.ac.in पर जाकर आवेदन करना होगा। जानकारी के मुताबिक परीक्षा का आयोजन 18 दिसंबर को किया जाएगा।

## क्लैट परीक्षा में पुछे जाने वाले प्रश्न

क्लैट परीक्षा में आमतौर पर 150 मल्टिपल च्वाइस प्रश्न पूछे जाते है। उम्मीदवार द्वारा गलत जवाब देने की दृष्टि में एक चौथाई अंक काटा जाता है। परीक्षा की अवधि दो घंटे की होती है। इसमें अंग्रेजी, करेंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान, लीगल रीजनिंग, तार्किक तर्क, मात्रात्मक तकनीक से प्रश्न पूछे जाते है।

## ऐसे करें अंग्रेजी की तैयारी

वैसे तो क्लैट के लिए हर विषय की तैयारी करना जरूरी होता है। मगर इंग्लिश लैंग्वेज पर अधिक ध्यान देना जरूरी होता है। इंग्लिश लैंग्वेज पर पकड़ बनाने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवार नियमित रूप से उपन्यास, अंग्रेजी समाचार पत्र आदि पढ़ने की आदत डालें। अखबार पढ़ने से भाषा के साथ सामान्य ज्ञान पर भी पकड़ मजबूत होती है।

अंग्रेजी पर पकड़ बनाने के लिए इसके सिलेबस पर ध्यान देना चाहिए। अंग्रेजी में 450 शब्दों का अनुच्छेद दिया जाता है, जिसके आधार पर प्रश्न पूछे जाते है। इन प्रश्नों से उम्मीदवार की समझ और भाषा कौशल की जांच होती है। अनुच्छेद के जरिए ही उम्मीदवार की तर्क शक्ति को परखा जाता है। इसके साथ ही अनुच्छेद का सारांश, तुलनात्मक जवाब, वाक्यांशों और शब्दों का अर्थ समझना भी अहम होता है। इन प्रश्नों के उत्तर तभी उम्मीदवार दे सकता है जब उसके बेसिक क्लीयर हो।

गौरतलब है कि क्लैट क्लीयर करने के लिए अंग्रेजी भाषा काफी अहम मानी जाती है। परीक्षा की तैयारी करने के दौरान उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि वो सिलेबस और प्रश्नों के प्रकार के अनुरूप तैयारी करें। इसमें वाक्य सुधार, रिक्त स्थान भरें, वाक्य व्यवस्था, मुहावरे, वाक्यांश, वर्तनी आदि संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने की प्रैक्टिस करनी चाहिए।

## व्याकरण पर बनाएं मजबूत पकड़

अंग्रेजी के पेपर में अधिक अंक हासिल करने के लिए व्याकरण पर पकड़ मजबूत होना आवश्यक है। अंग्रेजी की मूल बातों का भी ध्यान होना जरूरी है। अंग्रेजी के डाउट्स क्लियर होने से पेपर को क्लीयर करना काफी आसान हो जाता है। इससे उम्मीदवार का काफी समय भी बचता है।

## नए शब्दों को भी सीखें

अंग्रजी के पेपर को क्लीयर करने के लिए जरूरी है कि नए शब्दों को सीखने पर जोर दें। विलोम, मुहावरे, पर्यायवाची, विदेशी भाषा के शब्द आदि को भी समझें और उन्हें अपनी बोलचाल में उपयोग करना शुरू करें। इनसे संबंधित स्किल एक्सरसाइज करें। वहीं अंग्रेजी सुधारने के लिए सिर्फ एक अच्छी पुस्तक पर केंद्रित रहें। अधिक पुस्तकों का रेफरेंस लेकर पढ़ने में समय बर्बाद ना करें।

## इन टिप्स का रखें ध्यान

परीक्षा की तैयारी करने से पहले मजबूत रणनीति बनाएं। इस रणनीति के आधार पर पेपर करने की समय सीमा तय करें। रणनीति तय करते समय ध्यान रखें कि अपने पॉजिटिव और नेगेटिव पहलुओं को पहचानें। तैयारी करते समय जिन विषयों को पढ़ने में परेशानी आती है उन्हें अधिक समय दें। आसान विषयों को नजरअंदाज ना करें।



# एसबीआई क्लर्क मेन एग्जाम : ऐसे करें परीक्षा की तैयारी

बैंकिंग क्षेत्र में नौकरी करने की इच्छा रखने वाले युवाओं का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में नियुक्ति पाने का सपना होता है। कड़ी मेहनत और दमदार रणनीति के साथ अगर तैयारी की जाए तो एसबीआई क्लर्क मेन परीक्षा को निकालना भी काफी आसान हो जाता है। बता दें कि इस एक कठिन परीक्षा के तौर पर देखा जाता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में नियुक्ति पाने के उद्देश्य से क्लर्क परीक्षा को कठिन परीक्षा के तौर पर माना जाता है। इस परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवार सही रणनीति और कड़ी मेहनत के साथ परीक्षा की तैयारी करें और इसमें सफलता हासिल करें।

**ऐसी होती है परीक्षा :** एसबीआई की परीक्षा में कुल चार विभाग होते है। इसमें जनरल या फाइनेंशियल अवेयरनेस, जनरल अंग्रेजी, क्वांटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग एलिबिटी एंड कंप्यूटर एप्टीट्यूड के विषयों पर सवाल आते है। क्लर्क की मुख्य परीक्षा 200 अंकों की होगी। कुल 2 घंटे 40 मिनट की अवधि की परीक्षा में उम्मीदवार से 190 सवाल पुछे जाते है। इसमें जनरल अंग्रेजी के 40 अंक, क्वांटेटिव एप्टीट्यूड के 50 अंक, रीजनिंग एलिबिटी एंड कंप्यूटर एप्टीट्यूड 50 अंक और जनरल या फाइनेंशियल अवेयरनेस के 50 अंक होते है। वहीं उम्मीदवार द्वारा हर गलत जवाब देने पर नेगेटिव मार्किंग की जाती है। हर गलत जवाब के लिए एक चौथाई अंक काटे जाते है। हर विभाग के लिए उम्मीदवार को सीमित समय सीमा ही दी जाती है जिसमें सवालों को हल करना होता है।

**ऐसे करें तैयारी :** तैयारी करने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवार परीक्षा पैटर्न और सिलेबस को पूरी तरह से समझे। पैटर्न के साथ ही हर सेक्शन के संबंध में जानना भी जरूरी है क्योंकि इससे तैयारी करने में आसानी होती है। तैयारी करने के दौरान सिलेबस की पूर्ण समझ होना जरूरी होता है जिससे तैयारी करने में अव्यवस्थित स्थिति नहीं होती है।

**मॉक टेस्ट देकर करें प्रैक्टिस :** परीक्षा में सफलता पाने के लिए तैयारी और रणनीति जितनी अधिक महत्वपूर्ण होती है उतना ही महत्वपूर्ण मॉक टेस्ट के जरिए तैयारी करना भी होता है। मॉक टेस्ट देने से उम्मीदवार को असल परीक्षा देने का अनुभव मिलता है। मॉक टेस्ट देने से उम्मीदवारों को कई लाभ होते है। उम्मीदवार कम समय में अधिक सवाल हल करने के लिए सटीक तरीके से प्रश्न हल करने के तैयारी कर सकते है। इससे उम्मीदवारों की स्पीड बढ़ती है। लगातार मॉक टेस्ट देने की प्रैक्टिस करने से समय सीमा में पेपर करने और डेड लाइन प्रेशर दूर करने में मदद मिलती है। उम्मीदवार खुद का मूल्यांकन सही तरीके से कर सकते है। इससे परीक्षा के कमजोर और मजबूत पहलू की जानकारी आसानी से मिल जाती है।

**तैयारी करते समय इस बात का रखें ध्यान :** तैयारी के दौरान इस बात का ध्यान रखना जरूरी होता है कि अगर किसी टॉपिक की तैयारी करने के दौरान कोई समस्या आए तो उसे छोड़ें नहीं। इस समस्या का हल ढूंढे। तैयारी के दौरान किसी भी विषय पर डाउट हो तो उसे जरूर क्लियर करें।

❖ रितिका कमठान

# हड्डी फ्रैक्चर के प्रभावी उपचार के आकलन की नई तकनीक

शोधकर्ताओं का कहना है कि विभिन्न फ्रैक्चर निर्धारण रणनीतियों के उपचार परिणामों का आकलन करने के लिए इस तकनीक का उपयोग हो सकता है। इससे रोगी के विशिष्ट शारीरिक गठन और फ्रैक्चर प्रकार के आधार पर इष्टतम रणनीति का चयन किया जा सकता है।

भारतीय शोधकताओं ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके आधार पर इस बात का आकलन किया जा सकेगा कि जांघ की हड्डी का फ्रैक्चर सर्जरी के बाद किस प्रकार और किस सीमा तक ठीक हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिमुलेशन मॉडल पर आधारित यह तकनीक सर्जरी के बाद जाँघ की हड्डी के फ्रैक्चर में हो रहे सुधार का आकलन करने में उपयोगी हो सकती है। इसके साथ-साथ यह तकनीक सर्जन को फ्रैक्चर उपचार के लिए आवश्यक सर्जरी से पहले सही इम्प्लांट या तकनीक चुनने में भी मदद कर सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि विभिन्न फ्रैक्चर निर्धारण रणनीतियों के उपचार परिणामों का आकलन करने के लिए इस तकनीक का उपयोग हो सकता है। इससे रोगी के विशिष्ट शारीरिक गठन और फ्रैक्चर प्रकार के आधार पर इष्टतम रणनीति का चयन किया जा सकता है। यह अध्ययन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के शोधकर्ताओ द्वारा किया गया है। यह अध्ययन, आथोर्पेडिक्स में सटीक और प्रभावी निर्णय लेने की दर में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिससे फ्रैक्चर रिकवरी से जुड़ी लागत और बीमारी का बोझ कम करने में मदद मिल सकती है।

विभिन्न उपचार विधियों के बाद फ्रैक्चर रिकवरी की प्रक्रिया को समझने के लिए शोधकर्ताओं ने परिमित तत्व विश्लेषण, एआई टूल और फजी लॉजिक के संयोजन का उपयोग किया है। इसके लिए विशिष्ट सिमुलेशन के साथ-साथ अस्थि-विकास मापदंडों का उपयोग किया गया है। फ्रैक्चर उपचार क्षमता की तुलना के लिए हड्डियों को स्थिरता प्रदान करने वाले स्क्रू आधारित तंत्र के प्रभाव की पड़ताल भी की गई है। शोधकताओं का कहना है कि टूटी हड्डियों में सुधार के संबंध में एआई मॉडल के आकलन प्रयोगात्मक अवलोकन के अनुरूप पाये गए हैं, जो इसकी विश्वसनीयता को दशार्ते हैं।

आईआईटी गुवाहाटी के वक्तव्य में बताया गया है कि इस तरह के सटीक मॉडल का उपयोग उपचार के समय को कम कर सकता है, और उन रोगियों के लिए आर्थिक बोझ और दर्द को कम कर सकता है, जिन्हें जांघ के फ्रैक्चर के उपचार की आवश्यकता होती है। विभिन्न जैविक और रोगी-विशिष्ट मापदंडों के अलावा, यह एआई मॉडल; धूम्रपान और मधुमेह जैसे नैदानिक घटकों को भी आकलन प्रक्रिया में शामिल कर सकता है। यह तकनीक पशुओं में भी फ्रैक्चर के उपचार लिए अनुकूलित की जा सकती है। आईआईटी गुवाहाटी के डिपार्टमेंट ऑफ बायोसाइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सौप्तिक चंदा और उनके शोध छात्र प्रतीक नाग का यह अध्ययन शोध पत्रिका प्लॉस वन में प्रकाशित किया गया है। डॉ सौप्तिक चंदा बताते हैं कि 'जटिल जैविक घटनाओं को समझने और उनका आकलन करने में एआई प्रभावी रूप से सक्षम है, और इसीलिए, स्वास्थ्य विज्ञान अनुप्रयोगों में यह तकनीक एक बड़ी भूमिका निभा सकती है।' उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी के साथ दुनियाभर में जाँघ की हड्डी और कूल्हे के फ्रैक्चर की घटनाएं बढ़ी हैं। अकेले भारत में हर साल अनुमानित दो लाख हिप फ्रैक्चर होते हैं, जिनमें से अधिकांश को अस्पताल में भर्ती होने और ट्रॉमा केयर की आवश्यकता होती है। फ्रैक्चर उपचार विधियों को सर्जन अपने अनुभव के आधार पर चुनते हैं। जबकि, चुनी गई उपचार पद्धति की प्रभावकारिता और सफलता के आकलन का कोई तरीका उपलब्ध नहीं है।

शोधकर्ताओं की योजना इस एल्गोरिदम के आधार पर एक सॉफ्टवेयर/ऐप विकसित करने की है, जिसका उपयोग अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में उनके फ्रैक्चर उपचार प्रोटोकॉल के हिस्से के रूप में किया जा सकता है। पशुओं पर अध्ययन के जरिये मापदंडों में सुधार के लिए शोधकर्ता पूर्वोत्तर इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान अस्पताल, शिलांग के डॉ. भास्कर बोरगोहेन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञों की उनकी टीम के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।



**शोधकर्ताओं का कहना है कि विभिन्न फ्रैक्चर निर्धारण रणनीतियों के उपचार परिणामों का आकलन करने के लिए इस तकनीक का उपयोग हो सकता है। इससे रोगी के विशिष्ट शारीरिक गठन और फ्रैक्चर प्रकार के आधार पर इष्टतम रणनीति का चयन किया जा सकता है। यह अध्ययन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के शोधकर्ताओ द्वारा किया गया है। यह अध्ययन, आथोर्पेडिक्स में सटीक और प्रभावी निर्णय लेने की दर में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिससे फ्रैक्चर रिकवरी से जुड़ी लागत और बीमारी का बोझ कम करने में मदद मिल सकती है।**

# देना है जेईई एग्जाम तो अंतिम एक महीने में ऐसे करें रिवीजन

इंजीनियरिंग की एंट्रेंस परीक्षा पास करने के लिए छात्र काफी समय पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर देते है। इस परीक्षा को पास करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद ही कुछ चुनिंदा छात्रों का जेईई परीक्षा क्लीयर कर टॉप कॉलेज में एडमिशन लेने का सपना पूरा होता है। इंजीनियरिंग विषय में बैचलर डिग्री हासिल करने के लिए 12वीं कक्षा के बाद छात्रों को जेईई परीक्षा देनी होती है। इस परीक्षा का आयोजन हर वर्ष नेशनल टेस्टिंग एजेंसी करती है। इस वर्ष परीक्षा का आयोजन आईआईटी बॉम्बे द्वारा किया गया है। जेईई मेन परीक्षा को लेकर आमतौर पर छात्रों को काफी टेंशन होती है। ये परीक्षा उन चुनिंदा परीक्षाओं में शामिल है जो क्लीयर करना हर छात्र के लिए आसान नहीं होता है। जेईई परीक्षा के लिए वैसे तो काफी लंबे समय से ही छात्र तैयारी शुरू कर देते है, मगर परीक्षा से सिर्फ एक महीने पहले का समय काफी अहम होता है। इस समय में ये देखना जरूरी होता है कि परीक्षा की तैयारी करने के दौरान रिवीजन करने से कोई टॉपिक ना रह जाए।

## परीक्षा देने जाने से पूर्व इन बातों का रखें ख्याल

अगर आपको भी परीक्षा देनी है तो इसके लिए अंतिम एक महीने में परीक्षा की तैयारी करने और रिवीजन करने के लिए खास रणनीति अपनानी पड़ती है। इन टिप्स के जरिए छात्रों को तैयारी करने में मदद मिलेगी।

- जेईई परीक्षा की तैयारी करते हुए एकाग्र रहते हुए पढ़ाई करें। परीक्षा होने से एक महीने पूर्व के समय में छात्रों के लिए जरूरी है कि वो अपना नजरिया सकारात्मक रखें। खुद को शांत रखते हुए तैयारी करने से सफलता मिलना आसान होता है।
- मॉक टेस्ट और पूर्व वर्षों के पेपर जरुर सॉल्व करें क्योंकि ये टाइम मैनेजमेंट में मददगार होता है। इससे समय सीमा तय करने में भी मदद मिलती है।
- परीक्षा देने से पहले अधिक से अधिक सैंपल पेपर सॉल्व करें। सैंपल पेपर के जरिए छात्र एग्जाम पैटर्न को भी समझ सकते है।
- जेईई परीक्षा में सफलता पाने के लिए कम समय में अधिक सवाल सही तरीके से सॉल्व करने की कोशिश करें। हालांकि ध्यान रखना जरूरी है कि स्पीड में इजाफा करने के लिए गलतियां ना करें क्योंकि ऐसा करना भारी पड़ सकता है।
- लगातार हो रही पढ़ाई के दौरान बीच में समय समय पर ब्रेक भी लें। ऐसा करने से दिमाग फ्रेश होता है और अधिक एक्टिव होकर काम करता है। थोड़े अंतराल पर ब्रेक लेने से दिमाग पढ़ते हुए बोर नहीं होता है।
- सैंपल पेपर में हुई गलतियों के जरिए अपने परफॉर्मेंस का विश्लेषण भी करें। ये कदम अच्छे अंक लाने में मददगार साबित होगा। कमजोरियों पर काबू पाने के लिए ये तरीका लाभदायक हो सकता है।
- हर विषय पर को अहमियत दें और सभी को समय दें। किसी भी विषय को नजरअंदाज ना करें।
- तैयारी करने के साथ रिवीजन के समय भी एनसीईआरटी पुस्तकों की मदद लें। ये ही जेईई मेन और एडवांस का आधार होती है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते है। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। भागदौड़ बढ़ेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**वृष राशि :** नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन राशि :** पारिवारिक जीवन सुखमय तो रहेगा, परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा।

**कर्क राशि :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। धार्मिक कार्यों में भागदौड़ बढ़ सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :** बातचीत में संयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**कन्या राशि :** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में सुधार के लिए पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनः स्थिति रहेगी।

**तुला राशि :** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते है।

**वृश्चिक राशि :** संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें।

**धनु राशि :** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ राशि :** व्यर्थ के क्रोध से बचे। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के मनोभाव रहेंगे।

## न्यूज गैलरी

### पटरी पर लौटी अर्थव्यवस्था: 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा जीएसटी कलेक्शन




दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने अक्टूबर महीने के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी कर दिए हैं। अक्टूबर माह में जीएसटी कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह दूसरी बार है जब जीएसटी कलेक्शन के 1.5 लाख करोड़ रुपये के स्तर के पार पहुंचा है। इससे पहले अप्रैल 2022 में जीएसटी कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचा था। वित्त मंत्रालय के अनुसार यह लगातार आठवां महीना है जब जीएसटी कलेक्शन 1.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। अक्टूबर 2022 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1,51,718 करोड़ रुपये था। अक्टूबर में सीजीएसटी का आंकड़ा 26,039 करोड़ रुपये था। वहीं, स्टेट गुड सर्विसेज टैक्स यानी एसजीएसटी 33,396 करोड़, आईजीएसटी 81,778 करोड़ और उपकर 10,505 करोड़ था। वहीं पिछले वर्ष यानी अक्टूबर 2021 में जीएसटी कलेक्शन 1,30,127 करोड़ रुपये था। जबकि सितंबर 2022 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1,47,686 करोड़ रुपये रहा। यह एक साल पहले के मुकाबले 26 प्रतिशत ज्यादा है।

### खरीदारी के चलते सेंसेक्स में आई 350 अंकों की तेजी, निफ्टी भी उछला



नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार में खरीदारी के चलते कारोबार में तेजी देखी जा रही है। आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स मजबूत हुए हें। सेंसेक्स में 350 अंकों की तेजी है, जबकि निफ्टी भी 18100 अंकों के स्तर के पार कारोबार कर रहा है। आज कारोबार में लगभग हर प्रमुख सेक्टर में खरीदारी देखने को मिल रही है। सिर्फ निफ्टी पर मेटल इंडेक्स लाल निशान में है। बैंक, फाइनेंशियल, आईटी और फार्मा शेयरों में अच्छा एक्शन दिख रहा है। निफ्टी पर ऑटो, रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स भी हरे निशान में हैं। फिलहाल सेंसेक्स में 349 अंकों की तेजी है और यह 61,095 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि निफ्टी 100 अंक बढ़कर 18112 के लेवल पर ट्रेड कर रहा है। आज के कारोबार में हैवीवेट शेयरों में खरीदारी दिखाई दे रही है। वहीं सेंसेक्स 30 के 28 शेयर हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं आज के कारोबार में प्रमुख एशियाई शेयर बाजारों में भी खरीदारी देखने को मिल रही है। वहीं इसके पहले अमेरिकी बाजारों में सोमवार को कमजोरी देखने को मिली।

### रखरखाव के मुद्दे, इंजन में खामियों के कारण ठप खड़े हैं 75 विमान: रिपोर्ट

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय विमानन कंपनियों के 75 से अधिक विमान रखरखाव और इंजन से संबंधित मुद्दों के कारण वर्तमान में ठप खड़े है। विमानन क्षेत्र की सलाहकार कंपनी सीएपीए (कापा) की मंगलवार को जारी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। कापा की रिपोर्ट ह्यभारत मध्यावधि परिदृश्य-2023 में कहा गया है कि ये विमान रखरखाव और इंजन से संबंधित खामियों के कारण बंद पड़े हैं। इन विमानों की संख्या भारतीय बेड़े का लगभग 10 से 12 प्रतिशत है और दूसरी छमाही में इनका वित्तीय नतीजों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में 75 से अधिक विमान खड़े हैं। ये विमान पहले से ही प्रतिकूल लागत के चलते गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान और भविष्य की आपूर्ति को प्रभावित करने वाली गंभीर आपूर्ति श्रृंखला के कारण क्षमता प्रभावित हुई है। अप्रैल, 2023 से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष में इन मुद्दों के बढ़ने की संभावना है, जो भविष्य में आपूर्ति को प्रभावित करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले साल पायलटों और इंजीनियरों की कमी जैसे गैर-आपूर्ति के मुद्दे भी उद्योग के लिए चुनौती पैदा कर सकते है।

# देश में अक्टूबर में बिजली खपत मामूली बढ़त के साथ 114.64 अरब यूनिट पर पहुंचा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बिजली की खपत अक्टूबर में एक साल पहले की तुलना में 1.64 प्रतिशत बढ़कर 114.64 अरब यूनिट हो गई। एक सरकारी आंकड़े में यह जानकारी दी गई। इस महीने अप्रत्याशित ढंग से भारी बारिश होने से तापमान में कमी आने से बिजली की जरूरत कम पड़ी। इस वजह से अक्टूबर में बिजली की मांग अपेक्षाकृत सुस्त रफ्तार से बढ़ी। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में देश के उत्तरी राज्यों में ठंड बढ़ने से बिजली की मांग में तेजी आएगी। सर्दियों के मौसम में घरों को गर्म करने और रबी फसल सत्र में आर्थिक गतिविधियों में सुधार होने से एक बार फिर बिजली की खपत बढ़ेगी। दरअसल, फसलों की बुवाई एवं सिंचाई के लिए किसान ट्यूबवेल का इस्तेमाल करते हैं जिसके लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर, 2022 में बिजली की खपत 114.64 अरब यूनिट रही जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 112.79 अरब यूनिट थी। वहीं अक्टूबर, 2020 में 109.17 अरब यूनिट बिजली की खपत हुई थी। इस महीने में एक दिन की सबसे ज्यादा बिजली आपूर्ति 186.90 गीगावॉट रही। एक साल पहले यह 174.44 गीगावॉट रही थी। जानकारों का कहना है कि अक्टूबर के महीने में बिजली की खपत में मामूली बढ़त होने को आर्थिक गतिविधियों में नरमी का संकेत नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खपत में आंशिक वृद्धि की वजह अक्टूबर में कई दिनों तक देश के कई इलाकों में लगातार बारिश होने से तापमान में नरमी रही जिससे लोगों को बिजली-चालित उपकरणों की जरूरत कम पड़ी।

## टाटा स्टील के दूसरी तिमाही के समेकित लाभ में 90 प्रतिशत की आई गिरावट



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इस्पात बाजार की दिग्गज कंपनी टाटा स्टील ने 2022-23 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर, 2022) में समेकित रूप से 59,878 की आय के साथ 1,297 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

कंपनी के सोमवार को जारी तिमाही नतीजों के अनुसार वैश्विक बाजार की चुनौतियों के बीच बढ़ते खर्च के कारण दूसरी तिमाही के उसके समेकित शुद्ध लाभ में एक साल पहले की तुलना में 90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 12,547.70 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बाजार को दी गयी सूचना में कहा है कि जुलाई-सितंबर 2022 के दौरान इसकी कुल आय भी हल्की घट कर 60,206.78 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 60,657.98 करोड़ रुपये थी। इस दौरान उसका कुल खर्च पहले के 47,239.63 करोड़ रुपये से बढ़कर 57,684.09 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की विज्ञप्ति में बताया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत में उसका कारोबार 34,114 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी अवधि के 34,324 करोड़ रुपये से थोड़ा कम है। इस दौरान भारत के कारोबार में उसका शुद्ध लाभ एक साल पहले के 8,843 करोड़ रुपये की जगह 1,993 करोड़ रुपये रहा। दूसरी तिमाही के अंत में कंपनी पर 71,753 करोड़ रुपये का शुद्ध कर्ज था। यह कर्ज उसकी परिचालन आय के 1.37 गुना रहा। कंपनी का कर्ज और शेयर पूंजी का अनुपात 0.63 है।

## मुंबई में मकानों की रजिस्ट्री दस माह में एक लाख के पार : नाइट फ्रैंक




**मुंबई (एजेंसी)।** रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की विगत सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार बृहन्मुबई महानगर की सीमा में त्योहारों में नए मकानों की रजिस्ट्री में जोरदार तेजी रही। रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष अक्टूबर में 8,276 अचल सम्पत्तियों /मकानों की बिक्री का पंजीकरण कराया गया। इससे राज्य सरकार को 705 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व के मिला जो इस मद में पिछले वर्ष अक्टूबर में मिले राजस्व से 53 प्रतिशत ऊंचा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022 में जनवरी से अक्टूबर की अवधि में पिछले पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक अचल संपत्ति का बिक्री- बैनामा ( पंजीकरण) किया गया और इस साल पहली बार पहले 10 महीनों के भीतर महानगर में रियल एस्टेट बिक्री पंजीकरण 100,000 की संख्या को पार किया। रिपोर्ट के अनुसार 2020 के बाद दिवाली के महीने की इस बार 10 साल की दूसरी सबसे अच्छी बिक्री हुई। 2020 में रजिस्ट्री कराने वालों को दिवाली के बाद स्टांप ड्यूटी में कटौती का फायदा हुआ था। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिवाली के त्योहार ने मुंबई के संपत्ति बाजार में उत्साह का संचार किया है। लगातार प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद बाजार मजबूत बना हुआ है। नाइट फ्रैंक के अनुसार आवास की लागत मेट्रो उपकर के चलते स्टाम्प शुल्क में 1 प्रतिशत की वृद्धि, निर्माण के संसाधनों की लागत से निपटने के लिए मकानों की कीमत बढाए जाने और रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दर रेपो दर में 1.90 प्रतिशत की बढ़ोतरी के कारण आवास कर्ज महंगा होने बढ़ी है। रिपोर्ट के अुनसार इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मकान अभी लोगों की सामर्थ्य के अंदर बने हुए हैं और त्योहारी सीजन में इसका सकारात्मक प्रभाव दिखा है।

### मारुति सुजुकी की कुल बिक्री अक्टूबर में 21 प्रतिशत बढ़कर 1,67,520 इकाई हुई

**नयी दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने मंगलवार को बताया कि अक्टूबर में उसकी कुल बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 1,67,520 इकाई हो गई। नयी दिल्ली, एक नवंबर (भाषा) मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने मंगलवार को बताया कि अक्टूबर में उसकी कुल बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 1,67,520 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में कुल 1,38,335 इकाइयां बेची थीं। अक्टूबर में यात्री वाहनों की कुल घरेलू बिक्री 1,47,072 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 26 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले इसी महीने में घरेलू यात्री वाहनों की कुल घरेलू बिक्री 1,17,013 इकाई थी। अक्टूबर 2021 में 'मिनी सेगमेंट' में कारों की बिक्री बढ़कर 24,936 इकाई हो गई। इस खंड में ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसे मॉडल शामिल हैं।

## स्पाइसेस बोर्ड ऑफ इंडिया के लिए बड़ी इलायची का ई-मार्केटप्लेस स्थापित करने के लिए एमजंक्शन ने किया नई श्रेणी में प्रवेश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारत की सबसे बड़ी बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी, एमजंक्शन सर्विसेस लिमिटेड, खाद्यान्न, चाय और दालों के बाद अब कृषि-वस्तुओं के क्षेत्र में अगला कदम रखने जा रही है। इस हेतु कंपनी का उद्देश्य, स्पाइसेस बोर्ड ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए बड़ी इलायची का ई-मार्केटप्लेस स्थापित करके कृषि-वस्तुओं के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करना है। स्पाइसेस बोर्ड द्वारा जारी लाइसेंस के रूप में, एमजंक्शन समूचे भारत में खरीदारों को अपने प्लेटफॉर्म पर बड़ी इलायची की ई-बिक्री की सुविधा प्रदान करेगा। यह पहली बार ही होगा, जब बड़ी इलायची का बतौर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विक्रय किया जाएगा, जो संबंधित क्षेत्र में डिजिटलीकरण और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। इस ई-सेलिंग प्रोजेक्ट को विगत सप्ताह नागालैंड के दीमापुर में भारतीय मसाला बोर्ड द्वारा आयोजित एक सेमिनार में औपचारिक तौर पर लॉन्च किया गया था। इसके साथ ही, जल्द ही पहले ऑनलाइन इवेंट का आयोजन फेक, नागालैंड की एक किसान-उत्पादक कंपनी (एफपीसी) के लिए किया जाएगा। विनय वर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर, एमजंक्शन ने कहा, स्पाइसेस बोर्ड की इस महत्वपूर्ण डिजिटलीकरण पहल का हिस्सा बनकर हम बेहद खुश हैं। वास्तव में, हम अपने प्लेटफॉर्म का विस्तार अन्य एफपीसी में भी करने की योजना बना रहे हैं, जिससे कि बड़ी मात्रा में खरीदार, हमारी पारदर्शी और कुशल प्रक्रियाओं का लाभ ले सकें। श्री डी साथियान, सेक्रेटरी, स्पाइसेस बोर्ड, आईएफएस ने कहा, इस प्लेटफॉर्म से हमें उम्मीद है कि बेहतर मूल्य हासिल करने के साथ ही ग्राहकों में गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### सितंबर तिमाही में सोने की मांग 14 प्रतिशत बढ़कर 191.7 टन रही: डब्ल्यूजीसी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत में सोने की मांग कोविड-19 महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच चुकी है और जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 14 प्रतिशत की दर से बढ़कर 191.7 टन हो गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की तरफ से जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत में सोने की मांग सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ गई। एक साल पहले की समान तिमाही में सोने की मांग 168 टन रही थी। अगर मूल्य के संदर्भ में देखें, तो भारत में सोने की मांग इस तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 19 प्रतिशत बढ़कर 85,010 करोड़ रुपये की हो गई। जुलाई-सितंबर, 2021 की तिमाही में भारत में 71,630 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की मांग रही थी। डब्ल्यूजीसी के भारतीय क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सोमसुंदरम पी आर ने पीटीआई-भाषा से कहा कि सितंबर तिमाही के आंकड़े भारत में सोने की मांग कोविड-पूर्व स्तर पर पहुंच जाने की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में भारत में मांग उम्मीद से बेहतर रही और उपभोक्ताओं की दिलचस्पी भी बढ़ी। इस बीच, जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की कुल आभूषण मांग 17 प्रतिशत बढ़कर 146.2 टन हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 125.1 टन रही थी।

## देश में वार्षिक बिक्री में महिंद्रा ट्रैक्टर सबसे आगे

◆ट्रैक्टर जंक्शन के संस्थापक रजत गुप्ता ने कहा, किसान अब अपने प्रयोग या उपयोग के आधार पर ट्रैक्टर खरीद रहे हैं। चूंकि भारत के अधिकांश किसानों के पास 2-3 हेक्टेयर से कम भूमि है, 40-50 एचपी ट्रैक्टरों का सेगमेंट उच्च कर्षण दिख रहा है।



**जयपुर (एजेंसी)।** देश में 40-50 हॉर्स पावर (एचपी) वाले ट्रैक्टरों की बिक्री सबसे अधिक है जिसमें महिंद्रा एंड महिंद्रा 575 - 47 एचपी उच्चतम कर्षण और बिक्री को लेकर सूची में सबसे ऊपर है। किसानों के लिए अग्रणी डिजिटल बाजार ट्रैक्टर जंक्शन ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि ट्रैक्टरों के शीर्ष 10 मॉडलों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक बिकने वाला ट्रैक्टर रहा है जिसने हर सेगमेंट और विभिन्न विशिष्टताओं में प्रस्ताव प्रदान किया है। सूची के अनुसार दूसरे नंबर पर मैसी फर्गुसन 241 डीआई महा शक्ति (42 एचपी) और तीसरे स्थान पर स्वराज 744 एफई (48 एचपी) रहा। इसके बाद फार्मट्रैक 60 पावरमैक्स (55एचपी), महिंद्रा 475 डीआई एक्सपी प्लस (44 एचपी), जॉन डियर 5310 (55 एचपी), पावरट्रैक यूरो 50 (50 एचपी), न्यू हौलैंड 3230 एनएक्स (42 एचपी), कुबोटा एमयू4501 2 डब्ल्यूडी (45 एचपी), स्वराज 735 एफई (39 एचपी) और मैसी फर्गुसन 1035 डीआई (39 एचपी) है। ट्रैक्टर जंक्शन के संस्थापक रजत गुप्ता ने कहा, किसान अब अपने प्रयोग या उपयोग के आधार पर ट्रैक्टर खरीद रहे हैं। चूंकि भारत के अधिकांश किसानों के पास 2-3 हेक्टेयर से कम भूमि है, 40-50 एचपी ट्रैक्टरों का सेगमेंट उच्च कर्षण दिख रहा है। ट्रैक्टरों का यह सेगमेंट जुताई और उपज के काम के लिए योग्य है। 40-50 एचपी सेगमेंट में ट्रैक्टर विविध गैर-कृषि अनुप्रयोगों के लिए सबसे उपयुक्त हैं। इस प्रकार यह एक किसान को अपने आय स्रोतों में विविधता लाने और पैसों के लिए उच्चतम मूल्य प्रदान करता है। ट्रैक्टर जंक्शन पोर्टल पर बीते तीन महीनों में सबसे अधिक महिंद्रा ट्रैक्टर को 72,942 बार देख गया जबकि दूसरे ब्रांड जॉन डियर को 63,251, सोनालिका ट्रैक्टर 56,283 और स्वराज को 55,958 बार तलाशा गया।

## त्योहारी सीजन की वजह से अक्टूबर में पेट्रोल डीजल की मांग चार माह के उच्चस्तर पर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में त्योहारी सीजन के चलते पेट्रोल और डीजल की बिक्री अक्टूबर माह में चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। उद्योग के शुरूआती आंकड़ों से मंगलवार को यह जानकारी मिली है। आकड़ों के अनुसार, पेट्रोल की बिक्री अक्टूबर में 12.1 प्रतिशत बढ़कर 27.8 लाख टन रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 24.8 लाख टन थी। अक्टूबर, 2020 की तुलना में बिक्री 16.6 प्रतिशत अधिक और महामारी पूर्व यानी अक्टूबर- 2019 की तुलना में 21.4 प्रतिशत अधिक रही। सितंबर, 2022 में माह-दर-माह आधार पर इस ईंधन की मांग 1.9 प्रतिशत घटी थी। वहीं मासिक आधार पर अक्टूबर में मांग 4.8 प्रतिशत अधिक रही। वहीं देश में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले ईंधन डीजल की बिक्री पिछले महीने 12 प्रतिशत बढ़कर 65.7 लाख टन हो गई। अक्टूबर, 2020 की तुलना में डीजल की खपत 6.5 प्रतिशत अधिक रही जबकि अक्टूबर, 2019 की तुलना में यह 13.6 प्रतिशत अधिक है। अगस्त में माह-दर-माह आधार पर डीजल की मांग जुलाई की तुलना में करीब पांच प्रतिशत घटी थी। वहीं अक्टूबर में माह-दर-माह आधार पर डीजल की मांग 9.7 प्रतिशत बढ़ी। अक्टूबर में पेट्रोल और डीजल की बिक्री जून के बाद सबसे अधिक रही। उद्योग के सूत्रों ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में विस्तारित मानसून की समाप्ति और कृषि गतिविधियों में तेजी से डीजल की मांग में वृद्धि हुई है।

# चीनी उत्पादन अक्टूबर में14.73% घटकर 4.05 लाख टन पर आ गयी



◀◀ उत्तर प्रदेश और बाकी गन्ना उत्पादक राज्यों में गन्ना पेराई का काम एक हफ्ते में शुरू हो जाएगा। अक्टूबर तक महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन कम यानी 80,000 टन का हुआ।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया में चीनी के प्रमुख उत्पादक देश भारत में चीनी का उत्पादन विपणन सत्र 2022-23 के पहले महीने में सालाना आधार पर 14.73 प्रतिशत घटकर 4.05 लाख टन रह गया। सहकारी संस्था एनएफसीएसएफएल के सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। चीनी मिलों ने चिपणन सत्र 2021-22 के अक्टूबर के दौरान 4.75 लाख टन चीनी का उत्पादन किया था। चीनी विपणन सत्र अक्टूबर से लेकर सितंबर तक चलता है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (एनएफसीएसएफएल) ने विपणन सत्र 2022-23 के लिए चीनी का उत्पादन 3.6 करोड़ टन होने का अनुमान लगाया है। एनएफसीएसएफएल के अनुसार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का नया सत्र शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश और बाकी गन्ना उत्पादक राज्यों में गन्ना पेराई का काम एक हफ्ते में शुरू हो जाएगा। आंकड़ों के अनुसार, चालू सत्र के अक्टूबर तक महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन कम यानी 80,000 टन का हुआ जो साल भर पहले की समान अवधि में 1.40 लाख टन था। इसी तरह, कर्नाटक में चीनी का उत्पादन 2.80 लाख टन का ही हुआ, जो एक साल पहले की समान अवधि के 3.10 लाख टन से कम है। हालांकि, तमिलनाडु में चीनी का उत्पादन इस सत्र में अक्टूबर महीने तक अधिक यानी 45,000 टन रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25,000 टन था। अक्टूबर के दौरान लगभग 134 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 160 मिलें पेराई काम में जुटी थीं। विपणन सत्र 2021-22 में चीनी का उत्पादन तीन करोड़ 59.2 लाख टन था। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक देश के शीर्ष तीन चीनी उत्पादक राज्य हैं।

### 585 में अपने ही शेयर वापस खरीदेगी कंपनी निवेशकों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** हाल के वर्षों में शेयर मार्केट ने जो कुछ मल्टीबैगर स्टॉक प्रोड्यूस किए हैं उसमें एसपी एप्रेल्स एक है। कंपनी के शेयर का भाव 70 रुपये से बढ़कर 360 रुपये के लेवल पर जा पहुंचा है। यानी बीते दो साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 400 प्रतिशत के करीब उछाल देखने को मिली है। अब कंपनी 60 प्रतिशत के प्रीमियम पर अपने शेयर खरीदने जा रही है। मार्केट के शब्दों में कहें तो कंपनी बायबैक करने जा रही है। स्मॉल कैप कंपनी के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स ने 585 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बाय-बैक की मंजूरी दी है। यानी मौजूदा शेयर प्राइस के हिसाब से देखे तों योग्य निवेशकों को प्रति शेयर 60 प्रतिशत का फायदा होगा। बता दें. इस साल कंपनी के शेयरों की कीमतों में 16.34 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली है।

## बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि सितंबर 2022 में रही 7.9 प्रतिशत

◀◀ सितंबर 2022 में कोयला उत्पादन में पिछले साल की इसी माह की तुलना में 12.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इस वित्त वर्ष की अप्रैल से सितंबर 2022 की अवधि में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 21.0 प्रतिशत ऊंचा रहा।



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में लोहा, कोयला, बिजली सहित आठ प्रमुख उद्योगों के संयुक्त उत्पादन सितंबर 2022 में सालाना आधार पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इन उद्योगों में उत्पादन के प्रारंभिक आंकड़ों के आधार पर सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि सितंबर 2022 में सीमेंट, कोयला, उर्वरक, बिजली, स्टील और रिफाइनरी उत्पाद उद्योगों का उत्पादन एक साल पहले इसी माह की तुलना में ऊंचा रहा। इस दौरान कच्चे तेल और गैर के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी। इन आठ प्रमुख उद्योगों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 40.27 प्रतिशत योगदान है। बयान में कहा, जून 2022 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की वृद्धि दर अंतिम आंकड़ों के आधार पर संशोधित कर पहले प्रारंभिक आंकड़ों पर आधारित 12.7 प्रतिशत की जगह 13.1 प्रतिशत कर दिया है। देश में पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2022-23) के दौरान बुनियादी उद्योगों की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 9.6 प्रतिशत रही। सितंबर 2022 में कोयला उत्पादन में पिछले साल की इसी माह की तुलना में 12.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इस वित्त वर्ष की अप्रैल से सितंबर 2022 की अवधि में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 21.0 प्रतिशत ऊंचा रहा। कच्चे तेल का उत्पादन सितंबर, 2022 में एक साल पहले से 2.3 प्रतिशत कम रहा।





# एलओसी पर स्थित केबल पुल के जरिये भारत पाक के बीच की खाई पाटने की है संभावना



**श्रीनगर (एजेंसी)।** भारत के सीमावर्ती गांव टीटवाल और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को अलग करने वाली नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर स्थित एक केबल पुल के बीचोंबीच एक स्पष्ट सफेद रंग की रेखा खींची गयी है। यह पुल युद्धों और भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती वाले क्षेत्र में इतिहास के उतार-चढ़ाव भरे दौर का गवाह रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले साल फरवरी में संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद से यहां शांति और स्थिरता लौटी है। इस गांव के रहने वाले कई लोग अब यह अपील कर रहे हैं कि आवाजाही और दोनों ओर के लोगों के दिलों को जोड़ने के लिए किशनगंगा नदी पर स्थित क्रॉसिंग प्वाइंट को फिर से खोल दिया जाये। इस पुल का निर्माण तत्कालीन जम्मू-कश्मीर रियासत में 1931 में किया गया था और यह 1947 में हुए भारत-पाक विभाजन तथा इसके कारण हुए विस्थापन की त्रासदी का गवाह रहा है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धों का गवाह रहा है और इसने पिछले 75 वर्षों से दोनों देशों के बीच तेजी से बदलते संबंधों को देखा है। किशनगंगा नदी पर लकड़ी का बना 160 फुट लंबा यह केबल पुल एलओसी के दोनों ओर आने जाने वाला चौथा बिंदु (क्रॉसिंग प्वाइंट) है। किशनगंगा को पाकिस्तान में नीलम नदी के नाम से जाना जाता है। पुल को आधिकारिक रूप से चिलेहना टीटवाल क्रॉसिंग प्वाइंट (सीटीसीपी) के नाम से जाना जाता है।

# तमिलनाडु में भारी बारिश तेज हवाओं का भी अलर्ट

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के चेन्नई शहर में मंगलवार को पिछले 72 सालों में 1 नवम्बर को तीसरी सबसे ज्यादा बारिश हुई। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक एस. बालचंद्रन ने यहां पत्रकारों को बताया कि नुंगमबक्कम शहर में वेधशाला में आठ सेमी बारिश दर्ज की गई। यह 72 सालों में एक नवंबर को शहर में दर्ज की गई तीसरी सबसे अधिक बारिश है। उन्होंने कहा कि आज के दिन शहर में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। वर्ष 1990 में एक नवंबर को 13 सेमी वर्षा हुई थी जबकि 1964 में इसी दिन 11 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। आज की बारिश पिछले तीन दशकों में सबसे अधिक दर्ज की गई। बालचंद्रन ने कहा कि चेन्नई के अलावा तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, वेल्लोर में अगले दो दिनों तक भारी बारिश होने के आसार हैं। विभाग ने मछुआरों को समुद्र से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। इसबीच 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मॉनसून के तमिलनाडु के तट, मन्नार की खाड़ी पर प्रबल होने के आसार हैं।

**चेन्नई में 72 साल में 3री बार इतनी बरसात**



## मुर्मू ने राज्यों के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के लोगों को उनके प्रदेश के स्थापना दिवस पर बधाई दी हैं। श्रीमती मुर्मू ने ट्वीट किया कि आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के लोगों को उनके स्थापना दिवस पर बधाई। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निवासियों की प्रगति और समृद्धि के लिए मेरी शुभकामनाएं।

## शाह ने दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को हरियाणा, मध्यप्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के विकास की कामना की। श्री शाह ने एक ट्वीट श्रृंखला में कहा कि बहादुर जवानों, मेहनतकश किसानों और प्रतिभावान खिलाड़ियों की भूमि हरियाणा के स्थापना दिवस पर प्रदेश के सभी भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं देता हूं।

# मोरबी : घटनास्थल पहुंचे पीएम मोदी अस्पताल गये घायलों का हाल जानने

**मोरबी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मोरबी पहुंचे जहां उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ मोरबी हादसे में घायलों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरबी हादसे के पीड़ितों से मिलने से पहले उन अधिकारियों से मुलाकात की है जिन्होंने कई घंटों तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पीएम की उस मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई हैं। आपको बतां दे कि हाल में मच्छु नदी पर बने एक पुल के टूटने से 150 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इस साल के अंत में होनेवाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के दौरे पर आए मोदी ने इस हादसे में मारे गए लोगों को सोमवार को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले पीएम मोदी अपने संबोधन के दौरान भावुक भी हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में सरकार हर तरह से शोक संतप्त परिवारों के साथ है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मोरबी पहुंचे थे और बचाव अभियान की कमान संभाल रहे हैं।



इस घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने एक समिति गठित की है। बचाव और राहत कार्यों में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। मोरबी तारों के पुल का प्रबंधन करनेवाले ओरेवा समूह के चार कर्मचारियों सहित नौ लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही, जिन कंपनियों को इसके (पुल के) रख-रखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। मच्छु नदी पर स्थित यह केबल पुल रविवार को टूट गया था और इस हादसे में मरनेवाले लोगों की संख्या बढ़ कर सोमवार को 150 से अधिक हो गई। हादसे से पहले की वीडियो क्लिप में यह देखा जा सकता है कि पुल कुछ ही सेकंड के अंदर टूट गया और इस पर मौजूद काफी संख्या में लोग नदी में गिर गये। पुल को व्यापक स्तर पर मरम्मत के बाद पांच दिन पहले ही फिटनेस प्रमाणपत्र के बिना खोल दिया गया था।

# एक मंच पर पीएम के साथ आये तीन राज्यों के सीएम



**जयपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को मंच साझा किया जहां मोदी ने गहलोत को सबसे वरिष्ठ मुख्यमंत्रियों में एक बताया। मोदी बांसवाड़ा के पास मानगढ़ धाम में 'मानगढ़ धाम की गौरव गाथा' कार्यक्रम में भाग लेने आये थे। कार्यक्रम के मंच पर गहलोत के साथ-साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल एवं अन्य नेता भी मौजूद थे। मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि मुख्यमंत्री के नाते अशोक गहलोत जी और हम साथ-साथ काम करते रहे और अशोक जी मुख्यमंत्रियों की जमात में सबसे सीनियर थे.. सबसे सीनियर मुख्यमंत्रियों में हैं और अब भी जो मंच पर बैठे हैं उनमें भी अशोक जी सीनियर मुख्यमंत्रियों में एक हैं। उनका यहां आना, आज कार्यक्रम में उपस्थित रहना.. आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी का मानगढ धाम आना यह हम सबके लिये प्रेरक है सुखद है। उन्होंने कहा कि मानगढ़ धाम राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के लोगों की सांझी विरासत है। इस अवसर पर चौहान ने

■ राजस्थान के मानगढ़ में दिखा अलग ही नजारा

कहा कि हमारे देश को आजादी अंग्रेजों ने चांदी की इस तश्तरी में रखकर भेंट नहीं की, बल्कि हजारो क्रांतिकारी हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर चढ़ गये थे। उन्होंने कहा कि कईयों ने अपनी जिंदगी अंडमान और निकोबार की जेलों में गुजार दी थी और कई ऐसे थे जिन्होंने अपने खून की बूंद से मानगढ़ और भारत की भूमि को पवित्र किया था.. रंगा था तब जाकर यह देश स्वतंत्र हुआ था, लेकिन आजादी के बाद आजादी की लड़ाई का सही इतिहास सचमुच में नहीं पढ़ाया गया और कई शहीद ऐसे थे जिनका बलिदान सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि आजादी के जिन क्रांतिकारियों का नाम सामने नहीं आ पाया उनके बलिदान स्थल पर अगर स्मारक बनाने का फैसला किसी ने किया, तो हमारे प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। पटेल ने कहा कि हमारा आदिवासी समाज एक बलिदानी समाज है तथा राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश के त्रिसंगम पर स्थित यह मानगढ़ हिल हमारे आदिवासी भाई-बहनों की वीरता की अनेक उदाहरणों में से एक है।

# ताइवान में चीन को भारी पड़ेगी कोई भी चालाकी

**कैनबरा (एजेंसी)।** अमेरिका उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में एक एयरबेस पर छह परमाणु-सक्षम बी-52 बॉम्बर्स भेजने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी दस्तावेजों का हवाला देते हुए, स्थानीय ब्रॉडकास्टर एबीसी ने बताया कि वॉशिंगटन ने ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में डार्विन शहर से लगभग 300 किमी (185 मील) दक्षिण में टिंडल एयर बेस पर विमान के लिए समर्पित सुविधाओं के निर्माण के लिए विस्तृत योजना तैयार की थी। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन अमेरिकी वायु सेना ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में बॉम्बर्स तैनात करना हमारे विरोधियों को एक मजबूत संदेश भेजता है। अमेरिका के इस कदम से चीन भड़क गया है। एक्सपर्ट्स ने बताया कि यह कदम चीन के लिए एक चेतावनी है, क्योंकि ऐसी आशंका है कि चीन ताइवान पर आक्रमण कर सकता है। ऐसे में यदि ताइवान में चीन कोई भी चालाकी करने की कोशिश करता है तो फिर अमेरिका इन बॉम्बर्स के जरिये अपनी प्रतिक्रिया दे सकता है। सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी के बेक्का वासेर ने कहा कि चीन की मुख्य भूमि पर संभावित रूप से हमला करनेवाले बॉम्बर्स विमान चीन को एक संकेत भेजने में बहुत महत्वपूर्ण हो सकते हैं यदि चीन ताइवान पर कुछ आगे कार्रवाई करता है तो। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के साथ तनाव ने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया को अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण डिफेंस सेंटर बना दिया है और इस क्षेत्र में अपनी सैन्य संपत्ति को अपग्रेड करने के लिए एक अरब डॉलर खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध है। विमान निर्माता के अनुसार, बोइंग द्वारा डिजाइन और निर्मित बी-52 अमेरिकी की लिस्ट में सबसे अधिक लड़ाकू-सक्षम बॉम्बर्स हैं। लंबी दूरी के भारी बॉम्बर्स अमेरिकी वायु सेना की रीढ़ रहे हैं और परमाणु व पारंपरिक दोनों हथियारों को तैनात करने में सक्षम हैं। एबीसी ने अमेरिकी वायुसेना के हवाले से कहा कि बॉम्बर्स की मेजबानी करने और संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास करने की ऑस्ट्रेलिया की क्षमता दिखाती है कि हमारी दो वायुसेनाएं कितनी एकीकृत हैं।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से फोन पर जो बाइडेन ने खोया आपा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जून के महीने में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से बातचीत के दौरान अपना आपा खो दिया था। यह घटना तब हुई जब उन्होंने अतिरिक्त सैन्य सहयोग की मांग की थी। हालिया मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। एनबीसी न्यूज की एक खबर के मुताबिक अमेरिका की ओर से रूस खिलाफ जंग के में यूक्रेन की सहायता करने का ऐलान किया गया था। इसके बाद से दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच प्रतिदिन मौजूदा हालातों के लेकर बातचीत होती थी। जून में फोन पर बात करते हुए बाइडेन ने जेलेंस्की को बताना ही शुरू किया कि वो एक बिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद कर रहे हैं। इतने में जेलेंस्की ने उनको टोकते हुए ये बताना शुरू कर दिया कि यूक्रेन को और कितनी अतिरिक्त सहायता की जरूरत है। इस दौरान बाइडन ने अपना आपा खो दिया था ओर ऊंची आवाज में अपने यूक्रनी समकक्ष से बात की थी।

# जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने आप के मंत्री सत्येंद्र जैन को दी थी 10 करोड़ प्रोटेक्शन मनी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आयी है। जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन ने जेल में उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2019 में 10 करोड़ रुपये वसूले थे। चंद्रशेखर के वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चंद्रशेखर यहां मंडोली जेल में बंद है और उसने सात अक्टूबर को पत्र लिखा था। चंद्रशेखर के वकील अशोक के सिंह ने आठ अक्टूबर को वह पत्र उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंपा था। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल ने चंद्रशेखर के आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि यह गुजरात में मोरबी पुल ढहने की घटना से ध्यान हटाने की कोशिश है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि चंद्रशेखर को दक्षिणी क्षेत्र में पार्टी में कोई महत्वपूर्ण पद देने और राज्यसभा के लिए नामांकन में मदद के लिए आप को 50 करोड़ रुपये से अधिक दिये गये। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि 2017 में 'दो पत्ती चुनाव चिह्न भ्रष्टाचार मामले' में गिरफ्तारी के बाद उसे तिहाड़ जेल में बंद कर दिया गया था और जैन ने उससे मुलाकात की थी जो उस समय जेल विभाग के भी मंत्री थे। चंद्रशेखर ने यह आरोप भी लगाया है, इसके बाद 2019 में सत्येंद्र जैन और उनके सचिव एवं उनके करीबी दोस्त सुशील ने फिर जेल में मुझसे मुलाकात की, मुझे जेल में सुरक्षित रहने तथा बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए हर महीने दो करोड़ रुपये देने को कहा। पत्र में आगे आरोप लगाया गया है, इस प्रकार सत्येंद्र जैन को कुल 10 करोड़ रुपये और जेल महानिदेशक संदीप गोयल को 12.50 करोड़ रुपये दिये गये। पत्र में यह भी कहा गया है कि चंद्रशेखर ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को यह जानकारी दी थी। इन आरोपों पर गोयल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि जैन अब तिहाड़ में बंद हैं, वह मुझे डीजी जेल और जेल प्रशासन के माध्यम से धमकी दे रहे हैं, मुझे उच्च न्यायालय में दायर शिकायत को वापस लेने के लिए कहा जा रहा है और मुझे गंभीर रूप से परेशान किया जा रहा है।

## एलजी को चिट्ठी लिख किया खुलासा




